नई दिल्ली
गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 29, अंक : 196
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 32
न्यून. 20

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

**पाक को करारा जवाब**
**'ऑपरेशन सिंदूर' की शक्ति की दिखाई झलक**



# जिस राफेल पायलट शिवांगी को पकड़ने का पाकिस्तान ने किया था दावा, उन्हीं के साथ राष्ट्रपति ने 'खिंचवाई तस्वीर'

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंबाला एयर फोर्स बेस से राफेल में उड़ान भरी, लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद वायुसेना स्टेशन पर लौटीं**

## एयरबेस पर मौजूद वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने एक दूसरे विमान मे उड़ान भरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने जिस दौरान पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था, उसी वक्त पाकिस्तान की तरफ से एक दावा हुआ था कि उसने भारत की महिला पायलट को पकड़ लिया है। पाकिस्तान की तरफ से तब इस पायलट का नाम शिवांगी सिंह बताया गया था। हालांकि, भारत ने एक तस्वीर से पाकिस्तान के हर तरह के दावे को पूरी तरह झुठला दिया है। बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राफेल उड़ाने से पहले हरियाणा के अंबाला एयर फोर्स बेस पर उन्हीं शिवांगी सिंह के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और पाकिस्तान के दावों को धराशायी कर ▶▶ शेष पेज 5 पर


शिवांगी सिंह और राष्ट्रपित मुर्मू

### शिवांगी सिंह हैं.. राफेल उड़ाने वाली भारत की पहली महिला पायलट

वाराणसी के फुलवरिया रेलवे क्रासिंग के पास एक सामान्य परिवार में जन्मीं शिवांगी सिंह ने अपने छोटे-से घर से ऊंचे सपने देखे। पिता कुमारेश्वर सिंह, माता सीमा सिंह और तीन भाई-बहनों के इस परिवार में संस्कारों के साथ-साथ देशसेवा की भावना भी गहराई से रची-बसी थी। उनके नाना बीएन सिंह, भारतीय सेना में कर्नल थे। 2015 में शिवांगी ने भारतीय वायुसेना की परीक्षा उत्तीर्ण कर डेढ़ साल तक कठोर प्रशिक्षण लिया। 2017 में उन्हें देश की पहली पांच महिला फाइटर पायलटों की ऐतिहासिक टीम में शामिल किया गया। प्रशिक्षण के बाद ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आसाराम को 6 महीने की अंतरिम जमानत



**जयपुर।** नाबालिग लड़की से रेप के दोषी आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से 6 महीने की अंतरिम जमानत मिल गई है। आसाराम ने 30 अगस्त को जेल में वापस सरेंडर किया था, जिसके कुछ दिन बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी थी। मेडिकल के आधार पर याचिका पर सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने फैसला आसाराम के पक्ष में दिया।

### कारोबारी के ठिकानों पर छापा, 1.2 करोड़ जब्त

**कोलकाता।** ईडी ने दक्षिण कोलकाता के तारातला इलाके में एक व्यवसायी के आवास पर तलाशी अभियान जारी रखा। भारी मात्रा में बेहिसाबी धन जब्त किया। छापेमारी मंगलवार को शुरू हुई और अब तक 1.2 करोड़ रुपए ज़ब्त किए जा चुके हैं, पैसों की गिनती जारी है। भर्ती घोटाले के सिलसिले में कल छापेमारी की।

### चारधाम यात्रा में 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे



**देहरादून।** इस साल मानसून में आपदाओं के कहर से बार-बार प्रभावित होने के बावजूद चारधाम यात्रा में पहुंचने वाले भक्तों की संख्या 50 लाख के पार चली गई। मंगलवार शाम सात बजे तक उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में चार धामों गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ तथा हेमकुंड साहिब में कुल मिलाकर 50 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे।

### भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द, अमेरिकी राष्ट्रपति ने दिए संकेत

# ट्रंप ने पीएम मोदी को बताया शानदार दिखने वाला व्यक्ति...मजबूत आदमी

**दक्षिण कोरिया के एपीईसी सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान**

▶▶ ट्रंप ने बताया कि पीएम मोदी ने उनसे कहा कि हम लड़ते रहेंगे। दो दिन बाद भारत ने अमेरिका को फोन किया और अपने रवैए में नरमी दिखाई

**राहुल ने पीएम को दी नसीहत**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को दक्षिण कोरिया में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन की सीईओ वार्ता में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां उन्होंने अपने भाषण के दौरान भारत से व्यापार समझौते और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र किया। ट्रंप ने उस समय का भी जिक्र किया, जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष चल रहा था और दावा किया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से बातचीत की थी।

ट्रंप ने पीएम मोदी को सबसे शानदार दिखने वाला व्यक्ति करार दिया। साथ ही कहा कि वे फादर की तरह हैं। ट्रंप ने कहा कि पीएम मोदी जबरदस्त हैं। वे काफी मजबूत नेता हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने एक मौके पर उनसे कहा कि हम लड़ते रहेंगे। ट्रंप ने दावा किया कि दो दिन बाद भारत ने अमेरिका को फोन किया और अपने रवैए में नरमी दिखाई। उन्होंने कहा कि यह एक बेहतरीन बात थी। ट्रंप ने भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत ▶▶ शेष पेज 5 पर

**ट्रंप ने दावा किया कि टैरिफ लगाने की धमकी देकर जंग रुकवाई**

ट्रंप ने दावा किया कि हमने युद्ध के दौरान साफ कह दिया था कि भारत-पाक पर 250 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। इसका मतलब है कि आप कभी व्यापार नहीं करेंगे और 48 घंटे के भीतर युद्ध खत्म हो गया


फाइल फोटो

### व्यापार समझौते पर क्या है स्थिति?

**सिर्फ दस्तावेजी भाषा पर सहमति बननी बाकी**

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। दोनों देशों के बीच पिछले कुछ महीनों से चल रही गहन वार्ताओं के बाद अब समझौते का पहला चरण लगभग तय माना जा रहा है। भारत-अमेरिका पहले ट्रांच को अंतिम रूप देने के लिए बहुत करीब हैं, और सिर्फ दस्तावेजी भाषा पर सहमति बननी बाकी है।

### भारत-पाक सीजफायर का पुराना राग अलापा... झड़प में सात नए खूबसूरत विमान गिराए गए

ट्रंप ने एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए कहा कि अगर आप भारत-पाकिस्तान को देखें तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाला हूं और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेहद सम्मान करता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इससे पहले जापान में भी भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का राग अलापा था। पीएम मोदी के साथ अच्छे संबंधों की दुहाई देते-देते, सीजफायर का पुराना राग अलापते-अलापते अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तान के सात विमान गिराने वाले प्रोपेगैंड का भी उल्लेख कर गए। वो प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और हारकर फील्ड मार्शल का ओहदा पा अपनी पीठ खुद ही थप-थपाते घूम रहे पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को भी महान बता गए। ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच हुई झड़प में सात नए खूबसूरत विमान गिराए गए थे।

### डरिए मत मोदी जी, जवाब देने की हिम्मत तो दिखाइए

**राहुल गांधी बोले- ट्रंप हर देश में कर रहे अपमान**



**पटना।** डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी को नसीहत देते हुए उन पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि डोनाल्ड ट्रंप हर देश में पीएम मोदी का अपमान कर रहे हैं। राहुल ने इसी पोस्ट में कहा कि उन्होंने दोबारा कहा कि व्यापार का डर दिखाकर पीएम नरेंद्र मोदी को 'ऑपरेशन सिंदूर' रोकने पर मजबूर किया। उन्होंने यह भी कहा कि 7 विमान गिराए गए थे। राहुल गांधी ने काह- डरिए मत ▶▶ शेष पेज 5 पर

**प्रधान बोले, राहुल गांधी का बयान सनातन संस्कृति के प्रति उनकी घृणा को दर्शाता है**

## भाजपा ने कहा राहुल गांधी माफी मांगे, पीएम पर कांग्रेस नेता की टिप्पणी ने मर्यादा लांघी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री और बिहार चुनाव के लिए भाजपा के प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री मोदी पर राहुल गांधी की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए, केंद्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि राहुल की टिप्पणी सार्वजनिक संवाद में शिष्टाचार के बुनियादी मानदंडों के विरुद्ध है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर की गई इस बेतुकी टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने की भी मांग की। प्रधान ने कहा कि राहुल गांधी को छठ के महापर्व और प्रधानमंत्री मोदी के बारे में इस अपमानजनक और बेहद शर्मनाक बयान के लिए बिहार और देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगनी चाहिए, जो मर्यादा की सभी सीमाओं को लांघता है। ज्ञात हो कि कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा था कि वह वोटों के लिए कुछ भी कर सकते हैं, यहाँ तक कि नाच भी सकते हैं और भाजपा पर बिहार में नीतीश कुमार सरकार को रिमोट कंट्रोल से चलाने का आरोप लगाया था। प्रधान ने आगे कहा कि राहुल गांधी का बयान सनातन संस्कृति के प्रति उनकी घृणा को दर्शाता है, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कांग्रेस की गहरी नाराजगी और हताशा को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी सामंती मानसिकता, राजनीतिक हताशा और हार के डर से प्रेरित होकर ये बयान दिए हैं। यह वही मानसिकता है जिसने पहले प्रधानमंत्री और उनकी पूज्य माता जी के खिलाफ अपमानजनक बयान दिए हैं। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और उनके छल-कपट वाले महागठबंधन ने हमेशा जंगलराज को बढ़ावा देते हुए बिहार के गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं की आकांक्षाओं को कुचल का काम किया है। ये लोग ऐसी अभद्र भाषा का सहारा ले रहे हैं। हालाँकि, बिहार की जनता विकास और सुशासन चाहती है, न कि वंशवाद और नफ़रत की राजनीति।

**'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हरियाणा-बिहार को मिलकर करना होगा काम**

## डिजिटल इंडिया से भ्रष्टाचार पर लगा अंकुश, पारदर्शिता को मिला नया आयामः नायब

- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पटना में बिहार चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार पटना में बिहार चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस गति से आज भारत प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है, उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्र सरकार की क्रांतिकारी आर्थिक नीतियाँ प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने "एक राष्ट्र, एक टैक्स" की अवधारणा को साकार करते हुए जी.एस.टी. लागू किया, जिससे पूरा भारत एक एकीकृत बाजार में परिवर्तित हो गया है। जी.एस.टी. सुधारों से न केवल अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है, बल्कि राज्यों के बीच व्यापार आसान हुआ है और व्यापारियों को अनावश्यक करों के जाल ▶▶ शेष पेज 5 पर

**नाव में 22 ग्रामीण सवार थे, अंधेरे में रेस्क्यू में दिक्कत आई**

**बहराइच नाव हादसा: कौड़ियाला नदी में यात्रियों से भरी नाव डूबी**

## महिला की मौत, 13 तैरकर सुरक्षित निकले, 8 लापता

एजेंसी ▶▶ बहराइच



उप्र के बहराइच जिले में कतर्नियाघाट के ट्रांस गेरुआ क्षेत्र में बुधवार देर शाम कौड़ियाला नदी में ग्रामीणों से भरी नाव डूब गई। नाव में 22 ग्रामीण सवार थे, जिनमें से 13 लोग तैर कर सुरक्षित निकल आए है, जबकि एक महिला का शव मिला है। 8 अभी लापता हैं। भरथापुर गांव घने जंगल और गेरुआ नदी के पार स्थित होने के चलते यहां के लोग लखीमपुर खीरी जनपद के खैरटियाबाजार से रोजमर्रा की खरीदारी के लिए नाव से आवागमन करते हैं। बुधवार को गांव के लोग दोपहर में नदी पार कर खैरटिया बाजार गए थे। सभी ग्रामीण खरीदारी कर शाम 5:30 बजे खैरटियाघाट से नाव पर सवार होकर भरथापुर गांव की ओर रवाना हुए। लेकिन नाव जब शाम 6 बजे के आसपास ▶▶ शेष पेज 5 पर

**दोनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय ग्रिड कनेक्टिविटी सहित विद्युत क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा के लिए कार्यनीतिक चर्चा की**

## भारत और नेपाल ने विद्युत क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया, समझौता पत्र पर हुए हस्ताक्षर

- नेपाल के ऊर्जा मंत्री घीसिंग ने केंद्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्री कुलमन घीसिंग ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। बैठक में दोनों देशों के बीच विद्युत क्षेत्र में जारी सहयोग को सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई।दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय ग्रिड कनेक्टिविटी पहलों पर भी विचार-विमर्श किया, जिसका उद्देश्य सीमा पार बिजली व्यापार को सुगम बनाना, ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करना और भारत तथा नेपाल के बीच स्वच्छ ऊर्जा संसाधनों के व्यापक एकीकरण को बढ़ावा देना है। मनोहर लाल और कुलमन घीसिंग की उपस्थिति में, भारत के महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) पावरग्रिड और नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के बीच संयुक्त उद्यम और शेयरधारक समझौतों (जेवी एंड एसएचए) पर हस्ताक्षर किए गए। ये समझौते उच्च ▶▶ शेष पेज 5 पर

**हरियाणा के मुख्यमंत्री ने भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाओं को किया संबोधित**

## विकास और सशक्त नेतृत्व ही बिहार का भविष्य डबल इंजन सरकार से तस्वीर बदलीः नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने सभी मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा उम्मीदवार को भारी मतों से विजयी बनाएं और डबल इंजन की सरकार को और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। सड़कों, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने बिहार के विकास की रफ्तार को दोगुना कर दिया है। सैनी ने कहा कि बिहार की विकास दर आज 14 प्रतिशत से अधिक है, जो देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने लगातार बिहार को आर्थिक मदद उपलब्ध करवाकर प्रदेश में विकास की गति को तेजी प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय को केवल भाषणों में नहीं, बल्कि धरातल पर उतारा गया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता की सर्वोत्तम मिसाल बिहार की धरती पर दिखती है। मुख्यमंत्री ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

**यूरोपीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश से की मुलाकात**

## भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बनी सहमति की दिशा में उम्मीद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ के बीच गहराते रणनीतिक और आर्थिक संबंधों के बीच आज एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। यूरोपीय संसद की अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मामलों की समिति का एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल, भारत के लिए आईएनटीए की स्थायी प्रतिवेदक क्रिस्टीना मैस्ट्रे के नेतृत्व में संसद भवन में राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश से मिला। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र पूर्ण करने की साझा इच्छा व्यक्त की और यह विश्वास जताया कि यह समझौता दोनों पक्षों के लिए परस्पर लाभकारी साबित होगा। ▶▶ शेष पेज 5 पर

**भारत और यूरोपीय संघः दो सशक्त लोकतंत्र और खुले बाजार वाली अर्थव्यवस्थाएँ**



राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने इस अवसर पर कहा कि भारत और यूरोपीय संघ विश्व के दो सबसे बड़े और सबसे जीवंत लोकतंत्र हैं, जिनकी अर्थव्यवस्थाएँ खुले बाजार पर आधारित हैं और समाज बहुसांस्कृतिक हैं। उन्होंने कहा कि भारत-ईयू संबंधों की दिशा निरंतर सशक्त हो रही है और आने वाले समय में यह साझेदारी वैश्विक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हरिवंश ने यूरोपीय संघ द्वारा सितंबर 2025 में घोषित "नए भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक एजेंडे" को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### संसदीय आदान-प्रदान को बताया साझेदारी की मजबूती का प्रतीक

*बैठक के दौरान हरिवंश ने जून 2025 में हुए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की ब्रुसेल्स यात्रा को याद किया, जो पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद हुई थी। उन्होंने कहा कि उस यात्रा के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने यूरोपीय संसद सदस्यों के साथ सार्थक और गहन चर्चाएँ कीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नियमित संसदीय आदान-प्रदान भारत-ईयू साझेदारी की मजबूती और आपसी विश्वास के प्रतीक हैं।*

### एफटीए पर जोर, यूरोपीय संसद की भूमिका को सराहा

*उपसभापति हरिवंश ने व्यापार समझौतों के अनुमोदन में यूरोपीय संसद और विशेष रूप से आईएनटीए समिति की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए का निष्कर्ष भारत और यूरोपीय संघ दोनों के लिए अत्यंत हितकारी होगा। उपसभापति ने यह विश्वास व्यक्त किया कि दोनों पक्ष एक ऐसे सफल एफटीए को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्ध हैं, जो मौजूदा भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच भारत और यूरोपीय संघ के बीच की विश्वसनीय साझेदारी को और मजबूत करेगा।*

### तीन लोगों को किया गिरफ्तार

# मल्टीलेवल वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

**दिल्ली एनसीआर में सक्रिय एक मल्टीलेवल वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल गिरोह का भंडाफोड़ क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने किया है। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक प्रमुख खाताधारक और उसके दो सहयोगी शामिल हैं। ये लोग धोखाधड़ी से हासिल किये गये धन को वैध बनाने में शामिल थे। आरोपियों में जामिया नगर निवासी मोहम्मद इजहान और सरिता विहार स्थित एक पेट्रोल पंप पर काम करने वाले मनोज कुमार और नूर हसन शामिल हैं।**

पुलिस के अनुसार यह मामला दक्षिण दिल्ली में दर्ज एक साइबर धोखाधड़ी मामले की जांच के दौरान सामने आया था। इसे बाद में अपराध शाखा को सौंप दिया गया था। जांच अभियान के पहले चरण के दौरान 26 सितंबर को पुलिस ने इजहान के एक लाभार्थी खाते का पता लगाया, जिसमें धोखाधड़ी की राशि से 6.8 लाख रुपये प्राप्त हुए थे। एक हफ्ते तक निगरानी रखने के बाद इजहान को जामिया नगर स्थित चौधरी डेयरी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उसने कथित तौर पर अपने फरार साथियों के कहने पर खाता खोलने और धोखाधड़ी से पीओएस आधारित नकदी निकासी करने की बात स्वीकार की। पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) लेनदेन में क्रेडिट या डेबिट कार्ड, मोबाइल वॉलेट आदि का इस्तेमाल होता है और सुरक्षा के लिए कीपैड पर पिन दर्ज करना पड़ सकता है। दूसरे चरण में इजहान से पूछताछ और लेनदेन के विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने दो सूत्रधारों मनोज कुमार और नूर हसन की पहचान की, जिन्होंने कथित तौर पर सरिता विहार स्थित पेट्रोल पंप पर नकली पीओएस ईंधन बिक्री लेनदेन के जरिये डिजिटल धोखाधड़ी की आय को नकदी में परिवर्तित किया। गहन तकनीकी, वित्तीय और डिजिटल विश्लेषण के बाद 24 अक्टूबर को दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों से 3.03 लाख रुपये बरामद किए, जिनमें सरिता विहार स्थित पीओएस टर्मिनल से जुड़े 2.13 लाख रुपये भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह कई स्तरों पर काम करता था। पहले स्तर पर धोखाधड़ी वाले या लालच में आए व्यक्तियों का इस्तेमाल करके बैंक खाते खोले जाते थे, जबकि दूसरे स्तर पर फर्जी पीओएस लेनदेन के जरिए ठगी गई धनराशि का प्रबंधन किया जाता था। पुलिस ने बताया कि इनके फरार साथियों का पता लगाने और पैसों के लेनदेन का पूरा ब्यौरा जुटाने के लिए आगे की जांच जारी है।



### वांछित अपराधी मुठभेड़ के बाद दबोचा

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम इमरान उर्फ काला (21) बताया गया है। इसे नियमित जांच अभियान के दौरान मंगलवार देर रात करीब दो बजे जीरो पुश्ता के पास रोका गया था। बिना पंजीकरण संख्या वाली मोटरसाइकिल पर आ रहे इमरान को जब रूकने का इशारा किया गया तो उसने कथित तौर पर पिस्तौल निकाली और पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की और आत्मरक्षा में गोलियां चलाई, जिनमें से एक गोली आरोपी के बाएं पैर में लगी। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# तेजाब हमले के आरोपी को दिल्ली पुलिस ने दी क्लीन चिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय की 20 वर्षीय छात्रा पर कथित तेजाब हमले के मुख्य आरोपी के रूप में जिस व्यक्ति का नाम आया था, उसने खुद को निर्दोष बताते हुए दावा किया है कि उसे गलत तरीके से फंसाया गया था। अब यह घटना पीड़िता के परिवार द्वारा उस शख्स को फंसाने के लिए रची गई नजर आ रही है। मामले में आरोपी बनाए गए जितेंद्र ने कहा कि मुझे इस मामले में गलत तरह से फंसाया गया था। पुलिस ने अपनी जांच लगभग पूरी कर ली है और उसे क्लीन चिट दे दी है।

रविवार को उत्तर-पश्चिम दिल्ली के अशोक विहार इलाके में हुए कथित तेजाब हमले के मामले में जितेंद्र आरोपी था। बाद में दिल्ली पुलिस ने कहा कि जितेंद्र कथित हमले में शामिल नहीं था। जितेंद्र ने भी दावा किया कि घटना के समय वह घटनास्थल पर मौजूद भी नहीं था। जितेंद्र ने कहा कि उस दिन वह करोल बाग में काम कर रहा था और शाम करीब 7.30 बजे उसे पुलिस का फोन आया। मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने कहा था कि उनकी जांच से पता चला है कि छात्रा के पिता अकील खान ने उसके चाचा और भाई के साथ मिलकर जितेंद्र और उसके परिवार को गलत तरह से फंसाने के लिए हमले की साजिश रची थी। इन्होंने पहले खान के खिलाफ बलात्कार और तेजाब हमले की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार खान ने अशोक विहार के पास अपनी बेटी के हाथ और बैग पर एक रसायन डाला और जांचकर्ताओं को गुमराह करने के लिए मोटरसाइकिल पर भाग गया। उसे जितेंद्र की पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए बलात्कार के एक मामले में सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। जितेंद्र ने कहा कि उसकी पत्नी ने पहले खान पर यौन उत्पीड़न और ब्लैकमेल का आरोप लगाया था। पुलिस उपायुक्त उत्तर-पश्चिम भीष्म सिंह ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और लोकेशन की जानकारी से पुष्टि हुई है कि घटना के समय जितेंद्र करोल बाग में अपने कार्यस्थल पर था। जितेंद्र ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने पूरी जांच की है। उन्होंने हर चीज की पुष्टि की और मेरे कार्यस्थल के गवाहों के बयान दर्ज किए। इसके बाद उन्होंने मुझे क्लीन चिट दे दी। मुझे दिल्ली पुलिस पर पूरा भरोसा है और मुझे विश्वास है कि न्याय होगा। पुलिस ने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है।



### एसिड अटैक केस में दो और गिरफ्तार

नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की भारत नगर पुलिस ने डीयू छात्रा पर हुये एसिड अटैक के मामले में दो और लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें छात्रा का भाई और चाचा शामिल है। छात्रा का पिता अकील खान पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार केस में गिरफ्तार किए गए लोगों में वकील (42) पुत्र मुराद खान निवासी खसरा नंबर 51, गली नंबर 14, मुकुंदपुर और अकील खान का बेटा शामिल है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है।

# रामा विहार में हुए जलभराव में बच्ची की मौत के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार: नारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने मुंडका विधानसभा के रामा विहार में हुए जलभराव में एक बच्ची की डूबने से हुई मौत के भाजपा की दिल्ली और एमसीडी सरकार को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नाकामी के चलते बच्ची की मौत हुई है। सरकार पीड़ति परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भलस्वा कूड़े का पहाड़ को काट कर रामा विहार में शिफ्ट किया जा रहा है और जल निकासी न होने से वहां जलभर गया है। 'आप' मांग करती है कि भाजपा सरकार रामा विहार में नया कूड़े का पहाड़ बनाना बंद करे और जल्द से जल्द जलभराव को खत्म करे। वहीं, आम आदमी पार्टी के एमसीडी सह-प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि सिर्फ वाहवाही लूटने के लिए भाजपा सरकार ऐसे-ऐसे काम कर रही है, जिसके चलते दिल्लीवालों का नुकसान हो रहा है। प्रीति डोगरा ने कहा कि पूरी दिल्ली में जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा है, आखिर भाजपा बड़े-बड़े झूठे वादे, जुमले और फर्जी दावे कब बंद करेगी?

नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बुधवार को 'आप' मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर कहा कि बीते 23 अक्टूबर को मुंडका क्षेत्र के रामा विहार कॉलोनी के ब्लॉक-के में एक



छह साल की बच्ची की जल भराव में डूबने से दुखद मौत हो गई। शाम करीब साढ़े 5 बजे वह बच्ची पानी में डूबी और उसका शव रात 8 बजे स्थानीय लोगों ने निकाला। पिछले तीन-चार महीनों से ब्लॉक-के में सात-सात फुट तक बारिश का पानी जमा है। घरों में पानी घुसने के कारण कई परिवार मकान खाली कर किराए पर रह रहे हैं। दिल्ली में भाजपा सरकार है और इस क्षेत्र से भाजपा के विधायक गजेंद्र दराल हैं। भलस्वा के कूड़े के पहाड़ को काट-काटकर रामा विहार में डाला जा रहा है, जिससे नया कूड़े का पहाड़ बन गया है।

सवाल यह है कि छह वर्षीय प्रियांशी की मौत का जिम्मेदार कौन है? क्या मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता हैं, जो कहती हैं कि दिल्ली में वाटर लॉगिंग नहीं है, जबकि सात फुट पानी जमा है। या महापौर राजा इकबाल सिंह हैं, जो दावा करते हैं कि दिल्ली को स्वच्छ कर दिया, लेकिन कूड़े के पहाड़ के कारण पानी रुका हुआ है? या फिर प्रशासन, जिसे तीन-चार महीने में पानी निकालने की सूझी नहीं? या तीनों सीएम रेखा गुप्ता, महापौर राजा इकबाल सिंह और उनके अधिकारी जिम्मेदार हैं?

# सफाई व्यवस्था के लिए ऑटो टिपर्स की आवृत्ति बढ़ाई जाए : उपमहापौर




हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के लिए ऑटो टिपर्स की आवृत्ति बढ़ाई जाए ताकि क्षेत्र में उचित स्वच्छता और साफ-सफाई बनी रहे। दिल्ली नगर निगम के उपमहापौर जय भगवान यादव ने नजफगढ़ ज़ोन में क्षेत्र की स्वच्छता और नागरिक समस्याओं की समीक्षा बैठक में शिकायत संज्ञान में आने के बाद अधिकारियों को यह निर्देश दिए। यहां बैठक में स्वच्छता के साथ-साथ, पार्कों के रखरखाव और निगम की सड़कों की मरम्मत से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में विधायक नीलम पहलवान, वार्ड समिति अध्यक्ष सविता शर्मा, उपाध्यक्ष देवेंद्र डबास, ज़ोन के वरिष्ठ अधिकारी तथा कूड़ा संग्रहण के लिए लगाए गए ऑटो टिपर्स के संचालन के ज़िम्मेदार निजी ठेकेदार उपस्थित रहे। बैठक के दौरान, उपमहापौर ने स्थानीय निवासियों से प्राप्त कई शिकायतों का संज्ञान लिया, जिनमें ऑटो टिपर्स द्वारा कूड़ा संग्रहण में देरी और कुछ दिनों में सेवा न देने की बातें शामिल थीं। अनियमितताओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उपमहापौर यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तुरंत सुधारात्मक कदम उठाएँ।

### मरम्मत और रखरखाव के कार्यों को करें पूरा

उपमहापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मरम्मत और रखरखाव के कार्यों को शीघ्रता से पूरा करें ताकि ज़ोन की नागरिक सुविधाओं में सुधार हो सके। यादव ने समय पर और प्रभावी जनसेवाओं के महत्व पर बल देते हुए सभी संबंधित विभागों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया, ताकि नजफगढ़ के निवासियों को एक स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# व्यक्ति को ट्रक से बांधकर हत्या करने का आरोपी पकड़ा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी दिल्ली के वजीरपुर इलाके में 20 वर्षीय युवक ने एक व्यक्ति को कथित तौर पर चुन्नी से ट्रक से बांध दिया और ईंट से वार करके उसकी हत्या कर दी। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान अमित उर्फ पव्वा के रूप में हुई, जिसे उसी इलाके के रहने वाले 37 वर्षीय दया किशन की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) भीष्म सिंह ने कहा कि शराब के आदी आरोपी ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी, जो खुद नशे की हालत में पाया गया था। अधिकारी ने बताया कि घटना 20 अक्टूबर को एक मेट्रो पिलर के पास हुई थी, जहां पुलिस को एक व्यक्ति के ट्रक से बंधे होने और सिर से खून बहने की सूचना मिली थी। पीड़ित को दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में उसकी पहचान दया किशन के रूप में हुई। सिंह ने कहा कि घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी या सुराग नहीं मिला। इसके बाद एक टीम ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, जिसमें हत्या से पहले पीड़ित नशे की हालत में अकेले घूमते हुए दिखाई दे रहा था। उन्होंने बताया कि गहन पूछताछ के बाद, पुलिस को एक स्थानीय युवक अमित के बारे में सूचना मिली, जो खुद शराब पीने का आदी है। उसके ठिकानों पर छापे मारे गए और स्थानीय लोगों द्वारा साझा की गई जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए अंततः उसे पकड़ लिया गया। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान, उसने हत्या की बात कबूल कर ली और पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया। उसने कहा कि वह अपना नाम करने के लिए कुछ बड़ा करना चाहता था और जब उसने पीड़ित को नशे की हालत में देखा तो उसने उसे मारने का फैसला किया। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि आरोपी ने दया किशन को चुन्नी से ट्रक से बांध दिया और उसके सिर पर ईंट से बार-बार वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोनू पुत्र पन्ना लाल निवासी मकान नंबर सी–2/225, नंद नगरी दिल्ली** ने **FIR No. 362/2017, U/S 33 Delhi Excise Act, अन्तर्गत थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 362/2017, U/S 33 Delhi Excise Act, अन्तर्गत थाना नंद नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/14562/NE/2025(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **देवेन्द्र कुमार पुत्र चेब सिंह निवासी पिरथ पाल का मकान मुस्लिम ढाबा सानी बाजार, खोरा कॉलोनी** और **फतेहपुर महिपुर सराय, थाना कासगंज, यूपी** ने **FIR No. 12/2014 U/S 392/34 IPC, अन्तर्गत थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **देवेन्द्र कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **देवेन्द्र कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 12/2014 U/S 392/34 IPC, अन्तर्गत थाना गाजीपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **देवेन्द्र कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री सचिन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03**
**पूर्वी जिला, कोर्ट संख्या 16**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/14382/ED/2025(Court Matter)**

### हरेवली गोपाल गोसदन में गोपाष्टमी पर समाज कल्याण मंत्री ने दी शुभकामनाएं

# गौवंश को सड़कों से निकालकर सुरक्षित वातावरण में लाना सरकार की प्राथमिकता: रविन्द्र इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गौ माता भी भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक हैं, ऐसे में गौवंश को सड़कों से निकालकर सुरक्षित वातावरण में लाना सरकार की प्राथमिकता है। गोपाष्टमी के अवसर पर दिल्ली के हरेवली स्थित गोपाल गोसदन में आयोजित कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज ने यह बात कही। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में गौशालाओं के संचालन, रखरखाव और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की कई योजनाओं पर दिल्ली सरकार कार्य कर रही है। नई गौशालाओं के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। दिल्ली की सड़कों को बेसहारा पशुओं से मुक्त करने की दिशा में घुमनहेड़ा गांव में भी गौशाला शुरू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा का दिल्ली में भव्य आयोजन हुआ जिसमें दिल्ली वासियों ने मिलकर प्रकृति की पूजा की। भारतीय संस्कृति में प्रकृति की पूजा और सभी जीवों के प्रति करुणा का भाव सदियों से हमारे जीवन का हिस्सा



रहा है।

समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि जब हम पेड़ों, नदियों, पर्वतों और जीवों के संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाते हैं, तभी भारत पुनः विश्वगुरु, आत्मनिर्भर और विकसित बनने की दिशा में अग्रसर होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में नमामि गंगे योजना के तहत नदियों की स्वच्छता, एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत व्यापक वृक्षारोपण और अन्य बायो डायवर्सिटी संरक्षण के कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन का संरक्षण सरकार के साथ हर नागरिक की भी जिम्मेदारी है। साथ ही पशुपालन समाज में स्व रोजगार, आत्मनिर्भरता, जैविक खेती एवं अच्छे स्वास्थ्य जैसे कई लक्ष्यों को पूर्ण कर सकता है।

### बवाना गाँव के 250 परिवारों को मिलेगा साफ़ पानी

इससे पहले समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज ने बवाना गाँव में दिल्ली जल बोर्ड की नई परियोजना का स्थानीय निवासियों के साथ शुभारंभ किया। इससे बवाना गाँव के 250 परिवारों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री इन्द्राज ने कहा कि दिल्ली सरकार अंतिम कोने तक सभी बुनियादी सुविधाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने बताया कि करीब 20 साल पुरानी लाइन जर्जर अवस्था में है, जिससे गंदा पानी आने की शिकायतें लगातार बनी रहती हैं। कंझावला चौक के नजदीक बवाना गाँव में नई लाइन का कार्य चार महीने में पूरा किया जायेगा। इसका लाभ यहां रह रहे हजारों लोगों को मिलेगा। स्थानीय निवासियों ने इस परियोजना के लिए दिल्ली सरकार का आभार व्यक्त किया।

# हैदरपुर वाटर प्लांट से मिला शव, हत्या की आशंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में एक अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। वहीं मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार केएन काटजू मार्ग थाना क्षेत्र स्थित मुनक नहर के पास हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से मंगलवार को एक शख्स का शव संदिग्ध हालात में मिला। किसी ने शव देख इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को प्लांट से बाहर निकाला। जांच के दौरान मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं कई थानों से भी मृतक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मृतक के चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं, ऐसे में पुलिस हत्या समेत कई पहलुओं से जांच कर रही है।

### रणहौला में कैब ड्राइवर की चाकू से गोदकर हत्या

बाहरी दिल्ली के रणहौला क्षेत्र में एक कैब चालक की चाकू मारकर हत्या का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। जांच के बाद ही हत्या का कारण स्पष्ट हो पाएगा। मृतक का नाम मनीष बताया गया है।

**THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT**

**"E-Tender Notice"**

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Regarding Upgrading/Purchase the Electro Magnet at Mill House. | 2025_HBC_479771_1 |
| 2. | Rate contract of boiler chemicals for maintaining P.H. and TDS | 2025_HBC_479844_1 |
| 3. | Regarding Supply and Commissioning of automatic power factor panel. | 2025_HBC_479773_1 |
| 4 | Supply of A.C.C. cement sheets and metacolour coated sheets. | 2025_HBC_479777_1 |
| 5. | Transportation of Sugarcane from OCPC | 2025_HBC_479789_1 |
| 6. | Labour contract for loading for sugarcane into trucks at out cane purchase centre. | 2025_HBC_479794_1 |
| 7. | Purchase of polythene sheet, numbering tag and cotton thread. | 2025_HBC_479795_1 |
| 8. | Sugar Bag Handling | 2025_HBC_479798_1 |
| 9. | Purchase of process chemical. | 2025_HBC_479800_1 |
| 10. | Purchase of microprocessor based three load cell SIMPLEX Electronic Net Weighing & Bagging machines (2 Nos). | 2025_HBC_479806_1 |
| 11. | Purchase of Fire Side Chemical | 2025_HBC_479813_1 |
| 12. | Insulation and lagging work at various stations of the factory. | 2025_HBC_479820_1 |
| 13. | Civil work for Resitement of retail outlet of IOCL petrol Pump at The Sonipat Sugar Mill. (as per IOCL specification, drawing & design of boundary wall, filling, drainage works). Total area of construction (35mX35m). | 2025_HBC_479824_1 |
| 14. | CIVIL WORK (LYING OF INTERLOCKING TILES/PAVER BLOCKS) AT OUT CANE PURHASE CENTER (BEGA). | 2025_HBC_479828_1 |
| 15. | महाराष्ट्र राज्य की तर्ज पर हरियाणा की सहकारी चीनी मिलो द्वारा प्रयोग के तौर पर गन्ने की कटाई, छिलाई, लदाई व ढुलाई का कार्य ठेके पर देने बारे। | 2025_HBC_479830_1 |

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 04.11.2025 at 10.00 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 05.11.2025 at 10:00 A.M. and the negotiation will be held on 06.11.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

Sd/- Managing Director,
The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd.. Sonipat

## 'दिल्ली में लगभग 10 हजार फीट की ऊंचाई पर बने हुए हैं बादल'

# बादलों में कम नमी के चलते नहीं हुई कृत्रिम बारिश, प्रदूषण से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कई सालों से क्लाउड सीडिंग यानी कृत्रिम बारिश कराने को लेकर तैयारियां की जा रही थी। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने मंगलवार को दिल्ली में क्लाउड सीडिंग कराई लेकिन बादलों में कम नमी के चलते वह नाकाम साबित हो गई।

जिसके बाद एक बार फिर दिल्ली वालों को बढ़ते वायु प्रदूषण से राहत मिलने की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। जाहिर है एक बार फिर दिल्ली को वायु प्रदूषण से राहत मिलने में लगातार देरी हो रही है। क्लाउड सीडिंग सफल न होने के बारे में मौसम विभाग ने कहा कि मंगलवार को बादलों में सिर्फ 15 फीसदी नमी थी, लेकिन बारिश के लिए 50 फीसदी नमी की जरूरत होती है। इस बारे में निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष, मौसम वैज्ञानिक महेश पलावत का कहना है कि इस प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए बादलों में कम से कम 40 से 50 फीसद नमी और निचले स्तर पर बादलों की उपस्थिति आवश्यक होती है। पलावत ने भी कहा कि दिल्ली में इस समय लगभग 10 हजार फीट की ऊंचाई पर बादल बने हुए हैं, जिस कारण क्लाउड सीडिंग मुश्किल हो गई है। पर्यावरण विशेषज्ञ एस के गुल्ला का कहना है दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखते हुए जो क्लाउड सीडिंग की तकनीक का सहारा लेने का फैसला किया था, फिलहाल नाकाम हो गया है। इस प्रक्रिया में, सिल्वर आयोडाइड, सोडियम क्लोराइड या कैल्शियम क्लोराइड जैसे रसायनों को विमान के माध्यम से बादलों में छिड़का जाता है, ताकि जलवाष्प संघनित होकर वर्षा के रूप में गिर सके। लेकिन इसकी मुख्य वजह बादलों में पर्याप्त नमी की कमी है। क्योंकि क्लाउड सीडिंग तभी प्रभावी होती है जब बादलों में पहले से ही वर्षा की कुछ संभावना हो।

बता दें कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपुर के सहयोग से किए गए कई परीक्षणों के बावजूद, दिल्ली के कई हिस्सों में बारिश नहीं हुई। जिससे शहर की हवा में घुले जहर से तुरंत राहत मिलने की उम्मीद फिलहाल कम हो गई है। बुधवार सुबह 5 बजे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार आईटीओ के आसपास वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 307 दर्ज किया गया जो बहुत खराब श्रेणी में है। सनद रहे कि क्लाउड सीडिंग का पहला ट्रायल 23 अक्टूबर को और दूसरा 28 अक्टूबर को किया गया। आईआईटी कानपुर की विशेषज्ञ टीम ने मंगलवार को दो उड़ानें कानपुर और मेरठ एयरफील्ड से संचालित की थी। इन दोनों उड़ानों ने उत्तर प्रदेश के खेकड़ा, दिल्ली के बुराड़ी, नॉर्थ करोल बाग, मयूर विहार सहित सदकपुर, भोजपुर और आसपास के क्षेत्रों को कवर किया। बताया गया कि हर उड़ान में करीब 0.5 किलो वजन वाले आठ फ्लेयर छोड़े गए, जिनमें विशेष मिश्रण था जो बादलों में नमी बढ़ाने में सहायक होते है। यह पूरा ऑपरेशन लगभग डेढ़ घंटे तक चला, लेकिन उस दौरान आर्द्रता 15–20 फीसदी के बीच रहने की वजह से कृत्रिम बारिश नहीं हुई।

### भाजपा सरकार का क्लाउड सीडिंग का दूसरा प्रयास भी पूरी तरह से हुआ विफल साबित : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाए है कि भाजपा सरकार का क्लाउड सीडिंग का दूसरा प्रयास भी पूरी तरह से विफल साबित हो गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लंबे समय से प्रदूषण, सफाई और यमुना को स्वच्छ बनाने की कोरी बयानबाजी करके जनता को सिर्फ धोखा दे रही है। यादव ने कहा कि दुख की बात है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता खोखली बयानबाजी करके दिल्ली की जनता को भ्रमित कर रही है और करोड़ों की लागत पर क्लाउड सीडिंग करके प्रदूषण कम करने का जो दावा किया था वह प्रयोग भी फेल रहा। चाहे वायु प्रदूषण हो, जल प्रदूषण हो या यमुना की सफाई की बड़ी-बड़ी घोषणाएं हो, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हर विषय पर दिल्ली की जनता को धोखे में ही रखा है। पिछले 8 महीनों में भाजपा की दिल्ली सरकार चौतरफा विफल साबित हुई है।

# दिल्ली मेट्रो वायु प्रदूषण कम करने के लिए लगाएगी 40 अतिरिक्त फेरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- वायु प्रदूषण से निपटने की तैयारियों का जायज़ा लेने डीएमआरसी निदेशक ने किया निरीक्षण

राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार के दिशा निर्देश पर जल्द ही ग्रैप की नई स्टेज की तैयारियों के तहत दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने अशोक विहार और डेरावल नगर मेट्रो निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर डॉ. विकास कुमार ने कुछ नए दिशा निर्देश भी दिए। इस बारे में डीएमआरसी के कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि प्रदूषण के बढ़ते लेवल को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप-2) को लागू करने के लिए दिल्ली मेट्रो भी तैयार है।

इस दिशा में डीएमआरसी के एमडी डॉ. विकास ने निर्माण स्थलों पर तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए बुधवार को फेज़-चार के निर्माणाधीन कृष्णा पार्क एक्सटेंशन व आर.के.आश्रम मार्ग कॉरिडोर के एक हिस्से का निरीक्षण किया। दयाल ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. विकास के अलावा डीएमआरसी के सिविल और पर्यावरण विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि हाल ही में बढ़ते प्रदूषण लेवल के कारण दिल्ली में ग्रैप-2 लागू होने के बाद डॉ. विकास ने पहले ही ऑपरेशन टीम को निर्देश दिया था कि वह हफ़्ते के दिनों में ज़्यादा पैसेंजर कैपेसिटी देने के लिए अपने कॉरिडोर पर 40 एक्स्ट्रा ट्रेन ट्रिप चलाएं। इस कदम का मकसद लोगों को अपनी गाड़ियों के बजाय मेट्रो इस्तेमाल करने के लिए बढ़ावा देना और एक साथ मिलकर राजधानी में बिगड़ती हवा की क्वालिटी को बेहतर बनाने में मदद करना है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि अगर आने वाले दिनों में अधिकारी ग्रैप-3 लागू करते हैं, तो एक्स्ट्रा ट्रिप की संख्या 40 से बढ़ाकर 60 कर दी जाए।

# प्रदेश भाजपा ने शुरू की निगम उपचुनाव की संगठनात्मक तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों में 30 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने अभी से ही कमर कस ली है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में पार्टी ने बुधवार को संगठनात्मक बैठक में इस तैयारी को शुरू कर दिया है। सचदेवा ने सभी 12 वार्डों के लिए 'चुनाव संयोजक' नियुक्त किए हैं, साथ ही हर वार्ड में 'एक मंत्री को प्रभारी' बनाकर चुनावी मशीनरी को सक्रिय कर दिया है। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद भाजपा का यह कदम स्पष्ट संकेत देता है कि पार्टी इस उपचुनाव को हल्के में नहीं ले रही है। इन 12 वार्डों के नतीजे दिल्ली की स्थानीय राजनीति की दिशा तय कर सकते हैं।

प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार, मुंडका वार्ड के लिए मनोज शौकीन चुनाव संयोजक होंगे और मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा प्रभारी होंगे। शालीमार बाग (बी) के राजन तिवारी चुनाव संयोजक और मंत्री कपिल मिश्रा प्रभारी होंगे। अशोक विहार वार्ड के विष्णु मित्तल चुनाव संयोजक और मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा प्रभारी होंगे। चाँदनी चौक वार्ड के पंकज कुमार जैन संयोजक और मंत्री रविन्द्र इंद्राज प्रभारी होंगे। चाँदनी महल वार्ड के आतिफ रशीद संयोजक और मंत्री रविन्द्र इंद्राज प्रभारी होंगे। द्वारका (बी) वार्ड के विधायक प्रदुमन राजपूत संयोजक और मंत्री डॉ. पंकज सिंह प्रभारी होंगे। दिचाऊं कलां वार्ड के विधायक अभय वर्मा संयोजक और मंत्री डॉ. पंकज सिंह प्रभारी होंगे।

प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार, नारायणा वार्ड के विधायक सूर्य प्रकाश खत्री संयोजक और मंत्री आशीष सूद प्रभारी होंगे। संगम विहार (ए) वार्ड के एनडीएमसी सदस्य दिनेश प्रताप सिंह संयोजक और मंत्री प्रवेश साहिब सिंह प्रभारी होंगे।

दक्षिणपुरी वार्ड के जयप्रकाश संयोजक और मंत्री प्रवेश साहिब सिंह प्रभारी होंगे। ग्रेटर कैलाश वार्ड के विधायक राजकुमार भाटिया संयोजक और मंत्री आशीष सूद प्रभारी होंगे। विनोद नगर वार्ड के नसीब सिंह संयोजक और मंत्री कपिल मिश्रा प्रभारी होंगे।



### सांसद ने उपचुनाव की तैयारी बैठक में कार्यकर्ताओं से की बात

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बुधवार को दक्षिणपुरी और संगम विहार वार्ड की तैयारी बैठक में कार्यकर्ताओं से बात की। बूथ स्तर से लेकर मंडल अध्यक्ष तक सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने बैठक में हिस्सा लिया। संगम विहार मंडल में हुई कार्यकर्ताओं के साथ तैयारी बैठक में दिल्ली प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष तथा वार्ड के चुनाव प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह, विधायक चंदन कुमार चौधरी, पूर्व विधायक विजय जौली, निगम पार्षद अनीता सिंघल और मंडल अध्यक्ष प्रमोद बघेल उपस्थित रहे। जिला प्रभारी पूर्व महापौर जयप्रकाश जेपी, सहप्रभारी आदित्य झा, जिला भाजपा अध्यक्ष माया बिष्ट दोनों बैठकों में मौजूद रहे।

### आप भाजपा सरकार की उपलब्धियों से करती है ईर्ष्या : सिरसा

नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कृत्रिम बारिश (क्लाउड-सीडिंग) परीक्षण सफल रहे और उन्होंने विपक्षी आम आदमी पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि वे भाजपा नीत सरकार की सफलता से ईर्ष्या कर रहे हैं। दिल्ली सरकार ने मंगलवार को आईआईटी-कानपुर के सहयोग से दो 'क्लाउड-सीडिंग' परीक्षण किए, लेकिन दिल्ली में कोई वर्षा नहीं हुई। परीक्षणों के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मामूली बारिश दर्ज की गई। ये परीक्षण बुराड़ी, उत्तरी करोल बाग, मयूर विहार सहित दिल्ली के कई हिस्सों में किए गए। परीक्षणों के संबंध में सिरसा ने कहा कि पिछली सरकार ने भी यह परीक्षण करने की कोशिश की थी, लेकिन वे असफल रहे। उन्होंने कहा कि हम उस चरण पर पहुंच गए हैं जहां हम अभ्यास कर सकते हैं। नौ से 10 परीक्षण किए जाएंगे और फिर हमें पता चलेगा कि किस नमी की मात्रा पर बारिश कराई जा सकती है। एक बार जब आईआईटी-कानपुर को बारिश कराने के लिए आवश्यक नमी की मात्रा के बारे में ठोस जानकारी मिल जाएगी, तो हम जरूरत पड़ने पर दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराने के लिए इसका उपयोग कर सकेंगे।

### प्रदेश युवा कांग्रेस ने दिल्ली सरकार के खिलाफ बारिश चोरी करने को लेकर करवाई शिकायत दर्ज

नई दिल्ली। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार कई कदम उठा रही है, इसमें कृत्रिम बारिश भी शामिल है। लेकिन कृत्रिम बारिश कराने के इस मुद्दे पर दिल्ली सरकार अब घिरती हुई नजर आ रही है। इस मुद्दे पर दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी ने दिल्ली सरकार के खिलाफ बारिश चोरी करने के आरोप लगाते हुए दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज करवा दी है। इस मुद्दे पर प्रदेश युवा अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने बुधवार को पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस थाने में दिल्ली सरकार के खिलाफ बारिश चोरी को लेकर शिकायत दर्ज करवाई। इस अवसर पर अक्षय लाकड़ा ने बताया कि दिल्ली में सवा करोड़ रुपए कि बारिश चोरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि कानपुर से दिल्ली के लिए जहाज उड़ता है, क्लाउड सीडिंग के नाम पर। इसको लेकर भाजपा सरकार बड़े विज्ञापन देती है कि 15 से 20 मिनट के अंदर दिल्ली के अंदर बारिश होगी, और प्रदूषण से निजात मिलेगी। लेकिन पूरी दिल्ली में इस प्रकार कहीं भी बारिश देखने को नहीं मिली, इसलिए इस बारिश चोरी के खिलाफ प्रदेश युवा कांग्रेस ने शिकायत दर्ज करवाई है।

# एशियन यूथ गेम्स की कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवान यशिता राणा ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- दिल्ली देहात में खुशी की लहर, एक ही साल में जीते दो बड़े मेडल
- बहरीन में आयोजित एशियन यूथ गेम्स 2025 में पहली बार हिस्सा लेते हुए स्वर्ण पदक पर किया कब्जा
- इसी साल वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में जीता था सिल्वर मेडल

दिल्ली देहात के कुतुब गढ़ गांव की बेटी पहलवान यशिता राणा ने एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है। बहरीन में आयोजित एशियन यूथ गेम्स की कुश्ती प्रतियोगिता में यशिता ने गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने 61 किलोग्राम वजन में फाइनल में दमखम दिखाते हुए कजागिस्तान की पहलवान मुखत को पटकनी दी।

गौरतलब है कि यशिता राणा ने इसी साल एथेंस में वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर यशिता ने देश का मान बढ़ाया था। उत्तर पश्चिम दिल्ली के कुतुब गढ़ गांव की निवासी यशिता के गोल्ड मेडल जीतने पर दिल्ली देहात में खुशी की लहर दौड़ गई। एक साल के भीतर दो बड़ी जीत हासिल कर यशिता राणा ने भविष्य के लिए बड़ी उम्मीदें जगा दी हैं। कुश्ती के प्रशंसकों को उम्मीद है कि आने वाले समय में यशिता राष्ट्रमंडल खेलों, एशियन गेम्स और ओलंपिक में भी देश के लिए पदक जीतेगी। कुतुब गढ़ स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय में 12वीं कक्षा की छात्रा यशिता देश की उभरती हुई पहलवानों में गिनी जाती हैं। साधारण पृष्ठभूमि के किसान परिवार की बेटी पहलवान के अपने शुरूआती दिनों से ही होनहार रही है। यशिता राणा कुश्ती की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी कई पदक अपने नाम कर चुकी है।






# जेएनयूएसयू चुनाव के लिए एबीवीपी ने घोषित किए प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।



एबीवीपी के जेएनयू छात्रसंघ चुनाव के केंद्रीय चुनाव संयोजक अरुण श्रीवास्तव ने बुधवार को प्रेसवार्ता में कहा कि हमारा लक्ष्य जेएनयू को शैक्षणिक रूप से और अधिक मज़बूत बनाना, छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना, तथा सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। बताया गया कि अध्यक्ष पद के लिए विकास पटेल, उपाध्यक्ष पद के लिए तान्या कुमारी, सचिव पद के लिए राजेश्वर कांत दुबे एवं संयुक्त सचिव पद के लिए अनुज डमारा को एबीवीपी ने अपना प्रत्याशी नामित किया है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय के 16 स्कूलों और विभिन्न संयुक्त केंद्रों के 42 काउंसलर पदों के लिए और आईसी के तीन पदों के लिए भी एबीवीपी ने अपने प्रत्याशी घोषित किए हैं, जिसमें महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है। एबीवीपी ने इस में अपने तीन प्रत्याशी मनीषा डाबला, कनिष्क गौर और प्रतिष्ठा को मैदान में उतारा है। एबीवीपी इस चुनाव में एबीवीपी द्वारा छात्रसंघ में रहते हुए किए गए कार्यों तथा जेएनयू परिसर के आधारभूत ढांचे के सुधार, महिला सुरक्षा, सस्ती व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, और एक सक्रिय व उत्तरदायी छात्रसंघ के गठन जैसे प्रमुख मुद्दों को लेकर जेएनयू के विद्यार्थियों के बीच पहुंचेगी।

एबीवीपी के जेएनयू छात्रसंघ चुनाव के केंद्रीय चुनाव संयोजक अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि एबीवीपी ने पिछले वर्ष छात्रसंघ में संयुक्त सचिव पद पर ऐतिहासिक जीत हासिल की थी और उस जिम्मेदारी को पूरे वर्ष छात्र हितों के लिए संघर्ष में रूपांतरित किया। हम इस वर्ष एक बार फिर संवाद, सेवा और संगठन की भावना के साथ चुनाव मैदान में हैं। एबीवीपी सदैव रचनात्मक राजनीति और उत्तरदायी छात्र नेतृत्व की पक्षधर रही है, और यही हमारा संकल्प इस चुनाव में भी रहेगा।





**30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए स्टैंडअलोन एवं कंसोलिडेटेड अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार** (₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन: 3 माह समाप्त 30.09.2025 (अनंकेक्षित) | स्टैंडअलोन: 3 माह समाप्त 30.09.2024 (अनंकेक्षित) | स्टैंडअलोन: 6 माह समाप्त 30.09.2025 (अनंकेक्षित) | स्टैंडअलोन: 6 माह समाप्त 30.09.2024 (अनंकेक्षित) | स्टैंडअलोन: समाप्त वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित) | कंसोलिडेटेड: 3 माह समाप्त 30.09.2025 (अनंकेक्षित) | कंसोलिडेटेड: 3 माह समाप्त 30.09.2024 (अनंकेक्षित) | कंसोलिडेटेड: 6 माह समाप्त 30.09.2025 (अनंकेक्षित) | कंसोलिडेटेड: 6 माह समाप्त 30.09.2024 (अनंकेक्षित) | कंसोलिडेटेड: समाप्त वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 7511.80 | 6584.10 | 12998.71 | 12069.02 | 28339.48 | 7511.80 | 6584.10 | 12998.71 | 12069.02 | 28339.48 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादत्मक मदों से पूर्व) | 492.01 | 131.94 | (115.42) | (148.17) | 724.67 | 484.87 | 124.80 | (136.84) | (168.40) | 686.59 |
| 3 | कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक मदों एवं समेकित परिणामों में संयुक्त उद्यमों के निवल लाभ/(हानि) के शेयर के बाद) | 492.01 | 131.94 | (115.42) | (148.17) | 724.67 | 499.23 | 141.42 | (108.81) | (137.57) | 745.60 |
| 4 | कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) | 367.67 | 96.67 | (87.22) | (115.85) | 512.97 | 374.89 | 106.15 | (80.61) | (105.25) | 533.90 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय {अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल} | 334.00 | 72.83 | (154.56) | (163.52) | 349.47 | 341.04 | 82.36 | (148.11) | (152.64) | 370.56 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 |
| 7 | अन्य इक्विटी | 24087.94 | 23903.61 | 24087.94 | 23903.61 | 24416.60 | 23703.54 | 23502.56 | 23703.54 | 23502.56 | 24025.75 |
| 8 | निवल मूल्य | 24784.35 | 24600.02 | 24784.35 | 24600.02 | 25113.01 | 24399.95 | 24198.97 | 24399.95 | 24198.97 | 24722.16 |
| 9 | प्रति शेयर मूल तथा डाइल्यूटेड अर्जन | 1.06 | 0.28 | (0.25) | (0.33) | 1.47 | 1.08 | 0.30 | (0.23) | (0.30) | 1.53 |
| 10 | पूंजी विमोचन रिजर्व | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 |

नोट:
1. वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप, जहाँ भी आवश्यक समझा गया, आंकड़ों को पुनः समूहीकृत/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।
2. उपरोक्त परिणाम लागू सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुसार तैयार किए गए है। इन परिणामों की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 29.10.2025 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किया गया है।
3. ट्रेड रिसीवेबल्स में ₹211 करोड़ (यूएसडी 25.5 मिलियन) का बकाया शामिल है जो ग्राहक STPG (पूर्व में NEC सूडान) से है। यह राशि गृहयुद्ध के कारण रुकी हुई है। बोर्ड द्वारा अनुमोदित होने के कारण इसे अच्छा माना गया है और इसके लिए कोई प्रावधान नहीं बनाया गया है। अगर खराब और संदेहास्पद ऋण के लिए प्रावधान बनाया गया तो कर पूर्व लाभ (PBT) पर ₹211 करोड़ का प्रभाव पड़ेगा।
4. रिपोर्टिंग तारीख के अनुसार, देनदारों में RVUNL सूरतगढ़ 7 और 8 परियोजना (211x660 मेगावाट) के बकाया शामिल हैं, जो कि ट्रायल ऑपरेशन की शुरुआत से 3 साल से अधिक पुराने हैं। चूंकि ग्राहक ने डिलीवरी विस्तार के लिए संशोधन जारी किया है, यह पुष्टि की गई है कि भुगतान प्रक्रिया में है और शेष राशि का भुगतान किया जाएगा. इसलिए कोई प्रावधान नहीं बनाया गया है।
ग्राहक ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में 140 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यदि खराब और संदेहास्पद ऋण के लिए प्रावधान बनाया जाता है, तो इसका कर पूर्व लाभ (PBT) पर 98 करोड़ रुपये का प्रभाव पड़ेगा।
5. सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) नियम, 2015 के विनियम 52(4) के अनुसार अतिरिक्त प्रकटीकरण अनुबंध 'ए' में संलग्न हैं।
6. कंपनी के निम्नलिखित संयुक्त उद्यम हैं: बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (बीजीजीटीएस), रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरपीसीएल), एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एनबीपीपीएल), पावर प्लांट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट्स लिमिटेड (पीपीआईएल) और भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल)। वर्ष के दौरान कंपनी की कोई सहायक कंपनी (सब्सिडियरी) और सहयोगी (एसोसिएट्स) नहीं है।
7. उपरोक्त 30 सितम्बर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए संशोधित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दायर विस्तृत वित्तीय परिणामों का सार है। उपरोक्त रिपोर्टिंग अवधि के लिए, प्रतिभूति प्रीमियम खाते, ऋण पूंजी, वरीयता शेयर, डिबेंचर मोचन आरक्षित, ऋण इक्विटी अनुपात, ऋण सेवा कवरेज अनुपात और ब्याज सेवा कवरेज अनुपात के संबंध में जानकारी शून्य/एनए है। लिस्टिंग विनियमों के विनियम 52(4) में निर्दिष्ट प्रकटीकरण सहित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटें: www.nseindia.com और www.bseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट www.bhel.com 'वित्तीय सूचना' अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध है। इसे नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके भी देखा जा सकता है।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.10.2025

कृते भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
हस्ता/–
(के. सदाशिव मूर्ति)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक




**भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049
सीआईएन: L74899DL1964GOI004281 | फोन: नं. 91–11–66337598
ई–मेल: shareholderquery@bhel.in | www.bhel.com

हमें फॉलो करें
/BHELOfficial /BHEL_India /BHEL_India /bhel.india /company/bhel

## खबर संक्षेप

### 5 लाख की ठगी करने वाला आरोपी धराया

**फरीदाबाद।** डिजिटल अरेस्ट कर पांच लाख रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी



की टीम ने आरोपी खाता को गिरफ्तार किया है। एनआईटी फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 17 नवम्बर 2024 को उसके पास कॉल आया जिस पर उसे बताया गया की उसका आधार कार्ड गैर कानूनी गतिविधियां के लिए प्रयोग हुआ है।

### नाकाबंदी के दौरान पांच आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन व पुलिस उपायुक्त अपराध के नेतृत्व में



फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम द्वारा अपराधियों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है, निरंतर में 28 अक्टूबर को सेंट्रल जोन में नाकाबंदी कर 3 देसी कट्टा व एक चोरी की मोटरसाइकिल पकड़ी हैं।

### छात्र पर चाकू से हमला दो किशोर को लिया अभिरक्षा में

**फरीदाबाद।** बीते कल स्कूल की छुट्टी होने के घर जाते समय छात्र पर दो अन्य नाबालिग छात्रों ने चाकू से हमला कर दिया। इस मामले में डबुआ थाना की टीम ने



त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर ही दो नाबालिकों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित छात्र की मां ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 28 अक्टूबर को स्कूल से घर आते समय किसी ने उसके बेटे पर चाकूओं से हमला कर दिया था।

# विधानसभा तिगांव के ग्रेटर फरीदाबाद में निगम कमिश्नर ने किया दौरा

**अधिकारियों को दिए निर्देश कार्य में न बरती जाए लापरवाही: निगमायुक्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बुधवार को ग्रेटर फरीदाबाद, तिगांव विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की प्रगति को लेकर अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर के कार्यालय पर आयोजित की गई, जिसमें निगम अधिकारियों के साथ-साथ राज्य मंत्री के भाई सुधीर नागर, पार्षदगण और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान निगम अधिकारियों ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

■ अधिकारियों ने क्षेत्र में विकास कार्यों की जानकारी ली

ओल्ड जोन के जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे और उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति सांझा की। इसके उपरांत निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने स्वयं पल्ला चौक मीट मार्केट, सराय मार्केट, पल्ला चौक से आगरा चौक



तक मेन मथुरा रोड, बायपास रोड और वार्ड-24, वार्ड 25 के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई के लिए भी सख्त निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र ही बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

आयुक्त ने कहा कि निगम की प्राथमिकता नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना है और इसी दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने साफ-सफाई, सडक़ मरम्मत, जल निकासी एवं बाजार क्षेत्रों के सुधार कार्यों को भी तेज गति से पूरा करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर संयुक्त आयुक्त राजेश कुमार, कार्यकारी अभियंता अजय पंघाल, कार्यकारी अभियंता डालचंद शर्मा, एसडीओ कृष्ण कुमार, एसडीओ पंकज के अलावा विजय भड़ाना, ब्रजेंद्र भड़ाना, प्रेमचंद शर्मा, प्रदीप त्यागी, बब्बल बंसल, जितेंद्र, सुमंत चंदेल पार्षद वार्ड 25 और ओमदत्त मुख्य रूप से मौजूद थे।

## किसानों ने सीएम योगी के कार्य की सराहना की

# रालोद नेताओ ने किया गन्ने के मूल्यों में बढ़ोतरी का स्वागत, खिले किसानों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

रालोद नेताओ ने प्रदेश सरकार द्वारा किया गन्ने के मूल्यों में बढ़ोतरी का स्वागत किया है। राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने 30 प्रति क्विंटल के हिसाब से किसान के गन्ने की कीमत में बढ़ोतरी के लिए प्रदेश सरकार का स्वागत किया है।

एक बयान में टीटू ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का यह एक स्वागत योग निर्णय है। केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत जी की बात पर गौर करते हुए मुख्यमंत्री ने किसान के हित में एक



अच्छा निर्णय लिया है। किसान के घर आई हुई यह फालतू कीमत का असर हमको कई जगह देखने को मिलेगा । देश का किसान मजबूत होगा तो देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी और यह आया हुआ पैसा फिर से बाजार में घूम कर आएगा और इसे हर क्षेत्र को लाभ मिलेगा क्योंकि स्वर्गीय भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह कहा करते थे कि देश की तरक्की का रास्ता किस के खेत से होकर जाता है । गन्ना समिति मोदीनगर के पूर्व चेयरमैन व सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा है कि गन्ने के रेट पर मुख्यमंत्री ने जो 30 क्विंटल बढाए हैं यह उनका स्वागत योग्य कदम है। राष्ट्रीय लोकदल इसका स्वागत करता है । गन्ने पर लागत बहुत आ रही है यह बहुत जरूरी था मुख्यमंत्री ने यह कदम किसान के हित में उठाया है जो की सराहनीय है रालोद नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह रणबीर दहिया बिट्टू खंजरपुर योगेंद्र पतला वीर सिंह सलेमाबाद अरुण शर्मा नीरज नबीपुर आदि मौजूद रहे। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ अजय वीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने गन्ने के भाव में 30 क्विंटल की बढ़ोतरी कर गन्ने का भाव 400 रुपए प्रति क्विंटल किया। प्रदेश के गन्ना किसानों को लगभग तीन हज़ार करोड़ रुपए का लाभ मिलेगा ।

रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने एन डी ए में शामिल होते समय ही प्रदेश के किसानों को वादा किया था कि इस बार गन्ने का भाव 400 रुपये प्रति क्विंटल किया जाएगा। मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्य नाथ जी से मिलकर चौधरी जयंत सिंह जी ने जो कहा वो पूरा किया ।

## समय पर टैक्स भुगतान करने के लिए प्रेरित किया

# 1.19 करोड़ प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करने पर निगम ने की बिल्डिंग

धर्मेंद्र ▶▶ गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों के खिलाफ सख्त हो गया है। इसी क्रम में बुधवार को निगम की टैक्सेशन टीम ने पालम विहार क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए वासुदेव ग्रेनाइट्स की बिल्डिंग को सील कर दिया।

इस संपत्ति पर कुल 11986642 रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया था। कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद मालिक द्वारा भुगतान नहीं किया गया, जिसके बाद निगम ने सीलिंग की कार्रवाई की। इस कार्रवाई का नेतृत्व जोनल टैक्सेशन अधिकारी राजेश यादव ने किया। उन्होंने बताया कि टैक्स विभाग द्वारा सभी जोनों में बकायेदारों की सूची तैयार कर ली गई है और जिन संपत्तियों पर लंबे समय से टैक्स बकाया है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि टैक्स वसूली को लेकर कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन्होंने अब तक अपना बकाया टैक्स जमा नहीं कराया है, उन्हें जल्द से जल्द भुगतान करने की सलाह दी गई है, अन्यथा उनकी संपत्तियों को भी सील या कुर्क किया जा सकता है। निगम का यह अभियान शहर में वित्तीय अनुशासन कायम करने और नागरिकों को समय पर टैक्स भुगतान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जारी है।

# फरीदाबाद में लघु उद्योग प्रकोष्ठ की संगठनात्मक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद महानगर के भाजपा जिला कार्यालय सेक्टर-2 में बुधवार को लघु उद्योग प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यकमों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में लघु उद्योग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एस. एन. शर्मा, जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, कविंद्र चौधरी एवं



लघु उद्योग प्रकोष्ठ की समस्त कार्यकारिणी उपस्थित रही। बैठक में संगठन की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। सोहन पाल सिंह ने कहा कि लघु उद्योग देश की आर्थिक रीढ़ हैं, अतः भाजपा कार्यकर्ताओं का यह दायित्व है कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की उद्यमी हितैषी योजनाओं को हर वर्ग तक पहुंचाएं। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन का प्रत्येक सदस्य उद्यमियों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान में सेतु की भूमिका निभाए। बैठक के अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन की एकजुटता और सेवा भावना के साथ आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# जीडीए के नए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के नए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने प्राधिकरण कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के अवसर पर प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार सिंह, अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपाध्यक्ष महोदय का सौहार्दपूर्ण स्वागत किया। उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण के कार्यों को पारदर्शी, जनहितकारी एवं समयबद्ध ढंग से संचालित करने पर बल दिया और



अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपाध्यक्ष महोदय को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

**नाबालिक के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में**

# पुलिस चौकी दयालबाग की टीम ने एक आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में थाना सूरजकुंड क्षेत्र की दयाग बाग चौकी टीम ने आरोपी को काबू किया है।

लक्कडपुर फरीदाबाद निवासी एक महिला ने 28 अक्टूबर को पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी नाबालिक लड़की 26 अक्टूबर को दुकान पर सामान लेने गई थी, तो दुकान के मालिक ने नाबालिक के साथ



अश्लील हरकत की। जिस शिकायत पर थाना सूरजकुंड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने पुलिस चौकी दयालबाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना के 24 घंटे के अंदर-अंदर आरोपी जितेंद्र पांडे निवासी लक्कडपुर फरीदाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सामने आया कि जब नाबालिक दुकान पर सामान लेनी गई तो आरोपी ने नाबालिक को अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकत की। जिसको माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

# दो करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी देकर धोखाधड़ी करने वाला पकड़ाया

## बैंक से वैरिफिकेशन करने पर हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा -2 (ईओडब्ल्यू) की टीम की जांच के बाद फर्जी बैंक गारंटी देने के मामले में तेलंगाना के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में उद्योग विहार थाना पुलिस को डाक के माध्यम से शिकायत मिली थी, जिस पर ईओडब्ल्यू की टीम ने जांच की तो मामला सही मिला।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से पुलिस की मांग पर दो दिन के रिमांड पर सौंप दिया है। शिकायत के माध्यम से शिकायतकर्ता ने बताया कि इसकी कंपनी फॉर मार्ट के साथ भारतीय नेचुरल प्रोडक्ट का व्यवसाय करती है। भारतीय नेचुरल प्रोडक्ट कंपनी द्वारा व्यवसाय करने के लिए एक एग्रीमेंट किया गया, जिसमें भारतीय नेचुरल प्रॉडक्ट्स कंपनी द्वारा फॉर मार्ट कंपनी को 14 अक्टूबर 2022 को दो करोड़ रुपए की बैंक गारंटी दी गई थी। फॉर मार्ट द्वारा जब अपना अनाज भारतीय नेचुरल प्रोडक्ट को बेचा तो अनाज की रकम करीब 56 लाख रुपए बकाया थी। जब फॉर मार्ट द्वारा माल की राशि की अग्रिम दी गई बैंक गारंटी की राशि का उपयोग करना चाहा तो बैंक से वैरिफिकेशन करने पर पता चला कि भारतीय नेचुरल प्रोडक्ट कंपनी द्वारा दो करोड़ की बैंक गारंटी फर्जी मिली। भारतीय नेचुरल प्रोडक्ट द्वारा फर्जी डॉक्यूमेंट के साथ फर्जी बैंक गारंटी देकर फर्जीवाड़ा किया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना उद्योग विहार, गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया। आर्थिक अपराध शाखा -2, गुरुग्राम की पुलिस टीम द्वारा केस में कार्रवाई करते हुए गत 27 अक्टूबर उद्योग विहार, गुरुग्राम से एक आरोपी को अरेस्ट कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजेन्द्र चेरूकुरी (50 वर्ष व शिक्षा बी. कॉम) निवासी शोभा एनक्लेव कुक्कटपल्ली, जिला मेडचल-मलकाजगिरि (तेलंगाना) के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गत मंगलवार को अदालत में पेश किया गया।

### आरोपी ने ऐसे दिया धोखाधड़ी को अंजाम

आरोपी से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि इसकी कंपनी भारतीय नेचुरल प्रोडक्ट अनाज खरीदने का व्यवसाय करती है और यह कंपनी वर्ष-2022 में कंपनी के कार्य के संबंध में मीटिंग करने उद्योग विहार, गुरुग्राम आया था। उस समय शिकायतकर्ता से इसकी मुलाकात हुई थी और इसने भारतीय नेचुरल प्रोडक्ट कम्पनी के लिए फॉर मार्ट कंपनी से बहुत सारा अनाज (कीमत करीब 56 लाख) उधारी पर ले लिया था। इसके पास भुगतान करने के लिए रुपए नहीं थे तो इसने मामले में धोखाधड़ी कर पीएनबी बैंक फर्जी गारंटी देकर फर्जीवाड़ा करने की वारदात को अंजाम दिया।

## पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

# बाइक की टक्कर से घायल युवक ने पीजीआई रोहतक में दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर-62 में गत 21 अक्टूबर की रात को एक बाइक की टक्कर से घायल हुए युवक ने ईलाज के दौरान पीजीआई रोहतक में दम तोड़ दिया।

युवक की मौत के बाद पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मोहित तिवारी निवासी अगडाल थाना गढ़ जिला रीवा मध्यप्रदेश ने बताया कि उसका बड़ा भाई रोहित तिवारी (33 वर्ष) गुरुग्राम के एसपीएस स्कूल में गार्ड के रूप में काम करता था।

गत 21 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे सेक्टर-62 में एक बाइक चालक ने तेज गति से बाइक चलाते हुए रोहित तिवारी को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले नागरिक अस्पताल गुरुग्राम में एडमिट कराया।

# टेलिग्राम टास्क के माध्यम से 5 लाख 75 हजार रुपए की ठगी करने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

टेलिग्राम टास्क के माध्यम से 5,75,000 रुपए की ठगी करने के मामले में साईबर पुलिस ने चार आरोपियों को काबू किया है। सेक्टर-29 निवासी एक महिला ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसने फेसबुक पर बच्चों के फैशन शो का एड देखा और उसने दिये गये नम्बर पर चैट करना शुरू की जिन्होंने उससे बच्चे का बॉयो डाटा मांगा और उसने डाटा ठगों के पास भेज दिया, जिसके बाद



उन्होंने बोला के उसका बेटा फैशन शो में भाग ले सकता है। जिसके बाद उन्होंने उससे टेलिग्राम एप डाउनलोड करने को कहा और उसे लाईक व शेयर के कुछ टास्क कर अच्छा पैसा कमाने का लालच दिया। जिसके बाद उसने लालच में आकर टास्क के लिए कुल 5,75,500 रुपए भेजे। लेकिन उसे कोई पैसा वापिस नहीं दिया गया। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए राकेश कुमार मीणा, हरदेव मीणा निवासी गांव दौलतपुर गुसार जिला जयपुर राजस्थान, आदित्य शर्मा व अभिषेक शर्मा निवासी पुरम कॉलोनी जयपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि राकेश मीणा खाताधारक है जिसके खाता में ठगी के 1,56,000 रुपए आए थे और हरदेव ने इसका खाता लेकर आगे दिया था। ठगी के पैसो को निकलवाकर आदित्य शर्मा व अभिषेक शर्मा को दे दिए ।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **भरत सिंह, पुत्रः कृपाल, निवासीः मकान संख्या–1195, जी.डी कॉलोनी एमवी3, दिल्ली** ने **FIR No.: 48/2022, Dated: 09/1/2022, U/s: 188 IPC, पुलिस थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **भरत सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **भरत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **भरत सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 19.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
जेएमएफसी–03, पूर्व जिला, कमरा संख्या 16,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14386/ED/2025

**परवेन्द्र व अमित को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया**

# जापान में नौकरी देने के नाम पर एक लाख 25 हजार की ठगी के मामले में 4 आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जापान में नौकरी देने के नाम पर 1,25,580 रूपए की ठगी के मामले में साईबर पुलिस ने चार आरोपियों को काबू किया है।

सेक्टर-82 ग्रेटर फरीदाबाद वासी ने साइबर क्राईम से संबंधित पुलिस को शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसने इटोचू कॉर्पोरेशन जापान में सीनियर फाइनेंस मैनेजर की पोस्ट के लिए अप्लाई किया था। जिसके बाद उसके पास ऑनलाईन इंटरव्यू के लिए मेल आया। पहले इंटरव्यू के बाद उसे दूसरे राउंड के इंटरव्यू के लिए कुछ डॉक्यूमेंट भेजने के लिए कहा गया। इंटरव्यू के बाद उसे इटोचू कॉर्पोरेशन जापान से सिलेक्शन और नौकरी के ऑफर



लेटर के बारे में एक ई.मेल मिला और फिर डॉक्यूमेंट की फॉर्मैलिटी पूरी करने के लिए उन्होंने उससे कंसल्टेंट के पास इन प्रिंसिपल अप्रूवल के लिए रिफंडेबल सिक्योरिटी के तौर पर 38,800 रुपए जमा करने को कहा जो उसने उनके बताये खाता में भेज दिये। उसे इटोचू कॉर्पोरेशन जापान से एक ई-मेल और मिला जिसमें वीजा के लिए रिफंडेबल सिक्योरिटी अमाउंट 86,780 रूपए जमा करने के लिए कहा गया था। जो उसने कुल 1,25,580 रूपए ठगों के बताये खाता में भेज दिये लेकिन उससे जापान के मिजुहो बैंक में एक वेतन खाता खोलने के लिए कुछ दस्तावेज जमा करने के साथ 150000 येन का भुगतान करने को कहा। शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि साइबर की टीम ने कार्रवाई करते हुए अमित गंगवार निवासी गांव राय नवादा जिला बरेली उत्तर प्रदेश, लविश गंगवार निवासी ग्राम खुटिया जिला बरेली उत्तर प्रदेश, परवेन्द्र कुमार निवासी बीसलपुर शीशगढ, जिला बरेली उत्तर प्रदेश व अशोक कुमार निवासी गांव बल्ली जिला बरेली उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **अक्षय उर्फ अक्कू, पुत्रः** स्वर्गीय राज कुमार उर्फ राजू, **पताः** मकान नंबर 1174, मेन वाल्मिकी चौक गांव अलीपुर, दिल्ली **FIR No. 221/2019 U/s 363/342/365/366/376/109/34 IPC & 06/17 POCSO Act, पुलिस थानाः सुल्तानपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अक्षय उर्फ अक्कू,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अक्षय उर्फ अक्कू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अक्षय उर्फ अक्कू, FIR No. 221/2019 U/s 363/342/365/366/376/109/34 IPC & 06/17 POCSO Act, पुलिस थानाः सुल्तानपुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
नीति सूरी मिश्रा
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
(एफ टी एस सी) (पोक्सो) उत्तर–पश्चिम
कमरा नं. 318 तृतीय तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14521/OD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मलखान पुत्र मुन्ना निवासी बी–317, साहिद नगर, थाना साहिबाबाद जिला गाजियाबाद, यूपी** ने **FIR No. 401/2014 U/S 356/379/411 IPC, अन्तर्गत थाना दरिया गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मलखान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मलखान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 401/2014 U/S 356/379/411 IPC, अन्तर्गत थाना दरिया गंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मलखान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
डॉ. राज कुमार सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (केंद्रीय)
मध्य जिला, कमरा संख्या 241
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14302/CD/2025(Court Matter)

**खबर संक्षेप**

### 6 साल की मासूम से दुष्कर्म के बाद हुई थी हत्या



**चंदौली।** चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में छह वर्षीय बालिका का शव सोमवार की रात घर से कुछ दूरी पर भूसे के ढेर में मिला था। परिवार वालों ने बालिका से दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई थी। इस मामले में एसपी आदित्य लांग्हे ने बताया कि बुधवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।

**भक्तो को भेजे जाएंगे इनविटेशन**

# अयोध्या में राम मंदिर के लिए भक्तों ने 3 हजार करोड़ रुपए दान किए, अब ध्वजारोहण कार्यक्रम में किए जाएंगे सम्मानित

अयोध्या राम मंदिर निर्माण में राम भक्तों ने दिल खोलकर दान दिया। अब तक 3000 करोड़ से ज्यादा का दान प्राप्त हुआ है, जबकि मंदिर निर्माण का अनुमानित खर्च 1800 करोड़ रुपए है। अब राम मंदिर निर्माण समिति अब ऐसे दानदाताओं को सम्मानित करेगा।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बयान जारी करते हुए बताया कि देशभर के राम भक्तों ने मंदिर निर्माण के लिए अब तक 3000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि समर्पित की है. यह दान न केवल प्राण प्रतिष्ठा समारोह तक सीमित रहा, बल्कि 2022 के बाद भी श्रद्धालुओं ने उदारता का परिचय दिया है। मिश्रा ने कहा कि समिति ने फैसला किया है कि इन सभी दानदाताओं को आगामी ध्वजारोहण कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा, ताकि उनकी भावनाओं का सम्मान हो सके। नृपेंद्र मिश्रा ने अयोध्या में पत्रकारों से बातचीत में खुलासा किया कि मंदिर निर्माण के प्रति देशवासियों का अपार विश्वास इस दान राशि में झलकता है।

## सभी दानदाताओं को ध्वजारोहण में आमंत्रित किया जाएगा



उन्होंने कहा, राम भक्तों ने दिल खोलकर योगदान दिया है। 2022 के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बड़ी रकम दान की, जो मंदिर के सौंदर्यीकरण और संरक्षण में उपयोगी सिद्ध होगी। समिति की ओर से अब ध्वजारोहण समारोह को समरसता की भावना से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 6000 से अधिक लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। इसमें 2022 के बाद दान देने वाले भक्तों को भी शामिल करने का निर्णय लिया गया है, जो समाज के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## सामाजिक एकता का प्रतीक होगा कार्यक्रम

मिश्रा ने जोर देकर कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक होगा। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण के बाद मंदिर परिसर में एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें दानदाताओं के अलावा निर्माण में योगदान देने वाली कंपनियों, सप्लायर्स, ठेकेदारों और कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। इन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके प्रयासों की सराहना की जाएगी। यह कदम मंदिर निर्माण को एक सामूहिक उपलब्धि के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## पेज एक का शेष....

### जिस राफेल पायलट शिवांगी ...

दिया। राष्ट्रपति के साथ इस तस्वीर में स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह मुस्कुराती हुई दिख रही हैं। एयरबेस पर मौजूद वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने एक दूसरे विमान मे उड़ान भरी। राफेल में राष्ट्रपति मुर्मू जी-सूट पहनकर सवार हुईं, जो कि तेज जी-फोर्स में पायलट की रक्षा करता है। इस दौरान राष्ट्रपति ने पायलट को दिए जाने वाला खास चश्मा भी पहने और वे हाथ में हेलमेट लिए दिखीं। गौर हो कि सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर मुर्मू ने 8 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी और वह ऐसा करने वाली तीसरी राष्ट्रपति बनी थीं। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम और प्रतिभा पाटिल ने क्रमशः 8 जून, 2006 और 25 नवंबर, 2009 को पुणे के पास लोहेगांव वायुसेना स्टेशन से सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी।

**यह उड़ान लगभग 30 मिनट तक चली:** राष्ट्रपति मुर्मू ने सुबह 11.27 बजे विमान के उड़ान भरने से पहले जेट के अंदर से हाथ हिलाकर अभिवादन किया। यह उड़ान लगभग 30 मिनट तक चली और लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद यहाँ वायुसेना स्टेशन पर वापस लौटी। विमान को 17 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन अमित गेहानी उड़ा रहे थे। इस लड़ाकू विमान ने समुद्र तल से लगभग 15,000 फीट की ऊंचाई पर और लगभग 700 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उड़ान भरी।

### शिवांगी सिंह कौन ...

उन्होंने मिग-21 जैसे सुपरसोनिक फाइटर जेट पर उड़ान भरी। इस दौरान उनकी पोस्टिंग राजस्थान के उस एयरबेस पर हुई, जो पाकिस्तान सीमा के करीब है। यहीं उन्होंने विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान के साथ भी काम किया

### ट्रंप ने पीएम मोदी...

दिए। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि, इस बीच उन्होंने आयात शुल्क को अमेरिका की ताकत के तौर पर भी दर्शाया। ट्रंप ने दावा किया कि हमने साफ कह दिया था कि भारत-पाक पर हम 250 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। इसका मतलब है कि आप कभी व्यापार नहीं करेंगे और 48 घंटे के भीतर युद्ध खत्म हो गया।

**राहुल ने पीएम को दी नसीहत:** दरभंगा में राहुल गांधी ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के समय का उल्लेख करते हुए कहा कि 1971 में इंदिरा गांधी ने अमेरिका के राष्ट्रपति (रिचर्ड निक्सन) से कह दिया था कि हम तुमसे नहीं डरते। प्रधानमंत्री यह होता है।

### डरिए मत मोदी जी...

मोदी जी, जवाब देने की हिम्मत तो दिखाइए। इससे पहले राहुल गांधी ने दरभंगा रैली में पीएम नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि वह बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान यह कहकर दिखाएं कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। राहुल गांधी ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के समय का उल्लेख करते हुए कहा कि 1971 में इंदिरा गांधी ने अमेरिका के राष्ट्रपति (रिचर्ड निक्सन) से कह दिया था कि हम तुमसे नहीं डरते। प्रधानमंत्री यह होता है। राहुल ने काह कि आज ट्रंप हमारी सेना, हमारी वायुसेना पर टिप्पणी कर रहे हैं और पीएम मोदी चुप हैं।

### डिजिटल इंडिया से भ्रष्टाचार...

से मुक्ति मिली है। हाल ही में किए गए जी.एस.टी. सुधार इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की "गारंटी" सदैव पूरी होती है। ये सुधार आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होंगे। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए "स्वदेशी" और "मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड" के आह्वान ने देश में विनिर्माण क्षेत्र को नई दिशा दी है। हाल ही में जापान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत यह विजन आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया अभियान के अंतर्गत यूपीआई से लेकर डीबीटी तक डिजिटल लेन-देन की क्रांति ने पारदर्शिता को बढ़ावा दिया है और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है। आज भारत का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी दुनिया के लिए एक उदाहरण बन चुका है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विनिर्माण और उत्पादन पर बल देकर आयात पर निर्भरता घटाई है तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। केंद्र सरकार की दूरदर्शी नीतियों और सुधारों के परिणामस्वरूप आज भारत न केवल आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक सशक्त साझेदार के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। उन्होंने कहा कि आज यहां आकर उन्हें बिहार की मिट्टी की महक और हरियाणा की उद्यमशीलता की भावना का एक अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यह संगम, वास्तव में, हमारे देश की प्रगति और 'विकसित भारत' के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बिहार और हरियाणा का रिश्ता केवल राज्यों की भौगोलिक सीमा तक सीमित नहीं है। यह रिश्ता प्रेम, श्रम और विश्वास का है। सैनी ने कहा कि आज बिहार में डबल इंजन की सरकार के कारण यह पूरे देश में यह प्रदेश दूसरे सबसे तेजी से बढ़ने वाले राज्य के रूप में जाना जा रहा है। आज बिहार की जीडीपी वृद्धि दर 14 प्रतिशत से भी अधिक है। अब बिहार की जीडीपी में औद्योगिक क्षेत्र का हिस्सा 23 प्रतिशत है, जो कृषि के हिस्से से भी अधिक है। यह सिद्ध करता है कि बिहार में उद्योगों के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल माहौल बना है।

### महिला की मौत...

भरथापुर घाट पहुंचने वाली थी तभी दो सौ मीटर पहले अनियंत्रित होकर पलट गई। सुरक्षित बचकर निकले लक्ष्मी नारायण ने फोन कर सुजौली पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि नाव में 22 लोग सवार थे। एक बाइक और चार साइकिल भी लदी थी। लक्ष्मी नारायण ने बताया कि वह और तीन अन्य लोग सुरक्षित निकल आए हैं। नाव चालक मिहींलाल पुत्र पुत्तीलाल भी लापता हैं। उधर घटना की सूचना पाकर रात 9 बजे एसडीएम मिहींपुरवा रामदयाल और तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष सुजौली प्रकाश चंद्र शर्मा और 13 लेखपालों की टीम भी गांव पहुंच गई। नदी का तेज बहाव और अंधेरा ग्रामीणों के लिए मुश्किल खड़ी कर रहा है। स्थानीय लोग अपने स्तर पर भी तलाश में जुटे हुए हैं।

**गेट खोलने से नदी में तेज हुआ बहाव :** ग्रामीणों के मुताबिक चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज के गेट खोले जाने से नदी में तेज बहाव बढ़ गया है, जो इस हादसे की मुख्य वजह बना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लेकर पुलिस और प्रशासन को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया है।

### भारत और नेपाल ने विद्युत...

क्षमता वाले सीमा पार विद्युत पारेषण अवसंरचना के विकास हेतु दो संयुक्त उद्यम संस्थाओं - एक भारत में और एक नेपाल में- के गठन के लिए हैं। प्रस्तावित सीमा-पार पारेषण प्रणाली परियोजनाओं में इनारुवा (नेपाल) - न्यू पूर्णिया (भारत) 400 केवी डबल सर्किट (क्वाड मूस) पारेषण लिंक और लमकी (डोडोधारा) (नेपाल) - बरेली (भारत) 400 केवी डबल सर्किट (क्वाड मूस) पारेषण लिंक का विकास शामिल है। पूरा होने पर, ये पारेषण गलियारे भारत और नेपाल के बीच बिजली के आदान-प्रदान को काफ़ी बढ़ाएंगे, क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करेंगे, ग्रिड की क्षमता में सुधार लाएंगे और दोनों देशों में सतत आर्थिक विकास में योगदान देंगे।

### विकास और सशक्त नेतृत्व...

कहा कि बिहार सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार हर घर की महिला को 'लखपति दीदी' बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। वर्ष 2005 में जहां केवल 6 मेडिकल कॉलेज थे, अब उनकी संख्या 15 हो चुकी है। इंजीनियरिंग कॉलेजों की संख्या 3 से बढ़कर 38 हो गई है और स्टार्टअप्स की संख्या बढ़कर 1500 से अधिक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मखाना को 'सुपरफूड' का दर्जा देकर बिहार को वैश्विक पहचान दी है। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष के पास न विकास का एजेंडा है, न ईमानदारी का संकल्प। उनके पास केवल वंशवाद, भ्रष्टाचार और झूठे आरोप हैं जबकि भाजपा जनसेवा और विकास की राजनीति करती है। जनसभा में पहुंचने पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का जोरदार स्वागत किया गया।

**हरियाणा और बिहार का रिश्ता ऐतिहासिक और सांस्कृतिक बंधनों में बंधा हुआ: नायब :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा और बिहार का रिश्ता सिर्फ भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं, बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक बंधनों में बंधा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा जहां गन्ना और गेहूं उत्पादन में अग्रणी है, वहीं बिहार मखाना उत्पादन के दम पर विश्व बाजार में पहचान बना रहा है। सैनी बुधवार को बिहार में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि एक समय था जब बिहार को गरीब और पिछड़ा कहा जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने युवाओं को रोजगार, मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों की बढ़ोतरी और सड़कों के विस्तार का हवाला देकर डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

### भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते...

**आर्थिक संबंधों में नई मजबूती :** उपसभापति ने कहा कि यूरोपीय संघ भारत का एक प्रमुख व्यापार और निवेश साझेदार है तथा प्रौद्योगिकी का भी एक बड़ा स्रोत है। उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में यूरोपीय संघ भारत का वस्तुओं के क्षेत्र में सबसे बड़ा द्विपक्षीय व्यापारिक साझेदार रहा, जो दोनों पक्षों के बीच गहराते आर्थिक संबंधों को दर्शाता है। हरिवंश ने कहा कि नए रणनीतिक एजेंडे में उल्लिखित कई पहलें पहले से ही चर्चा के चरण में हैं, जिनमें वर्ष के अंत तक एफटीए को अंतिम रूप देना और सुरक्षा व रक्षा साझेदारी को मजबूत करना शामिल है। ये पहलें आगामी भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के लिए अहम उपलब्धियाँ मानी जा रही हैं।

**प्रासंगिक समय पर हुई यह महत्वपूर्ण बैठक :** यह बैठक ऐसे समय पर हुई जब केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ब्रुसेल्स में अपने यूरोपीय समकक्षों के साथ वार्ता कर रहे हैं। यह इस बात का प्रतीक है कि भारत और यूरोपीय संघ दोनों ही पक्ष अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए समान रूप से प्रतिबद्ध हैं।

### भारत और यूरोपीय संघ...

एक सकारात्मक कदम बताया और कहा कि इसमें व्यापार, प्रौद्योगिकी, सुरक्षा, नवाचार, जलवायु परिवर्तन, संपर्क, गतिशीलता और वैश्विक शासन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की महत्वाकांक्षा झलकती है।






# साउंड हीलिंग थेरेपी ध्वनि से संभव तन-मन का उपचार

बदलती जीवनशैली की वजह से आज के दौर में अधिकतर लोग मानसिक रूप से परेशान नजर आते हैं। इसका असर शारीरिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। इनसे राहत के लिए साउंड हीलिंग थेरेपी बहुत कारगर हो सकती है।


नेचुरोपैथी

बुशरा फातमा



बीते एक दशक में जितनी तेजी से हमारी लाइफस्टाइल में बदलाव आया है, उसने पूरी तरह हमारे मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को बदल दिया है। छोटी-छोटी बातों पर तनावग्रस्त हो जाना या डिप्रेशन में चले जाना, आम समस्या बनती जा रही है। भारत उन देशों की कतार में भी आगे होता जा रहा है, जहां डिप्रेशन के मरीजों की संख्या अधिक है। बढ़ता तनाव और उससे जुड़ी शारीरिक समस्याएं, लोगों को फिर से उन प्राचीन यौगिक क्रियाओं और प्राकृतिक चिकित्सा की तरफ मोड़ रहा है, जो एक समय में हमारे देश में बहुत प्रचलित हुआ करती थीं। साउंड हीलिंग थेरेपी एक ऐसी ही थेरेपी है, जिसे लेकर लोगों में में रुझान बढ़ रहा है, जो तनाव कम करने में कारगर साबित हो रहा है।

**कैसे काम करती है थेरेपी:** साउंड हीलिंग एक ऐसी थेरेपी है, जिसमें ध्वनि तरंगों का इस्तेमाल किया जाता है, जो हमारे शरीर के सातों चक्रों पर काम करते हैं। इन सात चक्रों से संबंधित सात अलग-अलग बाउल का यूज किया जाता है, जिनके अलग नोट्स होते हैं और वो शरीर पर उसी नोट्स के हिसाब से काम करते हैं। ये बाउल मुख्यतः हाथों से बने होते हैं, जिनमें सात धातुओं का मिश्रण होता है, जिन्हें पूर्णिमा की रात में बनाया जाता है। इन बाउल में इतने वाइब्रेशन मौजूद होते हैं कि ये हमारे शरीर के चक्रों को सीधे प्रभावित करते हैं। इसलिए जब अलग-अलग चक्र के बाउल्स हमारे आस-पास बजाए जाते हैं, तब उनसे जो वाइब्रेशंस निकलती हैं, वो हमारे चक्रों के ब्लॉक को तोड़ देती हैं। चूंकि शरीर में मौजूद चक्रों के असंतुलन से ही मानसिक और शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऐसे में साउंड हीलिंग थेरेपी हमारे चक्रों को बैलेंस करने का काम करता है।



साउंड हीलिंग उन लोगों के लिए बहुत लाभदायक है, जो किसी मानसिक समस्या से गुजर रहे हैं और अपने दैनिक जीवन में तनाव को आसानी से हैंडल नहीं कर पाते हैं। चूंकि मन का स्वास्थ्य, तन के स्वास्थ्य से जुड़ा होता है, इसलिए कई ऐसे लोग जो किसी गंभीर बीमारी से भी गुजर रहे हों तो साउंड हीलिंग उनके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

**तनाव-चिंता से दिलाए राहत:** साउंड हीलिंग थेरेपी में अलग-अलग ध्वनि के वाइब्रेशन शरीर को अलग-अलग तरीके से ही प्रभावित करते हैं, जो हमारी चिंता और तनाव को काफी हद तक कम करने में मदद करते हैं। ये वाइब्रेशन, कोशिकाओं को शांत करती है, जिससे तनाव कम महसूस होने लगता है। कई बार जब आप ये थेरेपी लेंगे तो सर भारी महसूस होगा लेकिन कुछ सेशन लेने के बाद आप अपने तनाव को कम होता महसूस करेंगे।

**अच्छी नींद में मददगार:** जिन लोगों को कम नींद या नींद न आने की समस्या हो उनके लिए ये थेरेपी रामबाण की तरह काम करती है। शरीर में मौजूद चक्र जब धीरे-धीरे संतुलन में आने लगते हैं तो दिमाग शांत होने लगता है और उससे अच्छी नींद आती है।

**एकाग्रता बढ़ाने में सहायक:** बढ़ते काम का बोझ हो या स्टूडेंट्स की पढ़ाई का बढ़ता स्ट्रेस दिमाग को अशांत तो बनाता ही है। साथ ही ये एकाग्रता को भी कम करता है। साउंड हीलिंग थेरेपी एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करती है और फोकस में वृद्धि करती है। रैटल शेकर इस थेरेपी में इस्तेमाल किया जाने वाला एक ऐसा अद्भुत यंत्र है, जिसे ऋषिकेश के जंगलों में पाए जाने वाले एक पेड़ के बीज से बनाया जाता है। हमारा दिमाग चार अलग-अलग वेव्स पर काम करता है अल्फा, बीटा, डेल्टा और गामा और जब हम किसी बात को लेकर ओवर थिंकिंग करते हैं तो वो दिमाग अल्फा, बीटा के स्टेट में चला जाता है। जब रैटल शेकर को मस्तिष्क पर रखा जाता है तो उससे निकलने वाली आवाज से शरीर प्रतिक्रियाएं देता है और दिमाग शांत होता चला जाता है।

**कोर्टिसोल हॉर्मोन पर नियंत्रण:** हमारे शरीर में मौजूद कोर्टिसोल हॉर्मोन बहुत-सी बीमारियों को जन्म देती है और शरीर के जिस हिस्से में यह बढ़ता है, वहां म्यूकस पैदा होता है। डिप्रेशन के मरीजों में कोर्टिसोल हॉर्मोन की मात्रा बहुत बढ़ जाती है और साउंड हीलिंग थेरेपी में ये हॉर्मोन रिएक्ट करता है इसलिए रेगुलर सेशन के बाद मरीज खुद को काफी शांत और हल्का महसूस करता है।

**लाइफस्टाइल में बदलाव है जरूरी:** डिजिटल और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल ने लोगों को बहुत इंपल्सिव और इंसिक्योर बना दिया है और लोग शांति और सुकून की तलाश में अपने पुराने दौर की जीवनशैली की तरफ दोबारा बढ़ रहे हैं। लेकिन अगर अपने लाइफस्टाइल में हेल्दी बदलाव लाया जाए तो मानसिक तनाव पर बहुत हद तक काबू पाया जा सकता है। अच्छे खान-पान की आदत, अच्छी नींद और हार्मोनल बैलेंस के लिए सुबह-सुबह घास पर नंगे पांव चलना न सिर्फ फिजिकली फिट रखने में मदद करता है बल्कि यह हमारे मानसिक स्वास्थ को भी ठीक करता है। पूरे दिन में एक घंटे की फिजिकल एक्टिविटी जैसे वॉक, योग या जॉगिंग भी मेंटल फिटनेस के लिए बहुत जरूरी है। *

**(होलिस्टिक हीलर शुभांगी चौहान से बातचीत पर आधारित)**

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. विकास अग्रवाल

जनरल फिजीशियन, कोलकाता

अगर आप अकसर बिना किसी कारण के खुद को बेचैन महसूस करते हैं, घबराए हुए से रहते हैं और जरा भुलक्कड़ भी हो गए हैं। किसी कार्य में एकाग्रचित्त नहीं हो पाते हैं। अचानक आपका शारीरिक वजन घटने या बढ़ने लगा है। जरूरत से ज्यादा थकान महसूस होती रहती है तो सावधान हो जाएं ऐसा थाइरॉयड प्रॉब्लम की वजह से भी हो सकता है। इंडियन थाइरॉयड सोसाइटी से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक भारत में 4.2 करोड़ से ज्यादा लोग थाइरॉयड के मरीज हैं, जिनमें 60 प्रतिशत महिलाएं हैं।

अस्त-व्यस्त जीवनशैली समेत कुछ अन्य वजहों से इन दिनों अनेक लोग थाइरॉयड प्रॉब्लम से ग्रस्त रहने लगे हैं। हालांकि पुरुषों की तुलना में महिलाएं इससे अधिक ग्रस्त रहती हैं लेकिन पुरुषों में भी इसे काफी देखा जाने लगा है। ध्यान ना देने पर कई बार यह रोग गंभीर रूप भी ले लेता है। इसलिए यहां आपको इस रोग के कारणों, लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में डिटेल में बता रहे हैं।

# कई अन्य समस्याओं की वजह बन सकती है थाइरॉयड प्रॉब्लम



## क्या है थाइरॉयड प्रॉब्लम

हमारे गले में अखरोट के आकार की थाइरॉयड ग्लैंड होती है, जो दो तरह के हारमोन टी3 और टी4 बनाती है। यह शरीर की सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथियों में से एक है, जो कई शारीरिक क्रियाओं को कंट्रोल में रखती है। अच्छी नींद, स्वस्थ पाचन तंत्र, मेटाबॉलिज्म, लिवर फंक्शन, शरीर के तापमान को नियमित रखना और उसका विकास आदि। इस तरह आप थाइरॉयड ग्रंथि को शरीर का सेंट्रल कंट्रोलर मान सकते हैं। यह समस्या दो प्रकार की हो सकती है- हाइपोथाइरॉयडिज्म और हाइपरथाइरॉयडिज्म। हाइपो में वजन बढ़ने लगता है और भूख कम लगती है। हाथ पांव में सूजन आ जाती है। सुस्ती और ठंड लगने से व्यक्ति परेशान रहता है। महिलाओं में मासिकधर्म में गड़बड़ी और याददाश्त में कमी हो जाती है। आयोडीन की कमी के अलावा खान-पान पर ध्यान नहीं देना और जरूरत से ज्यादा तनावयुक्त जीवन थाइरॉयड समस्या को बढ़ावा देता है।

हाइपरथाइरॉयडिज्म समस्या में मरीज का वजन कम हो जाता है और बार-बार भूख लगती है। हमेशा टेंशन महसूस होना, ध्यान केंद्रित ना कर पाना, तेज या धीमी धड़कन और ब्लड प्रेशर की समस्या, वजन का तेजी से गिरना या बढ़ना, गले में सूजन, ज्यादा पसीना आना, मासिकधर्म की परेशानी, नींद में कमी, थकान को मिटाने के लिए बार-बार कुछ खाने की इच्छा, गैस्ट्रिक अल्सर, बार-बार यूरिन आना इसके लक्षणों में शामिल हैं। हाइपर थाइरॉयडिज्म की तुलना में हाइपोथाइरॉयडिज्म में यह समस्या ज्यादा देखी जाती है। ऐसा तब होता है, जब शरीर के कुछ सेल्स थाइरॉयड ग्लैंड की सेल्स को खत्म करना शुरू कर देते हैं। इसीलिए इसे ऑटो इम्यून बीमारी भी कह सकते हैं। पहले के दौर में यह समस्या काफी ज्यादा हुआ करती थी, लेकिन आजकल लोग इसके प्रति सचेत हो गए हैं।

## थाइरॉयड रोग के लक्षण

इसके लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि थायराइड ग्रंथि अधिक सक्रिय (हाइपरथाइरॉयडिज्म) है या कम सक्रिय (हाइपोथाइरॉयडिज्म) है। थाइरॉयड के लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं और धीरे-धीरे विकसित हो सकते हैं।



**कम सक्रिय थाइरॉयड के लक्षण:** थकान और कमजोरी, वजन बढ़ना, ठंड लगना, त्वचा और बालों का रूखापन, बाल झड़ना, कब्ज, मांसपेशियों में दर्द या जकड़न, डिप्रेशन या मूड स्विंग्स, धीमी हृदय गति, अनियमित या हैवी ब्लीडिंग, याददाश्त कमजोर होना, चेहरा या आंखों के आस-पास सूजन इसके लक्षणों में शामिल हैं।

**अधिक सक्रिय थाइरॉयड के लक्षण:** वजन कम होना (भूख बढ़ने के बावजूद), घबराहट, चिंता या बेचैनी महसूस होना, तेज हृदय गति या धड़कन, पसीना आना या गर्मी लगना, असहज लगना, नींद में परेशानी, बार-बार मल त्याग या दस्त, मांसपेशियों में कमजोरी, हाथों में कंपन, महिलाओं में अनियमित पीरियड्स, बालों का पतला होना, आंखों में उभार होना।

## थाइरॉयड प्रॉब्लम के साइड इफेक्ट्स


इससे हड्डियां भी कमजोर पड़ने लगती हैं। थाइरॉयड के मरीजों को ऑस्टियोपोरोसिस होने की आशंका हो सकती है। पैरों में दर्द और वाटर रिटेंशन की समस्या भी थाइरॉयड प्रॉब्लम से ही जुड़ी है।

थाइरॉयड ग्लैंड में असंतुलन होने की वजह से हारमोंस में असंतुलन होता है। इससे दिल की बीमारी से लेकर इनफर्टिलिटी तक भी हो सकती है। थाइरॉयड कैंसर भी इसी असंतुलन का ही नतीजा है। गले में दर्द, सूजन और हमेशा भारीपन महसूस होना इसकी वजह से हो सकता है। हाइपोथाइरॉयडिज्म, प्रेगनेंसी में काफी खतरनाक हो सकता है। यह गर्भ में पल रहे शिशु के विकास और उसके मस्तिष्क के लिए काफी नुकसानदेह होता है। इसलिए महिलाएं जब भी प्रेगनेंसी प्लान करें, तो अपना थाइरॉयड टेस्ट जरूर कराएं।

थाइरॉयड हारमोंस से जुड़ी समस्या है, इसीलिए इसका सीधा असर सेक्स इच्छा और इनफर्टिलिटी पर पड़ता है। पुरुषों और महिलाओं में भी थाइरॉयड, सेक्स को प्रभावित करता है। अचानक आए मूड में बदलाव के लिए डॉक्टर से कंसल्ट करके थाइरॉयड टेस्ट कराएं और एंडोक्राइनोलॉजिस्ट से मिलें। थाइरॉयड की दवाएं लेने पर व्यक्ति नॉर्मल सेक्सुअल लाइफ जी सकता है। थाइरॉयड की समस्या ज्यादातर स्त्रियों में ही देखने को मिलती है। पुरुषों में थाइरॉयड की समस्या स्त्रियों की तुलना में कम देखने को मिलती है। इसके लक्षण दिखने पर डॉक्टर को जरूर बताएं। इससे जुड़ी सावधानियों और दवाओं के बारे में वे बताएंगे। जब तक थाइरॉयड नार्मल नहीं हो तब तक महिलाओं को प्रेगनेंसी प्लान करने से बचना चाहिए।

## टेस्ट-ट्रीटमेंट

थाइरॉयड प्रॉब्लम की जांच के लिए डॉक्टर की सलाह पर TSH, T3, T4 जैसे ब्लड टेस्ट करवाए जा सकते हैं। थाइरॉयड की समस्या का इलाज दवाओं, सही आहार और जीवनशैली में बदलाव से संभव है। थाइरॉयड के उपचार के लिए डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा फायदेमंद होती है। इससे मोटापा और थकान कंट्रोल में हो जाता है। थाइरॉयड की गोली ताउम्र खानी पड़ सकती है, पर कुछ केस में यह दवा छूट सकती है। दवा खाने और ना खाने का निर्णय आप डॉक्टर से कंसल्ट कर ही तय कर सकते हैं। *




**प्रस्तुति: शिखर चंद जैन**

# नारियल पानी पीने से पहले...

प्रिकॉशन

राजकुमार 'दिनकर'

हम अकसर हरे नारियल को कटवाकर उसमें सीधे स्ट्रॉ लगाकर उसका पानी पीते हैं। क्या आपको पता है कि नारियल पानी को इस तरह सीधे नारियल से पीना, हमारे लिए फंगल इंफेक्शन का भी कारण बन सकता है। हालिया हुए एक अध्ययन से खुलासा हुआ है कि नारियल पानी को सीधे नारियल से पीना हमारी सेहत के लिए नुकसानदेय हो सकता है। क्योंकि इन हरे नारियल को आमतौर पर किसी ठंडी जगह पर स्टोर नहीं किया जाता, उन्हें एक बार तोड़ने के बाद एक जगह से दूसरी जगह लाकर बेचा जाता है। इस प्रक्रिया में नारियल कभी ठंडे, तो कभी बेहद गर्म वातावरण में रहते हैं। नम वातावरण में भी लगातार महीनों ऐसे ही रहने के कारण इनमें खतरनाक बैक्टीरिया, कवक और विषाक्त पदार्थ भी पैदा हो सकते हैं।



**हो सकती हैं इस तरह की समस्याएं:** प्रदूषित नारियल पानी बासी होने के कारण बहुत किस्म के हानिकारक बैक्टीरिया का घर हो सकते हैं। जिस पानी को पीने से हमें पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसे पीने के बाद उल्टी, पेट दर्द और दस्त हो सकता है। दूषित नारियल पानी में नाइट्रोप्रोपियोनिक एसिड जैसे विषाक्त पदार्थ हमारे तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है, जिसमें चक्कर आना, मांसपेशियों में सिकुड़न होने के लक्षण दिखाई देते हैं। अगर नारियल के भीतर मौजूद पानी ज्यादा प्रदूषित हो तो सांस लेने में भी कठिनाई महसूस होती है। इससे सीने में जकड़न या फेफड़ों में तरल पदार्थ का जमाव हो सकता है। अगर ऐसे लक्षण दिखाई दें या असहज महसूस हो तो समझ जाएं कि नारियल पानी में कोई कमी है। तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

**सावधानी बरतें:** नारियल पानी पीते समय कुछ सावधानी बरतें।

- नारियल सीधे न पिएं क्योंकि इसके बाहरी आवरण पर मौजूद दरारों से सूक्ष्मजीव नारियल में प्रवेश करते हैं।
- नारियल या नारियल पानी लाने के बाद उसको फ्रिज में रखें ताकि इसमें फफूंद और जीवाणु पनप न सकें।
- नारियल पानी पीते समय अगर आपको उसके स्वाद में खट्टापन, महक महसूस हो तो समझ जाएं कि यह भीतरी तौर से प्रदूषित है।
- कहीं भी खुले में नारियल खरीदने की बजाय सीलबंद पॉश्चराइज्ड नारियल पानी ही चुनें, जिनको सावधानीपूर्वक संरक्षित किया गया हो।
- अगर नारियल के खोल पर दरारें दिखती हैं तो ऐसे नारियल को न खरीदें। यह जरूरी नहीं कि रेफ्रिजरेटर में रखे नारियल भी पीने के लिहाज से सुरक्षित हों। इसलिए पीने से पहले हमेशा उसके स्वाद और गंध की जांच कर लें। *



सर्दी के मौसम ने दस्तक दे दी है। आने वाली कड़ाके की सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। इसीलिए हम आपको कुछ सरल योगासनों के बारे में बता रहे हैं, जिनके अभ्यास से आप सर्दी के मौसम में भी स्वस्थ रहेंगे।

# सर्दियों में आप रहेंगे स्वस्थ जब रोज करेंगे ये योगासन


योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

सर्दियों में हमारे स्वास्थ्य की सच्ची रखवाली दवाइयां नहीं बल्कि कई तरह की हमारी शारीरिक गतिविधियां करती हैं। इनमें ही योगासन भी शामिल हैं। हल्की सर्दियां शुरू होते ही किस तरह हमारे शरीर और सेहत के लिए ये सीधे, सरल योगासन महत्वपूर्ण हैं।

ये न केवल इन दिनों हमारे शरीर को गर्म रखते हैं बल्कि मन को भी सक्रिय और उत्साहित रखते हैं, जिससे हम प्रसन्न और एक्टिव रहते हैं, तो आइए सरल ढंग से जानें कि ये छह सीधे सरल योगासन कौन से हैं?

**सूर्य नमस्कार:** सूर्य नमस्कार हमारे योगशास्त्र का पहला और सबसे महत्वपूर्ण अध्याय है। सूर्य नमस्कार सही मायने में अकेला ही हमारे स्वास्थ्य का सबसे मजबूत रखवाला है। सूर्य नमस्कार, शरीर को भीतर से गर्म रखता है। हमारे रक्त संचार को तेज करता है, जिसकी इन दिनों हमें जरूरत होती है। साथ ही यह योगासन सर्दी के दिनों में शरीर की हर मांसपेशी को सक्रिय बनाता है, जिस कारण ठंड से होने वाले आलस्य और थकान से राहत मिलती है। इस तरह हर दिन सुबह खाली पेट अगर पांच से छह राउंड केवल सूर्य नमस्कार के कर लिए जाएं, तो सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए यह सबसे अच्छी गतिविधि है।



**वज्रासन:** इस मौसम में हमारी सेहत के लिए यह भी जरूरी आसनों में से एक है। भोजन के बाद वज्रासन की मुद्रा में बैठना शरीर के लिए सर्वश्रेष्ठ गतिविधियों में से एक होता है। यह आसन करने से ठंड के मौसम में हमारा पाचन दुरुस्त रहता है, साथ ही इस आसन के करने से हमारा शरीर शांत और संतुलित रहता है। वास्तव में वज्रासन करने से शरीर का भारीपन, गैस और अपच जैसी परेशानियां दूर होती हैं। सर्दी के मौसम में नियमित रूप से वज्रासन करने से हमारी सेहत सही रहती है। *



**भुजंगासन:** सर्दी के मौसम में जो दूसरा आसन हमारे लिए बेहद उपयोगी है, उसका नाम है- भुजंगासन या कोबरा पोज। यह आसन हमारी रीढ़ और पीठ को लचीला बनाता है। इन दिनों में कई लोगों की छाती, अतिरिक्त रूप से जकड़न का शिकार रहती है, उसे यह आसन अच्छी तरह से खोलता है, जिससे ठंडी हवा से जकड़े हमारे फेफड़ों को राहत मिलती है और सर्दी जुकाम से हम बचे रहते हैं। हर दिन भुजंगासन करने से हम सर्दी के दिनों में सर्दी लगने से भी बचे रहते हैं। इसके चलते हमारा शरीर इन दिनों गर्म रहता है।




# मध्य प्रदेश में विधायक और पूर्व विधायकों का बढ़ेगा वेतन, 45 फीसदी बढ़ोतरी के लिए वित्त मंत्री की अध्यक्षता में बनाई कमेटी

### पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और विधायक अजय विश्नोई सहित कांग्रेस विधायक सचिन यादव को बनाया सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में विधायक और पूर्व विधायकों के वेतन में बढ़ोतरी जल्द ही की जाएगी। विधानसभा में उठाई गई इस मांग को लेकर सरकार ने गंभीरता दिखाई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग ने कमेटी गठन करने का फैसला किया है। इसका मीटिंग में वित्त विभाग के मंत्री जगदीश देवड़ा, पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक अजय विश्नोई के साथ कांग्रेस विधायक सचिन यादव को सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश जारी किया है।



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग ने लिया निर्णय**

अपर मुख्य सचिव मध्य प्रदेश संसदीय कार्य विभाग समिति के सदस्य सचिव होंगे। समिति की आवश्यकता अनुसार अन्य विभागों और विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों को भी बैठक में शामिल किया जाएगा। मध्य प्रदेश के विधायक और पूर्व विधायक का वेतन बढ़ाने के लिए विधानसभा में चर्चा हुई थी। विधायकों की मांग थी कि 45% वेतन में बढ़ोतरी की जाए। इस पर सरकार ने कमेटी बनाकर निर्णय लेने का विचार किया है। माना जा रहा है कि अगले वर्ष 2026 के जनवरी महीने में रिपोर्ट भी शासन को भेज दी जाएगी।

विधायकों का कितने प्रतिशत वेतन बढ़ाया जा सकता है। उनके महत्व में कितनी बढ़ोतरी होगी, इस विषय में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में कमेटी फैसला करेगी। हालांकि वेतन बढ़ाई जाने को लेकर कांग्रेस-भाजपा दोनों के विधायकों ने ही सरकार से मांग की थी कि उनके वेतन को रिवाइज किया जाए। कई राज्यों के वेतन मध्य प्रदेश से ज्यादा है, इसलिए विधायकों की सहूलियत को ध्यान में देते हुए सैलरी में बढ़ोतरी की जाए।

### मांग को लेकर सरकार ने गंभीरता दिखाई

### अभी विधायकों को मध्य प्रदेश में इतना मिलता है वेतन

प्रदेश में विधायकों को वर्तमान में वेतन भत्तों को मिलाकर करीब 1 लाख 10 हजार रुपए हर महीने मिलते हैं। प्रस्ताव के मुताबिक सरकार वेतन बढ़ाती है तो 1 लाख 60 हजार रुपए प्रति महीना दिया जा सकता है, जिसमें चिकित्सा भत्ता, अर्दली और निजी सचिव का भत्ता भी शामिल रहता है। अभी मप्र में 230 विधायकों में 31 मंत्रियों का वेतन सामान्य प्रशासन विभाग देता है। मुख्यमंत्री को 2 लाख, कैबिनेट मंत्री, कैबिनेट मंत्री एक लाख 70 हजार और राज्य मंत्री को 145000 मिलते हैं।

**इन राज्यों में मप्र से भी कम वेतन**

मेघालयः 20 हजार
नगालैंडः 1 लाख
पंजाबः 94 हजार
ओड़िशाः 65,170
केरलः 70 हजार
छगः 80 हजार

**इन राज्यों में मप्र से ज्यादा वेतन**

*बिहारः 1.24 लाख रुपए*
*गुजरातः 1.10 लाख रुपए*
*हरियाणाः 1.95 लाख रुपए*
*हिमाचलः 2.10 लाख रुपए*

## खबर संक्षेप



### कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की मांगों को लेकर मंत्रालय में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपा। अशोक पांडे ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी अभी तक दैनिक वेतन भोगी से नियमित हुए कर्मचारियों को पेंशन लाभ के लिए दैनिक वेतन भोगी सेवाकाल की वरिष्ठ का लाभ नियमित सेवा में जोड़ने के के आदेश अभी तक जारी नहीं हुए है। कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी से वन रक्षक पद पर नियमित हुए वनरक्षको को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सेवा काल की वरिष्ठता की गणना नियमित सेवा की वरिष्ठता में करने एवं पुरानी पेंशन योजना ओपीएस का लाभ देने एवं वरिष्ठ के अनुसार ग्रेजुएटी का लाभ देने के आदेश जारी करने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने कर्मचारी मंच को आश्वासन दिया कि वह जल्द ही मांगों का निराकरण किया जाएगा।

### 15 मामलों में 9 करोड़ की ठगी, सीबीआई करेगी जांच

**रायपुर।** डिजिटल अरेस्ट के नाम पर साइबर अपराधियों ने प्रदेशभर में छह महीनों में 15 पीड़ितों से करीब 9 करोड़ रुपए की ऑनलाइन ठगी की गई है। अब इन मामलों की जांच सीबीआई को सौंपने की तैयारी है। रायपुर में अकेले छह लोगों से चार करोड़ रुपए ठगे गए हैं, जबकि बिलासपुर, भिलाई और राजनांदगांव में भी कई लोग इस गिरोह के शिकार बने हैं। वहीं अब तक पुलिस ने अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़े 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो गुजरात, उत्तरप्रदेश, झारखंड, आंध्रप्रदेश, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से हैं। तकनीकी जांच और बैंक ट्रांजेक्शन के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंची और अब तक लगभग 2.30 करोड़ रुपए की राशि पीड़ितों को वापस दिलाई गई है। साइबर ठग दिल्ली, सीबीआई या अन्य एजेंसियों के अधिकारी बनकर लोगों को डराते हैं और उनसे लाखों, करोड़ों रुपए वसूल रहे हैं।

### 132 केवी और उससे बड़ी लाइन बिछाने के लिए प्रतिपूर्ति राशि में वृद्धि करने की स्वीकृति

# भारिया, बैगा एवं सहरिया के आवासों को रोशन करने के लिए 78 करोड़ 94 लाख का अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जन मन) के तहत अतिरिक्त 18 हजार 338 अविद्युतीकृत पीवीटीजी घरों के विद्युतीकरण के लिए विद्युत अधोसंरचना विस्तार के लिए लगभग 78 करोड़ 94 लाख रुपए की द्वितीय चरण की कार्ययोजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस के लिए 60 प्रतिशत राशि 47 करोड़ 36 लाख रुपए केन्द्र शासन से अनुदान प्राप्त होगा व शेष 40 प्रतिशत राशि 31 करोड़ 58 लाख रुपए राज्य शासन की ओर से वितरण कंपनियों को अंशपूंजी के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। कैबिनेट ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जन मन) के तहत प्रदेश में पीवीटीजी समूहों यथा भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के घरों के विद्युतीकरण के लिए विद्युत वितरण कंपनियों की अतिरिक्त कार्ययोजना द्वितीय चरण का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय**



### बक्स्वाहा के लिए 7 अतिरिक्त पद स्वीकृत

बक्स्वाहा जिला छतरपुर में व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड स्तर के लिए कुल 7 पदों की स्वीकृति दी गई है। बक्स्वाहा जिला छतरपुर में व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड में व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड स्तर का एक नवीन पद व उनके अमले के तहत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 06 पद, इस प्रकार कुल 07 नवीन पदों का सृजन के लिए 52 लाख 46 हजार रुपए प्रति वर्ष की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### भारिया, बैगा एवं सहरिया समूहों के यहां बिजली कनेक्शन लगेंगे

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रदेश में 3 पीवीटीजी जनजाति, यथा भारिया, बैगा एवं सहरिया समूहों के अविद्युतीकृत घरों का विद्युतीकरण किया जा रहा है। 11 मार्च, 2024 को संपन्न कैबिनेट बैठक में योजना के तहत प्रथम चरण में 10 हजार 952 घरों के विद्युतीकरण के लिए लगभग 65 करोड़ रुपए की कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसमें से 8 हजार 752 घरों को विद्युत कनेक्शन प्रदाय किए जा चुके हैं।

### क्षेत्रफल को बढ़ाकर कॉरिडोर अनुसार 28 मीटर किया गया

केवल तार के नीचे की जमीन 132 केवी लाइन में 7 मीटर क्षतिपूर्ण क्षेत्रफल को बढ़ाकर कॉरिडोर अनुसार 28 मीटर किया गया है। उसी तरह 220 केवी लाइन 14 मीटर में वृद्धि कर कॉरिडोर अनुसार 35 मीटर किया गया है। इसके अतिरिक्त 400 केवी लाइन के नीचे की जमीन का क्षतिपूर्ति क्षेत्रफल 52 मीटर निर्धारित किया गया है।

### जहां विद्युतीकरण नहीं, वहां गांव रोशन होंगे सोलर पैनल से

पीएम जनमन के तहत प्रदेश के 24 जिलों में निवासरत भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के अविद्युतीकृत घरों के विद्युतीकरण के लिए बसाहट वार पूर्व स्वीकृत सीमा एक लाख रुपए प्रति हाउसहोल्ड को बढ़ाकर 2 लाख रुपए प्रति हाउसहोल्ड किए जाने की स्वीकृति दी गई। विद्युत कंपनियों की ओर से 2 लाख रुपए प्रति हाउसहोल्ड तक आकलित लागत से विद्युतीकरण किया जाएगा। लागत अधिक होने की स्थिति में ऊर्जा विकास निगम की ओर से एक किलोवाट क्षमता का ऑफ ग्रिड सोलर पैनल और बैटरी लगाकर विद्युतीकरण किया जाएगा। 211 घरों का विद्युतीकरण ऑफ ग्रिड प्रणाली से किया जाएगा।

### बड़ी लाइन बिछाने के लिए किसानों को मुआवजा

132 केवी और उससे बड़ी लाइन बिछाने के कारण क्षतिपूर्ति राशि और क्षतिपूर्ति क्षेत्रफल में वृद्धि की स्वीकृति कैबिनेट की ओर से अति उच्च दाब पारेषण 132 केवी और उससे बड़ी लाइन बिछाने के लिए किसानों को दी जाने वाली मुआवजा, क्षतिपूर्ति राशि में वृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार टॉवर लगाने पर दी जाने वाली क्षतिपूर्ति राशि को 85 प्रतिशत से बढ़ाकर 200 प्रतिशत किया गया है। साथ ही लाइन ट्रान्समिशन लाइन के आरओडब्ल्यू (राइट ऑफ वे) में आने वाली भूमि की क्षतिपूर्ति राशि को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया गया है। क्षतिपूर्ण क्षेत्रफल में टॉवर के चार पाए के अलावा सब तरफ 1-1 मीटर की अतिरिक्त वृद्धि की गई है। भूमि का स्वामित्व किसान का ही रहेगा। टॉवर के बीच में और लाइन के नीचे की फसल किसान ले सकेगा।

### जीवन का सच्चा अर्थ सिखाती है प्रकृति के प्रति आस्था

## जीवन शैली का हिस्सा बनना चाहिए पर्यावरण संरक्षणः सीएम डॉ. मोहन



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रकृति के प्रति आस्था ही हमें जीवन का सच्चा अर्थ सिखाती है। भारतीय संस्कृति ने सदैव प्रकृति के साथ सामंजस्य से जीने की परम्परा अपनाई है। दुनिया के कई देश प्रकृति का दोहन कर रहे हैं पर भारत ने सदियों से प्रकृति का पोषण किया है। उपभोग प्रधान जीवन शैली वर्तमान के जलवायु संकट को बढ़ाती है जबकि उपयोग से पहले संरक्षण की समझ और भोग से पहले योग का संतुलन ही भारतीय संस्कृति का सार है। भोपाल प्रकृति और प्रगति का अनूठा संगम है।

प्राकृतिक सुंदरता और जैव-विविधता सहेजे इस सुंदर शहर में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन शहर की विशेषता के अनुरूप है। डॉ. यादव पर्यावरण और जीवन शैली-जलवायु परिवर्तन और सतत विकास वैचारिक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जीवन शैली का हिस्सा बनना चाहिए।

### *विकास तथा पर्यावरण के बीच संतुलन की जरूरत*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमें स्थानीय सोच को वैश्विक समाधान से जोड़ने और विकास तथा पर्यावरण के बीच संतुलन बनाते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में ग्रीन कवरेज बढ़ाने, वेटलैंड संरक्षण, जलस्रोतों के पुनर्जीवन और हरित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश के 32 लाख किसानों को सोलर पम्प उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य नीति आयोग, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और ऐप्को के संयुक्त तत्वावधान में मानव संग्रहालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नर्मदा समग्र, सिकोईडिकोन, पैरवी और राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, कार्यक्रम के सह आयोजक हैं। जलवायु परिवर्तन के समाधान में राज्यों की भूमिका पर विचार विमर्श और व्यक्ति-समाज एवं सरकारों की सहभागिता से सतत विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य है। मप्र, इस चर्चा को आरंभ करने वाला भारत का पहला राज्य है।*

# भारतमाला परियोजना में मुआवजा घोटाला, तीन लोकसेवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतमाला परियोजना के भूमि अधिग्रहण में मुआवजा वितरण के दौरान हुए करोड़ों रुपए के घोटाले के मामले में तीन लोकसेवकों को एसीबी–ईओडब्ल्यू की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में तत्कालीन पटवारी दिनेश पटेल (नायकबांधा), लेखराम देवांगन (टोकरो) और बसंती घृतलहरे (भेलवाडीह) शामिल हैं।

यह कार्रवाई ब्यूरो में दर्ज अपराध के तहत की गई है। प्रकरण में आरोप है कि साल 2020 से 2024 के बीच रायपुर-विशाखापट्टनम प्रस्तावित इकॉनॉमिक कॉरिडोर (भारतमाला परियोजना) के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान शासन को भारी आर्थिक हानि पहुंचाई गई।

### *कई तरह से धोखाधडी की गई*

*आरोपों के अनुसार, लोकसेवकों ने भू-माफिया और कुछ निजी व्यक्तियों के साथ मिलकर भूमि का बैक डेट में बंटवारा और नामांतरण, कूटरचित दस्तावेजों की तैयारी, तथा शासन द्वारा अधिग्रहीत भूमि को पुनः शासन को विक्रय कर मुआवजा प्राप्त करने जैसी धोखाधड़ी की। इसके अलावा कई मामलों में भूमि स्वामी के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को मुआवजा दिलाने और निजी भूमि को गलत तरीके से अधिग्रहीत दिखाकर टुकड़ों में बांटकर भुगतान लेने के भी प्रमाण मिले हैं।*

### *शासन को पहुंचाई गई करोड़ों की आर्थिक क्षति*

*जांच में पाया गया कि इस षड्यंत्र के माध्यम से शासन को करोड़ों रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। ब्यूरो अधिकारियों के अनुसार, तीनों आरोपियों को मंगलवार 29 अक्टूबर को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), रायपुर में पेश किया गया। इस मामले में पूर्व में 10 आरोपियों, जिनमें दो लोकसेवक भी शामिल हैं, के खिलाफ 13 अक्टूबर 2025 को प्रथम अभियोग पत्र (चार्जशीट) न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका है। हालांकि, इस दौरान उच्च न्यायालय ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी, जिसे 28 अक्टूबर 2025 को हटाए जाने के बाद एसीबी-ईओडब्ल्यू ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अब भी प्रकरण के कुछ अन्य आरोपी फरार हैं।*

### खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर दर्ज करनी होगी स्टॉक की जानकारी

# गेहूं पर स्टॉक सीमा तय, 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगा आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत विशिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसी अपेक्षाएं, स्टॉक सीमाएं और संचलन प्रतिबंध हटाना (संशोधन) आदेश, 2025 जारी किया गया है। इस आदेश के अनुसार देशभर में गेहूं पर नई स्टॉक सीमा 31 मार्च 2026 तक के लिए लागू की गई है। मप्र के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि भारत सरकार ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में गेहूं के लिए अधिकतम स्टॉक सीमा निर्धारित की है। मंत्री राजपूत ने बताया कि व्यापारी, थोक विक्रेता के अधिकतम स्टॉक सीमा 2000 मीट्रिक टन, प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन, बिग चेन रिटेलर में प्रत्येक आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन, बशर्ते अधिकतम मात्रा कुल दुकानों की संख्या 8 गुणा होना चाहिए। यह अधिकतम स्टॉक होगा जो उनके सभी रिटेल आउटलेट और डिपो पर एक साथ रखा जा सकता है।




## सार्वजनिक सूचना

### सुझाव आमंत्रित

राज्य में बागवानी विभाग द्वारा हरियाणा बागवानी नीति तैयार की जा रही है। इस बागवानी नीति का प्रारूप बागवानी विभाग की वेबसाइट hortharyana.gov.in के लिंक Notifications/Circular पर उपलब्ध है। इस नीति के प्रारूप को अंतिम रूप देने से पूर्व सभी किसानों, किसान उत्पादक सगठनों एवं अन्य हितधारकों से सुझाव दिनांक 15 नवम्बर 2025 तक ई-मेल hortharyana@ gmail.com पर आमंत्रित है।

**महानिदेशक उद्यान, पंचकूला।**

**अधिक जानकारी के लिए जिला स्तर पर जिला उद्यान अधिकारी से एवं टोल फ्री नंबर 1800-180-2021 पर संपर्क करें।**

बागवानी मिशन HORTICULTURE MISSION

**उद्यान विभाग, हरियाणा सेक्टर-21, पंचकूला।**

पीआरडीएच-1149/11/972/2026/39840/88/7 दि. 29.10.25


**सरेंडर करने वालों में 9 महिलाएं भी शामिल, 66 लाख रुपए का इनाम घोषित था**

# बीजापुर में 51 इनामी माओवादियों का सामूहिक आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



छत्तीसगढ़ की माओवाद उन्मूलन नीति को बीजापुर में एक बड़ी कामयाबी मिली है। राज्य सरकार की प्रभावी 'पूना मारगेमः पुनर्वास से पुनर्जीवन' योजना के तहत, 51 सक्रिय माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादी संगठन की रीढ़ समझे जाने वाले पीएलजीए बटालियन के सदस्य, कंपनी सदस्य शामिल हैं। इन सभी 51 कैडरों पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कुल 66 लाख रुपए का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वालों में नौ महिला और 42 पुरुष शामिल हैं। इस समूह में चार ऐसे दुर्दांत सदस्य शामिल हैं, जिन पर अकेले आठ-आठ लाख रुपए का इनाम था। इनमें पीएलजीए कंपनी न. 01 सदस्य बुधराम पोटाम उर्फ रंजीत, बटालियन न. 01 सदस्य मनकी कोवासी, कंपनी न. 2 सदस्य हुंगी सोढ़ी और सदस्य रविन्द्र पुनेम उर्फ आयतू शामिल हैं। इसके अलावा, सीआरसी कंपनी 02 पीएलजीए सदस्य देवे करटाम पर भी आठ लाख का ईनाम था। सुरक्षाबलों के अभियान और समर्पण नीति का असर वर्ष 2025 में बड़े पैमाने पर दिखाई दे रहा है। जिले में वर्ष 2025 में अब तक 461 माओवादी मुख्यधारा में लौट चुके हैं। इस साल अब तक सुरक्षाबलों की कार्रवाई में 138 माओवादी मारे गए और 485 गिरफ्तार हुए हैं।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में प्रांतीय उपमंडल सं. 4, लोनिवि भ व प शाखा करनाल के तहत जीएसबी का प्रावधान व बिछाना और स्टोर करनाल में 11.2 मिमी बजरी की आपूर्ति, संग्रहण और परिवहन। | 28.10.2025 03.11.2025 | 8.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | गांव खरक रामजी (जीन्द) में आवासीय एक्मॉडेशन सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (220 केवीए सब स्टेशन, डीजी सैट और 20 केडब्ल्यूपी सोलर प्लांट का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 28.10.2025 04.11.2025 | 45.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार में नये लोनिवि (भ व प) विश्राम गृह का निर्माण (7 अदद लिफ्टों का प्रावधान केवल)। | 24.10.2025 03.11.2025 | 110.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज अम्बाला | डी प्लान – गांव टोका में बीसी चौपाल का निर्माण और गांव शाफुर नुर्द ब्लॉक नारायणगढ़ में एससी चौपाल का निर्माण + 3 कार्य। | 27.10.2025 03.11.2025 | 61.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी – गांव फिरोजपुर कथका ब्लॉक नारायणगढ़ में कब्रिस्तान में वेटिंग आयरन शैड का निर्माण और शवदाह गृह में वेटिंग आयरन शैड का निर्माण + 3 कार्य। | 28.10.2025 03.11.2025 | 24.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज ब्लॉक बाढड़ा | गांव डूडीवाला नंदकरण में सचिवालय को पूरा करना (डी-प्लान)। | 24.10.2025 03.11.2025 | 14.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | कि.मी. 0.000 से 2.900 तक बलावा सब माइनर की आंतरिक गाद / खरपतवार की सफाई + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.11.2025 | 1.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 8 | बागवानी विभाग, गुरूग्राम | जिला बागवानी कार्यालय, गुरूग्राम में हाई-टेक ग्रीन हाउस (एचटीजीएच) की मरम्मत और अपग्रेडेशन। | 30.10.2025 30.11.2025 | ईएमडी 28000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8059016595 dhogurugram0@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण, सोनीपत | वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट गांव आंवली। | 16.10.2025 10.11.2025 | 74.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण, सोनीपत | गांव – भादी, गन्नौर, सोनीपत में वाटर लॉगिंग हेतु वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट और रिक्लेमेशन कार्य। | 16.10.2025 10.11.2025 | 42.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/200/39858/I/88/7 दि. 29.10.25

## चिंतन

# बड़ी उपलब्धि, आखिरी सांसें गिन रहा नक्सलवाद

पिछले छह दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब समाप्त होने के कगार पर आ गया है। परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से यह अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। कई बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। कभी देश के 128 जिले नक्सलवाद के शिकंजे में थे, लेकिन अब इनकी संख्या महज 6 रह गई है। यहां भी नक्सली नेता एक-एक करके सरेंडर कर रहे हैं। बीते दिनों सीपीआई (माओवादी) के सेंट्रल कमेटी मेंबर पिल्लूरी प्रसाद राव उर्फ चंद्रन्ना और आंध्र के स्टेट यूनिट के नेता बंदी प्रकाश उर्फ प्रभात ने सरकार के सामने सरेंडर किया तो साफ हो गया कि देश केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए 31 मार्च तक नक्सलवाद सफाए के लक्ष्य को पाने के करीब है। चंद्रन्ना नक्सलियों के ऐसे कमांडर रहे, जिसकी पहुंच कई राज्यों में है। हथियार जुटाने और फंड उगाहने में माहिर चंद्रन्ना के सरेंडर करने के बाद यह माना जा रहा है कि नक्सल आंदोलन की बस अब कुछ सांसें बाकि हैं। अचानक बड़े नक्सली नेताओं के आत्मसमर्पण को सुरक्षा बलों की जीत के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले दो महीने में मोस्ट वॉन्टेड नक्सलियों के शीर्ष कमांडर ने आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर करने वालों में एक करोड़ के इनामी नक्सली मल्लाजोलु वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति, केंद्रीय समिति के सोनू, हार्डकोर कमांडर रुपेश, मारे गए नक्सली कमांडर किशनजी की पत्नी सुजाता भी शामिल रहीं। अब पिल्लूरी प्रसाद राव उर्फ चंद्रन्ना और आंध्र के स्टेट यूनिट के नेता बंदी प्रकाश भी इस लिस्ट में शामिल हो गए। गृह मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2025 तक 1,225 नक्सलियों ने सरेंडर किया और करीब 270 नक्सली मारे गए। 680 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। असल में केंद्र सरकार ने नक्सल आंदोलन को खत्म करने के लिए दोहरी नीति अपनाई है, वह रंग ला रही है। एक तरफ सुरक्षा बल टेक्नोलॉजी की मदद से माओवादियों के गढ़ में आक्रामक अभियान चला रहे हैं, दूसरी ओर सरेंडर करने वाले नक्सलियों के लिए पुनर्वास की योजना शुरू की गई है। सरेंडर करने वाले मल्लोजुला वेणुगोपाल उर्फ भूपति को स्टील और खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड ने अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त करने की पेशकश की। सरकार के आत्मसमर्पण और पुनर्वास पैकेज के तहत चंद्रन्ना को 25 लाख और प्रकाश को 20 लाख रुपये का चेक दिया गया। यह उन नक्सलियों के लिए मैसेज है, जो हथियार छोड़ना चाहते हैं। सरकार का इशारा साफ है कि अगर कोई अहिंसा का रास्ता अपनाना चाहता है तो सरकार उसका पूर्ण सहयोग करेगी। वैसे भी अनेक ऐसे नक्सली सामने आ रहे हैं, जिनका हिंसा से मोहभंग हो गया है। यही कारण है कि नक्सलवाद के बड़े कमांडर आत्मसमर्पण कर रहे हैं। बड़े माओवादी नेताओं के सरेंडर करने के कारण नक्सल आंदोलन से जुड़ने वाले युवा भी हतोत्साहित हो रहे हैं। आत्मसमर्पण के पीछे नेतृत्व में आंतरिक कलह, बढ़ती उम्र को भी बड़ा कारण माना जा रहा है। संगठन में कलह के चलते एक धड़ा सरेंडर कर रहा है। संगठन दो गुटों में बंटा हुआ है। भूमिगत कार्यकर्ता और सदस्य अपनी-अपनी राहें चुन रहे हैं। सुरक्षा बलों के तेज प्रहार के कारण भी नक्सल आंदोलन कमजोर हुआ है। कारण चाहे जो भी रहे हों। ये सही है कि नक्सलवाद खत्मे की ओर है, जो देश के विकास के लिए बहुत जरूरी है।



## विश्लेषण
हरदीप सिंह पुरी

वंशवाद भाजपा समेत सभी दलों में मौजूद है। फिर भी, भाजपा की एक खासियत यह है कि वहां पारिवारिक पृष्ठभूमि अपने-आप नेतृत्व में तब्दील नहीं होती। यह एक ऐसी पार्टी है जहां अवसर अर्जित करना जरूरी होता है और जहां किसी व्यक्ति का उत्थान उसके काम, प्रतिबद्धता एवं जनता के विश्वास पर निर्भर करता है, न कि वंश पर। भाजपा में, एक पारिवारिक पहचान एक दरवाजा तो खोल सकता है, लेकिन उस दरवाजे को हमेशा के लिए खुला नहीं रख सकता। कांग्रेस से परे भी, सत्ता का एक परिवार विशेष के हाथों में केंद्रित होना ही कई क्षेत्रीय दलों की पहचान है। भाजपा उन चंद पार्टियों में से एक है जहां नेतृत्व विरासत में नहीं मिलता, केवल अर्जित किया जाता है।

# भाजपा ने नेतृत्व को पुनर्परिभाषित किया

आजाद भारत के इतिहास में राजनीति ज्यादातर समय हक की एक ऐसी भावना से प्रभावित रही, जिसने विरासत और वैधता के बीच घालमेल किया। एक परिवार और एक पार्टी को यह लगने लगा कि वे शासन करने के लिए ही पैदा हुए हैं। गुजरते वक्त के साथ, इस मानसिकता ने संस्थाओं को खोखला कर दिया और पीढ़ियों को राजनीतिक विशेषाधिकार को जन्मसिद्ध अधिकार मानने के लिए प्रेरित किया। इस धारणा को अब योग्यता, जवाबदेही और प्रदर्शन पर आधारित नई राजनीतिक नैतिकता द्वारा चुनौती दी जा रही है। हाल ही में इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित "वन नेशन, ए फ्यू फैमिलीज" शीर्षक लेख में भारत में वंशवादी राजनीति के जारी रहने को लेकर एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया गया है। यह लेख जिस मुद्दे को उजागर करता है वह वास्तविक तो है, लेकिन उसकी व्याख्या अधूरी है। वंशवाद भाजपा समेत सभी दलों में मौजूद है। फिर भी, भाजपा की एक खासियत यह है कि वहां पारिवारिक पृष्ठभूमि अपने-आप नेतृत्व में तब्दील नहीं होती। यह एक ऐसी पार्टी है जहां अवसर अर्जित करना जरूरी होता है और जहां किसी व्यक्ति का उत्थान उसके काम, प्रतिबद्धता एवं जनता के विश्वास पर निर्भर करता है, न कि वंश पर। भाजपा में, एक पारिवारिक पहचान एक दरवाजा तो खोल सकता है, लेकिन उस दरवाजे को हमेशा के लिए खुला नहीं रख सकता।

यह एक मौलिक अंतर है। राजनीतिक रिश्तेदारी अपने आप में कोई समस्या नहीं है। लेकिन वंशानुगत नियंत्रण एक समस्या है। जब नेतृत्व एक ही परिवार की मिल्कियत बन जाए, जब आंतरिक बहस की जगह रक्त संबंधों के प्रति निष्ठा ले ले, तो लोकतंत्र मुरझा जाता है। राजनीतिक संस्कृतियों के बीच का यह अंतर काफी गहरा है। वर्ष 2000 से, भारतीय जनता पार्टी के आठ राष्ट्रीय अध्यक्ष हुए हैं- बंगारू लक्ष्मण, जना कृष्णमूर्ति, वेंकैया नायडू, लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह और जे.पी. नड्डा। ये सभी अलग-अलग क्षेत्रों एवं पृष्ठभूमि से आए हैं और इनमें से प्रत्येक संगठनात्मक कार्य के अनुशासन के रास्ते आगे बढ़े हैं। इसी अवधि के दौरान, कांग्रेस के मात्र तीन अध्यक्ष ही हुए हैं, जिनमें से दो गांधी परिवार से हैं। सोनिया गांधी उन्नीस वर्षों तक इस पद पर रहीं और आज भी पार्टी में इस परिवार का निर्णय ही अंतिम होता है।

आकस्मिक रिश्तेदारी और संस्थागत कब्जे के बीच अंतर किए बिना ही, प्रकाशित विश्लेषण राजनीति में रिश्तेदारों वाले विधायकों की संख्या की गिनती करता है। भाजपा के 2,078 विधायकों में से 84 राजनीतिक परिवारों से आते हैं, जो लगभग चार प्रतिशत है। कांग्रेस के 857 विधायक हैं, जिनमें से 73 वंशवादी हैं, जो लगभग नौ प्रतिशत है। आनुपातिक रूप से मापने पर, कांग्रेस का वंशवादी घनत्व दोगुना है। फिर भी, इस लेख में संख्याओं की गिनती का हवाला देकर एक झूठी समरूपता गढ़ी गई है। कांग्रेस से परे भी, सत्ता का एक परिवार विशेष के हाथों में केंद्रित होना ही कई क्षेत्रीय दलों की पहचान है। समाजवादी पार्टी की बागडोर मुलायम सिंह यादव से निकलकर अखिलेश यादव के पास चली गई। राष्ट्रीय जनता दल यादव परिवार के ही अधीन है। द्रमुक की लगाम एम. करुणानिधि से एम. के. स्टालिन और अब उदयनिधि स्टालिन के पास चली गई। तृणमूल



कांग्रेस ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक के इर्द-गिर्द ही घूमती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा पर सोरेन परिवार का नियंत्रण बना हुआ है। ये बहुलवादी नेतृत्व के नहीं, बल्कि विरासत में मिले नेतृत्व के उदाहरण हैं। परिवार को हटा दिया जाए, तो पार्टी ढह ही जाए। इस बात को समझने के लिए कि भाजपा अलग तरह से क्यों काम करती है, हमें इसके संस्थागत ढांचे पर गौर करना होगा। भाजपा का संगठन स्तरीकृत, सामूहिक और लक्ष्य-उन्मुख है। वहां कार्यकर्ताओं को बहुत जल्दी ही पहचान लिया जाता है और उन्हें व्यवस्थित कार्यक्रमों के जरिए प्रशिक्षित किया जाता है और बूथ, मंडल, जिला और राज्य स्तर पर जिम्मेदारी देकर परखा जाता है। प्रत्येक चरण में किया गया प्रदर्शन अगले अवसर का निर्धारण करता है। चुनाव जीते जाने वाली प्रतियोगिताएं होती हैं, लेकिन ये संगठन की लामबंदी, लोगों को समझाने और परिणाम देने की क्षमता का भी लेखा-जोखा होती हैं। यह संरचना एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करती है जिसमें सेवा, अनुशासन और परिणाम ही आगे बढ़ने के पैमाने हैं। नेतृत्व की पाइपलाइन की भी यही कहानी है। वर्ष 2014 से पार्टी ने पहली पीढ़ी के वैसे नेताओं को आगे बढ़ाया है जो भारत की सामाजिक गतिशीलता को दर्शाते हैं। छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साईं ने निरंतर जमीनी स्तर पर काम करके अपना करियर बनाया। ओडिशा में मोहन माझी ने मुख्यमंत्री पद का दायित्व मिलने से पहले संगठन और विधानमंडल में वर्षों बिताए। हरियाणा में नायब सिंह सैनी एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और राजस्थान में भजन लाल शर्मा वर्षों तक निर्वाचन क्षेत्र में काम करके और पार्टी की जिम्मेदारी निभाकर आगे बढ़े। इनमें से किसी को भी राजनीतिक पद विरासत में नहीं मिला। इनमें से प्रत्येक इस बात के उत्कृष्ट उदाहरण हैं कि एक योग्यता-आधारित पार्टी में नेतृत्व कैसे अर्जित किया जा सकता है। भाजपा का संसदीय और सरकार में रहने का अनुभव भी पहुंच और प्रभुत्व के बीच के अंतर को दर्शाता है। कई युवा नेताओं को दृश्यता और जिम्मेदारी दी जाती है, लेकिन उनका मूल्यांकन उनके काम के आधार पर किया जाता है। मंत्रियों का मूल्यांकन परिणामों, सुधारों और जन संवाद के आधार पर किया जाता है। पार्टी के पद समयबद्ध और प्रदर्शन से जुड़े होते हैं। इससे त्रुटि या महत्वाकांक्षा समाप्त नहीं होती और न ही कोई भी संस्था ऐसा कर सकती है। लेकिन यह कवायद ऐसे प्रोत्साहन पैदा करती है, जो वंशावली की तुलना में योग्यता को प्राथमिकता देते हैं। इतिहास को स्वीकार करना जरूरी होता है। कांग्रेस ने राष्ट्रीय कल्पना में राजनीतिक विरासत को आम बात बना दिया। वाईएसआर कांग्रेस और बीआरएस से लेकर तृणमूल तक, कई क्षेत्रीय वंशवादी संगठन कांग्रेस की ही शाखाएं हैं और उन्होंने उसके वंशानुगत ढांचे की नकल की है।

दशकों से इस संस्कृति ने राजनीतिक दलों को ऐसे पारिवारिक उद्यमों में बदल दिया है, जहां विचारधारा की जगह निष्ठा ने ले ली और नेतृत्व के विकास की जगह उत्तराधिकार के नियोजन ने ले ली। यह मॉडल कुछ समय तक चुनावी सफलता तो दिला सकता है, लेकिन यह शायद ही कभी टिकाऊ संस्थाओं या सक्षम नेताओं की एक व्यापक श्रृंखला का निर्माण कर पाता है। भाजपा उन चंद पार्टियों में से एक है जहां नेतृत्व विरासत में नहीं मिलता, केवल अर्जित किया जाता है। इस मायने में, भाजपा एक अनूठी पार्टी है। इसलिए नहीं कि वह पूर्णता का दावा करती है, बल्कि इसलिए कि उसने एक ऐसी संस्कृति विकसित की है जो नेतृत्व अर्जित करने पर जोर देती है। भारत के सार्वजनिक जीवन में यही वह खूबी है जिसे बनाए रखना जरूरी है, क्योंकि यह सत्ता को जवाबदेही से और महत्वाकांक्षा को सेवा से जोड़ती है।

(लेखक केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विचार
आदर्श सिंह




# बाल विवाह के खात्मे व सतत विकास लक्ष्यों के करीब भारत

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान दुनियाभर से जुटे बाल अधिकार कार्यकर्ताओं ने बाल विवाह के खात्मे की धीमी रफ्तार के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने में हो रही देरी पर चिंता जताई। संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्य 5.3 में बच्चों को नुकसान पहुंचाने वाली सभी प्रथाओं जैसे बाल विवाह व महिलाओं के जननांगों को विकृत करने की कुरीति पर 2030 तक पूरी तरह रोक लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस पर 193 देशों ने दस्तखत किए हैं। बाल विवाह का खात्मा सतत विकास लक्ष्य 3 (अच्छा स्वास्थ्य व सेहत) और सतत विकास लक्ष्य 4 (गुणवत्तापूर्ण शिक्षा) को हासिल करने की भी बुनियादी शर्त है। इसके पीछे कारण यह है कि कम उम्र में बाल विवाह के नतीजे में कम उम्र में मां बनने से जच्चा-बच्चा दोनों की जान को खतरा तो होता ही है, दोनों के कुपोषित होने का खतरा भी रहता है। साथ ही, बाल विवाह का एक दुष्परिणाम यह होता कि शादी के बाद 10 में से सिर्फ दो लड़कियां ही पढ़ाई जारी रख पाती हैं। यानी यह बच्चियों की शिक्षा व पढ़-लिख कर अपने पांव पर खड़े होने की संभावनाएं ही समाप्त कर देता है जो सीधे-सीधे सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सबसे बड़ी रुकावट है। भारत उन देशों में शुमार है जहां बाल विवाह की समस्या हमेशा से विकराल रही है और इसी वजह से माना जा रहा था कि भारत के लिए इन सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करना मुश्किल है। इसकी वजह हैं निराशाजनक आंकड़े। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे -5 (2019-21) के अनुसार देश में 20 से 24 आयुवर्ग की 23.3 प्रतिशत लड़कियों का विवाह उनके 18 साल की होने से पहले यानी कानूनी रूप से शादी की वैध उम्र से पहले ही हो गया था। सुशिक्षित लोगों का प्रदेश माना जाने वाला पश्चिम बंगाल इस मामले में शीर्ष पर है जहां बाल विवाह की दर 41.6 प्रतिशत है। इसके बाद बिहार (40.8), त्रिपुरा (40.1), झारखंड (32.2) और असम (31.8) आते हैं। देश में बाल विवाह की सबसे ऊंची दर वाले दस जिलों में तीन पश्चिम बंगाल के और पांच बिहार के हैं। इन सभी जिलों में बाल विवाह की दर 50 प्रतिशत से ज्यादा है। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में बाल विवाह की दर 57.6 प्रतिशत है जबकि बिहार के लखीसराय और सुपौल में यह 56.1 और 55.9 प्रतिशत है। देश के 15 जिलों में बाल विवाह की दर 50 प्रतिशत से ज्यादा जबकि 45 जिलों में 40 प्रतिशत से ज्यादा है। बाल विवाह से पीड़ित दुनिया की एक तिहाई लड़कियां अकेले भारत में है। लेकिन सितंबर 2025 में जारी एक रिपोर्ट 'टिपिंग प्वाइंट टू जीरो : एविडेंस टूवार्ड्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' के अनुसार देश में लड़कियों की बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत जबकि लड़कों के बाल विवाह की दर में 72 प्रतिशत की गिरावट आई है। जाहिर है कि ये आंकड़े अप्रत्याशित हैं। लेकिन बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की पहल पर सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहैवियरल चेंज फॉर चिल्ड्रेन (सी-लैब) की ओर से तैयार की गई इस सर्वे रिपोर्ट में बाल विवाह के आंकड़ों के बजाय इसमें गिरावट के कारणों को समझना कहीं अहम होगा। देश के पांच राज्यों के 757 गांवों से जुटाए गए इन आंकड़ों के अनुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए गिरफ्तारियों और एफआईआर जैसे कानूनी उपाय सबसे कारगर साबित हुए हैं। इसी का नतीजा है कि लड़कियों के बाल विवाह के खिलाफ सबसे बड़ी गिरावट असम में देखने को मिली जहां राज्य सरकार ने बाल विवाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान छेड़ रखा है। बिहार व महाराष्ट्र में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 70 प्रतिशत जबकि राजस्थान में 66 प्रतिशत की कमी आई है और इन राज्यों में सर्वे में शामिल लोगों ने श्रेय जागरूकता अभियानों और प्रोत्साहन उपायों को दिया। हालांकि किसी निष्कर्ष पर अगले राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे या जनगणना के आंकड़ों से ही पहुंचना संभव होगा, लेकिन माना जा रहा है कि फिलहाल देश में बाल विवाह की दर घटकर 15 प्रतिशत के आसपास आ चुकी है। यह बाल विवाह की रोकथाम के लिए एक लंबी लड़ाई का नतीजा है जिसमें पहली बार सरकार, न्यायपालिका और नागरिक समाज एक साथ आए और समन्वित प्रयासों को अंजाम दिया। कानून पर सख्ती से अमल किया गया। वह दिन दूर नहीं, जब भारत जल्दी ही इस लड़ाई में 'टिपिंग प्वाइंट' यानी वह मुकाम जहां से समस्या अपने आप खत्म होने लगती है, तक पहुंच जाएगा जो हमें सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के करीब पहुंचाएंगे।

( लेखक बाल अधिकारों की मुहिम से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
## दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

# तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित
## प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सोने की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित किया जाए

भारतवर्ष कभी सोने की चिड़िया थी और भारत था भी सर्वाधिक सम्पन्न देश। टनों के हिसाब से सोना मंदिरों और पूजा-स्थलों में भरा था। आतताइयों ने मंदिरों को तहस नहस कर अपने देशों को समृद्ध बनाया। ऐसा वे बार बार करते रहे और भारत के सोने के भंडार खाली नहीं होते थे। आजकल सोना इतना महंगा हो गया कि गरीब बेटी के हाथ पीले करने के बारे में सोच भी नहीं सकता, और गरीब की पहुंच से परे पीली धातु का होना एक अभिशाप बन गया। कारण चाहे कुछ भी हो, सोने के दाम एक लाख रुपए ऊपर चले जाना बड़ी एवं दु:खद बात है। एक बात स्पष्ट है कि एक विशाल सम्पन्न देश इसकी बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने में विफल है या नियंत्रण लगाना ही नहीं चाहता। इस पर नियंत्रण होना चाहिए।

*- परेश जैन, दुर्ग*

## ट्रेंड

### उर्वरकों पर सब्सिडी



हम किसान भाई-बहनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए रबी सीजन के लिए फॉस्फोरस और पोटाश उर्वरकों पर सब्सिडी को मंजूरी दी है। इससे उनकी कमाई भी बढ़ेगी।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### चुनाव आयोग निष्पक्ष



चुनाव आयोग निष्पक्ष रूप से काम कर रहा है और वह एक स्वायत्त संस्था है। निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई परन्तु चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर भी कांग्रेस और आरजेडी ने आरोप लगा दिए।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**


### जीव-जंतुओं का संरक्षण



मां नर्मदा जी का आशीर्वाद पूरे प्रदेश को मिल रहा है...प्रदेश सरकार जीव-जंतुओं के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के लिए सतत कार्य कर रही है। इसी क्रम में हाल ही में चंबल नदी में घड़ियालों का पुनर्वास किया गया था, कल जीवनदायिनी नर्मदा नदी में मगरमच्छ छोड़े जाएंगे।

**- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मप्र**

### अफसरशाही से मुक्ति



देश में 75 साल में ऐसा सिस्टम बन गया कि एक भी सरकारी काम बिना रिश्वत या बिना चक्कर काटे नहीं होता। अब पंजाब में लोगों को अफसरशाही से मुक्ति मिलेगी, सिर्फ एक कॉल पर सुविधाएं घर बैठे मिलेंगी।

**- अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

## करंट अफेयर

# चीन ने भारी बर्फबारी से एवरेस्ट चोटी पर किया पर्वतारोहन बंद

चीन के स्थानीय अधिकारियों ने भारी बर्फबारी और बर्फीली परिस्थितियों के कारण तिब्बत क्षेत्र में स्थित एक लोकप्रिय पर्वतारोहण स्थल को बंद कर दिया जो दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी 'एवरेस्ट' तक जाने वाले मार्ग में है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पर्यटन अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को जारी एक घोषणा के अनुसार, डिंगरी काउंटी में झूफेंग चोटी (जो एवरेस्ट चोटी के चीनी हिस्से के पास स्थित है) तक पर्वतारोहण को अगली सूचना तक बंद कर दिया गया है। इससे पहले अक्टूबर में, चीन के राष्ट्रीय अवकाश, जो पर्यटन का मौसम होता है, के दौरान आए भारी बर्फीले तूफान के बाद सैकड़ों पर्वतारोही कई दिनों तक एवरेस्ट पर फंसे रहे। स्थानीय मौसम पूर्वानुमान में बुधवार तक बर्फबारी और बर्फीली परिस्थितियों का अनुमान लगाया गया था, जो ऊंचाई पर रहने वाले पर्यटकों के लिए खतरा बन सकता है। हल्की बर्फबारी भी रास्तों और सड़कों की स्थिति को बाधित कर सकती है। कुछ समय पहले बचावकर्मियों ने 16,000 फुट की ऊंचाई पर फंसे 880 लोगों की मदद की थी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इनमें 580 पर्वतारोही, 300 गाइड और अन्य कर्मचारी शामिल थे। उस समय भी डिंगरी के अधिकारियों ने झूफेंग पर्यटन क्षेत्र को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था।



## ऑफ बीट

# कभी हम दो हिस्सों में सोते थे अब लेते हैं आठ घंटे की नींद

आधुनिक युग में एक बार में आठ घंटे की लगातार नींद लेना आम बात है लेकिन यह कोई पुरानी बात नहीं है। कई लोग रात में तीन बजे अचानक जाग जाते हैं और सोचते हैं कि कुछ गलत तो नहीं। वास्तव में, यह बहुत मानवीय अनुभव है। मानव इतिहास के अधिकांश हिस्से में लोग एक बार में नहीं, बल्कि दो खंडों में सोते थे जिन्हें पहली नींद और दूसरी नींद कहा जाता था। प्रत्येक नींद कई घंटों की होती थी और इनके बीच में लगभग एक घंटे या उससे अधिक का जागरण काल रहता था। यूरोप, अफ्रीका, एशिया सहित विभिन्न क्षेत्रों के ऐतिहासिक अभिलेख बताते हैं कि लोग सूर्यास्त के तुरंत बाद सो जाते थे, आधी रात के आसपास कुछ देर के लिए जागते थे और फिर भोर तक दूसरी नींद लेते थे। रात को दो भागों में बाँटने से लोगों के लिए समय का अनुभव भी बदल जाता था। यह मध्यांतर रात्रि को एक स्पष्ट मध्य बिंदु देता था, जिससे सर्दी की रातों का समय कम भारी और अधिक व्यवस्थित महसूस होता था। बीच के समय में लोग छोटे-मोटे काम करते थे- जैसे आग सुलगाना या पशुओं को देखना। कई दंपति इस समय का उपयोग निजी क्षणों के लिए करते थे। प्राचीन यूनानी कवि होमर और रोमन कवि विरगिल तक के साहित्य में "पहली नींद के अंत का समय" जैसे उल्लेख मिलते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## चुनाव प्रचार में वार

पलटवार का दौर तेज, निशाना साधने में कोई पीछे नहीं

# भाजपा ने महागठबंधन पर किया चौतरफा हमला और जंगलराज का किया जिक्र, राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में की अभद्र टिप्पणी

### गृहमंत्री शाह ने दिया लालू-सोनिया को साफ संदेश

## सीएम और पीएम के लिए सीटें खाली नहीं राजद और कांग्रेस के घोटालों को गिनाया

एजेंसी ▶▶ पटना

गृह मंत्री अमित शाह ने दरभंगा के अलीनगर में चुनावी रैली को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी मैथिली ठाकुर के लिए वोट मांगने पहुंचे शाह ने मिथिलावासियों से लोकगायिका को वोट देने की अपील की है। पीएम मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न और स्वर कोकिला स्व. शारदा सिन्हा को पद्म विभूषण देकर मिथिलावासियों को सम्मान देने का काम किया।शाह ने राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लालू और सोनिया को मैं कहना चाहता हूं कि सीएम या पीएम की सीट खाली नहीं है। वहां पीएम मोदी हैं और यहां पर सीएम नीतीश कुमार हैं। मैं बताता हूं कि लालू-राबड़ी ने लैंड फॉर जॉब, बाढ़ राहत घोटला समेत कई घोटले किए। कांग्रेस पार्टी ने 2004 से 2014 तक 12 लाख करोड़ के घोटाले किए।

### पीएम मोदी ने पीएफआई वालों को जेल भेजा



शाह ने कहा कि हमारी ही सरकार ने पीएफआई वालों को जेल भेजा। मोदी सरकार ने इस देश में आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने की परंपरा कायम की। पटना के फुलवारीशरीफ में पीएफआई वाले पहुंचे गए। कांग्रेस की सरकार में पीएफआई बना लेकिन किसी ने बैन नहीं लगा। लेकिन, पीएम मोदी ने पीएफआई पर बैन लगाया और सलाखों के पीछे भेज दिया।

### मेट्रो ट्रेन की सेवा शुरू होगी, एम्स बन रहा

शाह ने कहा कि 2027 में हमलोग संसार का तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बन जाएगा। दरभंगा में पीएम मोदी ने 216 करोड़ की लागत से शोभन-बायपास बनाया। पूर्णिया-पटना एक्सप्रेस-वे की नींव रखी। कमला नदी पर नया पुल बनाया। आजादी के बाद पहली बार कमला नदी पर पुल बना।

### विपक्ष सिर्फ वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति कर रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2019 को इसे हमेशा के लिए खत्म कर दिया। शाह ने कहा कि एक समय था जब आतंकवाद भारत की धरती को खून से रंग देता था।

### आरजेडी अब झूठे वादों से फिर बरगला रही: राजनाथ

दरभंगा में बिहार चुनाव 2025 को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महागठबंधन पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आरजेडी ने सिर्फ देश में



ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में बिहार की छवि खराब की है। पूरे परिवार पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, यहां तक कि एक पूर्व मुख्यमंत्री को जेल में सालों रहना पड़ा, क्या यह हर बिहारी के लिए शर्म की बात नहीं है? सिंह ने आरजेडी के घोषणापत्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका वादा पूरी तरह अव्यावहारिक और जनता को गुमराह करने वाला है। सिंह ने जनता से अपील की कि वे तय करें, उन्हें 'विकसित बिहार' चाहिए या 'जंगलराज' की वापसी।

### अब बिहार में 'सब बा' सीएम योगी ने की डबल इंजन सरकार की तारीफ



योगी ने ओसोमा को टिकट देने पर भी आरजेडी पर निशाना साधा। योगी जो लोग अपराध से जुड़ी सोच का समर्थन करते हैं, वे बिहार को पीछे ले जाना चाहते हैं। एनडीए की सरकार ने बिहार में विकास, सुरक्षा और सम्मान की गारंटी दी है। अब बिहार में सब बा, किसी चीज की कमी नहीं। उन्होंने कहा कि बिहार कभी पहचान के संकट से जूझ रहा था, लेकिन आज डबल इंजन की एनडीए सरकार ने राज्य को नई दिशा दी है।

### राहुल पॉलिटिकल टूरिस्ट रविशंकर ने कसा तंज

लोक सभा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा



कि राहुल गांधी पॉलिटिकल टूरिस्ट हैं। उन्होंने कहा कि वह नॉन सीरियस पॉलिटिशन हैं। वो विपक्ष के नेता हैं अपनी क्षमता से नहीं बल्कि अपने परिवार की वजह से हैं। उन्होंने कहा कि- पीएम मोदी के नाचने वाले बयान की भर्त्सना करता हूं। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि जमीन के बदले नौकरी लेकर जो काम किया गया। उनके राज में जंगलराज था, जिसमें भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा थी। अपराध और पुलिस की कार्रवाई नहीं हो रही थी।

### कांग्रेस-इंडी गठबंधन कर रहा वोट बैंक की राजनीति

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिहार चुनाव को लेकर



कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन का घोषणा पत्र पूरे बिहार की जनता की आकांक्षाओं का नहीं, बल्कि केवल एक विशेष वर्ग के हितों का प्रतिनिधित्व करता है। सैनी ने कहा कि इनके घोषणा पत्र में आम नागरिक की चिंता नहीं, बल्कि वोट बैंक की राजनीति झलकती है। ये जब भी वोट मांगते हैं तो एक वर्ग विशेष वर्ग के लोगों को साधने की कोशिश करते हैं।

### राहुल ने बिहार में मुजफ्फरपुर से किया चुनावी प्रचार का आगाज

## तेजस्वी और गठबंधन के अन्य नेताओं के साथ किया चुनाव प्रचार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बिहार की बदहाल स्थिति और बेरोजगारी के मुद्दे पर जदयू-भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि अपार संभावनाओं के बावजूद बिहार पिछड़ा हुआ है।

राजद नेता तेजस्वी यादव, वीआईपी नेता मुकेश सहनी, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह के साथ बिहार के मुज़फ़्फ़रपुर में चुनावी प्रचार का आगाज करते हुए राहुल ने सवाल किया कि जब बिहार के लोग दिल्ली, बैंगलोर, मुंबई और दुबई जैसे शहरों को बना सकते हैं, तो बिहार में उन्हें रोजगार क्यों नहीं मिल पा रहा और विकास क्यों नहीं हो पा रहा?

जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ के बीच उन्होंने पेपर लीक का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 20 साल से जदयू-भाजपा की सरकार होने के बावजूद शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से क्षेत्र पूरी तरह उपेक्षित रहे हैं। नोटबंदी और जीएसटी को छोटे उद्योगों के लिए विनाशकारी बताते हुए उन्होंने कहा कि देश में हर सामान पर 'मेड इन चाइना' लिखा मिलता है, जबकि हम चाहते हैं कि उस पर 'मेड इन बिहार' लिखा हो। बिहार में फैक्ट्रियां लगें,



युवाओं को रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि बिहार का गौरवशाली इतिहास रहा है- कभी राज्य के नालंदा विश्वविद्यालय में दुनिया की सबसे बेहतर शिक्षा मिलती थी। महागठबंधन चाहता है कि बिहार एक बार फिर ज्ञान का वैश्विक केंद्र बने और अमेरिका समेत तमाम देशों के युवा नालंदा विश्वविद्यालय में पढ़ने आएं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि वे 20 साल से सरकार चला रहे हैं और खुद को अति पिछड़ा कहते हैं, लेकिन उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में कोई ठोस काम नहीं किया। नीतीश का रिमोट कंट्रोल वास्तव में भाजपा के हाथ में है। भाजपा जैसा चाहती है, वे वैसा ही करते हैं। प्रधानमंत्री और भाजपा सामाजिक न्याय के खिलाफ हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि लोकसभा में उन्होंने प्रधानमंत्री के सामने स्पष्ट कहा था कि विभिन्न वर्गों की आबादी का पता करने के लिए जाति गणना होकर रहेगी। प्रधानमंत्री को घेरते हुए राहुलने कहा कि वे गरीबों के लिए नहीं, बल्कि देश के कुछ अरबपतियों के लिए काम कर रहे हैं। उद्योगपति अडानी को एक रुपए में करोड़ों की जमीन दी जा रही है और अंबानी को टेलीकॉम स्पेक्ट्रम सौंपा जा रहा है। मोदी सरकार में दो हिंदुस्तान बन रहे हैं- एक गरीबों का और दूसरा अरबपतियों का चमकता हुआ हिंदुस्तान। एक तरफ यमुना गंदी पड़ी है, दूसरी तरफ मोदी के लिए छोटा सा तालाब बनवाकर उसमें पाइप से साफ पानी भरवाया जाता है। अगर मोदी जी को छठ पूजा का दिखावा करना है तो वो साफ पानी में नहाएंगे और ठीक दस गज दूर बाकी हिंदुस्तान गंदे पानी में नहाएगा। राहुल ने महाराष्ट्र और हरियाणा में हुई चुनाव चोरी का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा बिहार में भी ऐसा ही प्रयास करेगी। इसे रोकने के लिए उन्होंने आह्वान किया कि बिहार का हर मतदाता वोट डाले और साथ ही इस बात की गारंटी दी कि महागठबंधन की सरकार हर वर्ग, हर जाति, हर धर्म की सरकार होगी।

संविधान की प्रति दिखाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि गरीबों, किसानों और मजदूरों को वोट, शिक्षा, स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के कारण मिला है। इस पर नरेंद्र मोदी और आरएसएस आक्रमण कर रहे हैं। भाजपा जब वोट चोरी करती है या किसी संस्था को खोखला करती है तो यह बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान पर आक्रमण है। भाषण के अंत में उन्होंने संविधान की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और जनता से महागठबंधन के उम्मीदवारों भारी मतों से जिताने की अपील की।

---

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक के विजयपुरा में भूकंप से दहशत

**विजयपुरा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में लगातार आ रहे भूकंपों ने




लोगों की नींद उड़ा दी है। पिछले दो महीनों में 11 झटके दर्ज किए गए हैं। मंगलवार रात 11:41 बजे के बाद बुधवार सुबह भी करीब 5:30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। लोग घरों से बाहर भागे।

### राणा को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की भाजपा नेता और पूर्व सांसद नवनीत राणा को



एक बार फिर से जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी स्पीड पोस्ट के जरिए आए एक पत्र में लिखकर भेजी गई है। यह हैदराबाद से भेजा है। नवनीत ने इसकी शिकायत अमरावती के राजापेठ पुलिस स्टेशन में की।

### जेनिथ ने टीएमसी छोड़ी कांग्रेस में शामिल होंगे

**शिलांग।** मेघालय में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में,



पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मुकुल संगमा के छोटे भाई, जेनिथ एम. संगमा, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद एआईसीसी) से मंजूरी मिलने के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में फिर से शामिल होने के लिए तैयार हैं।

### सिमडेगा में मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतरे

**रांची।** झारखंड के सिमडेगा जिले में बुधवार सुबह एक मालगाड़ी के



डिब्बे पटरी से उतर गए जिससे रेल सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा रांची डिवीजन के दक्षिण पूर्व रेलवे में कनारोआन रेलवे स्टेशन के पास सुबह करीब 10:15 बजे हुआ।

---

### कांग्रेस की बैठक में बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाने का आरोप

## असम में बड़ा राजनीतिक विवाद हो गया खड़ा हिमंता सरकार ने दिए मुद्दे की जांच के आदेश

एजेंसी ▶▶ सिलचर

असमकी बराक घाटी में कांग्रेस कार्यक्रम के दौरान एक गाने को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता बिधु भूषण दास ने एक बैठक में कथित तौर बांग्लादेश का राष्ट्रगान अमर सोनार बांग्ला, आमी तोमाय भालोबाशी गीत गाया। यह घटना सोमवार को श्रीभूमि जिले के इंदिरा भवन, स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में हुई। यहां करीमगंज (श्रीभूमि) जिला सेवा दल की कार्यकारिणी समिति की बैठक चल रही थी। सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष रह चुके हैं दास ने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए यह गीत गाया। यह गीत नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर ने 1905 में ब्रिटिश शासन के दौरान बंगाल के प्रथम विभाजन के समय लिखा था। असम सरकार ने अधिकारियों को कांग्रेस की एक बैठक में कथित तौर पर बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाने के मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि श्रीभूमि जिले में कांग्रेस सेवा दल की एक हालिया बैठक में कथित तौर पर बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाया गया। हालांकि कांग्रेस ने भाजपा सरकार की आलोचना की और कहा कि सरकार गैर जरूरी विवाद पैदा करने की कोशिश कर रही है।

### कांग्रेस ने कहा- अनावश्यक विवाद पैदा करने की कोशिश हो रही

### श्रीभूमि जिला प्रशासन ने की गीत गाने की पुष्टि

जिला सेवा दल की कार्यकारिणी समिति की बैठक



श्रीभूमि जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की और बताया कि राज्य सरकार के मंत्री कृष्णेंदु पॉल ने मामले की जांच करने के मौखिक निर्देश दिए हैं। जिसके बाद जांच की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मंगलवार को श्रीभूमि शहर में कांग्रेस जिला कार्यालय इंदिरा भवन में कांग्रेस सेवा दल की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की शुरुआत में बांग्लादेश के राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' की दो लाइनें गायी गईं। नोबेल पुरस्कार विजेता भारतीय कवि रविंद्रनाथ टैगोर ने बांग्लादेश का राष्ट्रगान लिखा है।

### असम के मंत्री ने कांग्रेस को बताया दिशाहीन पार्टी

घटना के बाद यह मामला तेजी से राजनीतिक रंग लेने लगा। मंगलवार को असम के मंत्री कृष्णेंदु पॉल ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मुझे खबर मिली है कि कांग्रेस के एक नेता ने बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाया है। कांग्रेस में कुछ भी हो सकता है। यह पार्टी



पूरी तरह दिशाहीन है। उन्हें यह तक नहीं पता कि कब और क्या गाना चाहिए। पॉल ने यह भी कहा कि वह कार्यक्रम का वीडियो देखेंगे और पुलिस से जांच कराने की सिफारिश करेंगे। अगर यह सही पाया गया, तो कार्रवाई जरूरी होगी।

### कांग्रेस ने दी सफाई: भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं, विवाद पैदा कर रही

कांग्रेस की इस बैठक का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद विवाद हो गया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि 'कांग्रेस ने पाकिस्तान को जन्म दिया। अब कांग्रेस द्वारा, पड़ोसी देश के प्रति अपना प्यार दिखाने के लिए बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाया जा रहा है।' विवाद पर श्रीभूमि जिला कांग्रेस अध्यक्ष तापस पुरकायस्थ ने कहा कि 'हमारे गौरव रविंद्रनाथ टैगोर के नाम पर राजनीति न करें। दास ने गीत की सिर्फ दो लाइनें गाईं। इसकी आलोचना करने का मतलब है टैगोर की आलोचना। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने भी भाजपा की आलोचना की और कहा कि 'लोगों का ध्यान भटकाने के लिए सत्ताधारी पार्टी गैर-जरूरी विवाद पैदा कर रही है। भाजपा के पास कोई और मुद्दा नहीं है।

### आरोपों को बताया 'राजनीतिक साजिश'

वहीं कांग्रेस ने इस विवाद को पूरी तरह राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है।जिला कांग्रेस समिति के मीडिया विभाग के प्रमुख शाहादत अहमद चौधरी ने बिधु भूषण दास का बचाव करते हुए कहा दास साहब ने सिर्फ एक रवींद्र संगीत प्रस्तुत किया था, बांग्लादेश का राष्ट्रगान नहीं। इस पर सियासी साजिश हो रही है।

### कांग्रेस 'भारत के टुकड़े-टुकड़े' पर चल रही : पूनावाला

पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का एक बड़ा नेता बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाता



है, जिसने हाल ही में भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र, खासकर असम को अलग करने के लिए एक भड़काऊ बयान दिया था। कांग्रेस आधिकारिक तौर पर 'भारत के टुकड़े-टुकड़े' एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए सामने आई है।

---

### आंध्र प्रदेश तट से टकराने के बाद कमजोर पड़ा तूफान मोंथा

## ओडिशा में कई जगहों पर भूस्खलन, लोगों को सुरक्षित पहुंचाया

एजेंसी ▶▶ गजपति

गंभीर चक्रवाती तूफान 'मोंथा' आंध्र प्रदेश तट से टकराने के बाद कमजोर पड़ गया है। कई तटीय जिलों में भारी बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं। सरकार ने प्रभावित जिलों में नियंत्रण कक्ष बनाए हैं और हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। ओडिशा के गजपति में भूस्खलन की घटनाएं हुईं। प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एस. करुणासागर ने कहा कि मध्य बंगाल में बना तूफान आंध्र प्रदेश के तट को पार कर गया। यह आधी रात 11.30 से 12.30 बजे के बीच तट से टकराया और उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा और सुबह ढाई बजे बजे तक यह चक्रवाती तूफान में कमजोर हो गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी तैयारियों की समीक्षा की।

### केंद्र सरकार ने दिया मदद का आश्वासन, मुख्यमंत्री रख रहे नजर



### हमारी टीमें किसी भी स्थिति के लिए तैयार: माझी



ओडिशा के सीएम मोहन माझी ने लैंडफॉल से पहले स्थिति का जायजा लेने के लिए विशेष राहत आयुक्तालय के नियंत्रण कक्ष का दौरा किया। माझी ने कहा कि ओडिशा अभी खतरे में नहीं है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। हमने नियंत्रण कक्ष में चक्रवात मोंथा की स्थिति का जायजा लिया।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

आंध्र प्रदेश में चक्रवात मोंथा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। हेल्पलाइन नंबर चित्तूर (08572-242777, 9491077325), नेल्लोर (0861-2331261, 7995576699), काकीनाडा (0884-2356801), बापटल (0863-2234014), गुंटूर (0864-3220226) और वाईएसआर कडपा (08562-246344)।

### कई जगहों पर भूस्खलन हुआ: जिलाधिकारी

ओडिशा के गजपति की जिला अधिकारी मधुमिता ने बताया कि प्रशासन ने रातभर काम किया, ताकि किसी तरह की जनहानि न हो। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश की वजह से कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है। हमने सुबह उन जगहों को खाली कर दिया। शून्य जनहानि का लक्ष्य पाने के लिए 10 हजार लोगों को संवेदनशील इलाकों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। कर्मचारी लगातार जमीन पर काम कर रहे हैं।

---

## नागपुर-मुंबई समृद्धि राजमार्ग पर लगा सात किमी लंबा जाम

**नागपुर।** महाराष्ट्र में किसानों की पूर्ण ऋण माफी की मांग को लेकर बच्चू कडू के नेतृत्व में पिछले दो दिनों से नागपुर में अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है।

बुधवार को किसानों ने नागपुर-मुंबई समृद्धि राजमार्ग को दो घंटे तक जाम रखा। गुस्साए किसानों ने नागपुर-मुंबई समृद्धि राजमार्ग पर दो घंटे तक वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि यह धरना किसानों के अधिकारों की निर्णायक लड़ाई है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
(ई-टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली डिवीज़न (मंडल) में डेटालॉगर का अपग्रेडेशन |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 4,02,09,254.82/- |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 3,51,100.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 29.10.2025 / निविदा खुलने का दिनांक 21.11.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा संख्या: 558-Sig-16-M-TENDER-1462 दिनाँक : 29.10.2025 3369/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद फारूख पुत्र मोहम्मद जाकीर हुसैन पताः सीएन-497, मीर दर्द बस्ती तकिया कला खां निकट एलएनजेपी कौलोनी आईपी एस्टेट, सेन्ट्रल दिल्ली ने सीसी संख्या 7604/2024, 73/2023 धारा 379/34/411/356 भा.द.स. के तहत** थानाः कमला मार्केट, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद फारूख** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद फारूख** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी संख्या 7604/2024, 73/2023 धारा 379/34/411/356 भा.द.स. के तहत थानाः कमला मार्केट, दिल्ली के उक्त मोहम्मद फारूख** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
भारती बेनीवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-12
कमरा नं.264, द्वितीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14256/CD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82(2) (ii) Cr. P.C. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मंगल पुत्र** सुतर **निवासीः** म.नं. RZC-111, निहाल विहार, दिल्ली ने **FIR No. 716/2020 U/s 325 IPC थानाः निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मंगल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मंगल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 716/2020 U/s 325 IPC थानाः निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मंगल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
कोमल गर्ग
जेएमएफसी-03, (वेस्ट) कोर्ट नं. 292
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14607/OD/2025
(Court Notice)

**खबर संक्षेप**

## टीवीएस मोटर कंपनी का लाभ बढ़कर 42 फीसदी




**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी ने मंगलवार को बताया कि मजबूत वाहन बिक्री के कारण 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 42 प्रतिशत बढ़कर 832.76 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 588.13 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

## अकासा एयर आईपीओ लाने पर करेगा विचार




**नई दिल्ली।** अकासा एयर के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे ने बुधवार को कहा कि एयरलाइन अगले दो से पांच साल में आईपीओ लाने पर विचार करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि एयरलाइन ''अंतहीन एवं अनियंत्रित वृद्धि की दौड़ में शामिल नहीं होगी।''

## स्टारलिंक मुंबई में आज करेगी तकनीकी परीक्षण

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की अगुवाई वाली स्टारलिंक 30 और 31 अक्टूबर को मुंबई में उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए सुरक्षा और तकनीकी शर्तों के अनुपालन का परीक्षण करेगी। कानून प्रवर्तन एजेंसियों के समक्ष किया जाने वाला यह परीक्षण, स्टारलिंक को आवंटित अस्थायी स्पेक्ट्रम पर आधारित होगा। यह कदम भारतीय उपग्रह ब्रॉडबैंड बाजार में इसके नियोजित प्रवेश से पहले एक महत्वपूर्ण कदम होगा। ये परीक्षण स्टारलिंक के लिए व्यावसायिक सेवाएं शुरू करने से पहले मंजूरी पाने की एक अनिवार्य आवश्यकता है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### वैश्विक ऊर्जा शोध संस्थान एंबर ने जारी की रिपोर्ट

# भारत नए कोयला संयंत्रों के बिना 2032 तक बिजली की मांग पूरी कर सकता है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

*भारत को 2032 तक अपनी बिजली की मांग को पूरा करने के लिए पहले से निर्माणाधीन कोयला बिजली संयंत्रों के अलावा किसी नए संयंत्र की आवश्यकता नहीं है। एक हालिया अध्ययन में यह बात सामने आई।*

वैश्विक ऊर्जा शोध संस्थान एंबर द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि अधिक कोयला क्षमता जोड़ना लाभकारी नहीं होगा बल्कि इससे बिजली वितरण कंपनियों एवं उपभोक्ताओं पर उच्च शुल्क का बोझ पड़ सकता है क्योंकि नवीकरणीय ऊर्जा तथा भंडारण सस्ता एवं अधिक टिकाऊ हो जाएगा।



- किया गया आगाह, अधिक कोयला क्षमता जोड़ना लाभकारी नहीं
- बिजली वितरण कंपनियों व उपभोक्ताओं पर उच्च शुल्क बोझ पड़ता है
- नवीकरण ऊर्जा तथा भंडारण सस्ता एवं अधिक टिकाऊ हो जाएगा

### भारत के विद्युत बदलाव में कोयले की भूमिका घट रही

'भारत के विद्युत बदलाव में कोयले की घटती भूमिका' शीर्षक वाले अध्ययन में कहा गया कि भारत अपनी 2032 की बिजली आवश्यकताओं को राष्ट्रीय विद्युत योजना (एनईपी) 2032 के तहत पहले से निर्धारित सौर, पवन एवं ऊर्जा भंडारण लक्ष्यों के माध्यम से पूरा कर सकता है।

### कोयले से बनी बिजली महंगी

कोयले से बनी बिजली पहले से ही कई नवीकरणीय विकल्पों की तुलना में महंगी हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि नई कोयला परियोजनाओं के लिए हाल ही में तय की गईं दरें बिहार में छह रुपये प्रति यूनिट से अधिक और मध्य प्रदेश में लगभग 5.85 रुपये प्रति यूनिट हैं जबकि दोनों ही कोयला उत्पादक क्षेत्रों के निकट है। इस वृद्धि का अधिकतर हिस्सा उच्च स्थिर लागत के कारण है, जो तब भी देय होता है जब संयंत्र बिजली उत्पादन नहीं कर रहे होते।

*<u>भारत की बिजली व्यवस्था बदलाव व नए दौर में</u> : एंबर में वरिष्ठ ऊर्जा विश्लेषक (एशिया) नेशविन रोड्रिग्स ने कहा, '' भारत की बिजली व्यवस्था बदलाव के एक नए दौर में प्रवेश कर रही है। जैसे-जैसे नवीकरणीय ऊर्जा देश के कुल उत्पादन मिश्रण में बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर रही है और भंडारण सस्ता होता जा रहा है, कोयले की भूमिका कम होती जा रही है। मौजूदा कोयला बिजली संयंत्रों के अलावा आगे कोयले पर आधारित ऊर्जा उत्पादन देश के लिए न तो आवश्यक है और न ही किफायती।'*

### सौर ऊर्जा सबसे सस्ती पड़ती है

इसके विपरीत, ठोस एवं प्रेषण योग्य नवीकरणीय ऊर्जा (एफडीआरई) जो सौर या पवन जैसे नवीकरणीय स्रोतों को बैटरी भंडारण के साथ जोड़ती है...एक सस्ता और अधिक टिकाऊ विकल्प बनती जा रही है। एफडीआरई शुल्क अब 4.3 रुपये से 5.8 रुपये प्रति यूनिट के बीच है, जबकि 'सौर-प्लस' भंडारण परियोजनाओं की दरें 2.9 रुपये से 3.6 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच गई हैं।

### कोयला आधारित बिजली की दर बढ़ने की संभावना

*अध्ययन में कहा गया कि चूंकि समान निश्चित लागत को कम परिचालन घंटों में बांटा जाता है, इसलिए कोयला आधारित बिजली की प्रभावी दर 2031-32 तक लगभग 25 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। एंबर ने अनुमान लगाया कि कम उपयोग एवं परिचालन लागत को ध्यान में रखते हुए बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के लिए आज छह रुपये प्रति यूनिट की लागत वाली कोयला बिजली की कीमत बढ़कर 7.25 रुपये प्रति यूनिट हो सकती है।*

### कोयला संयंत्रों का औसत उपयोग घट रहा

*रिपोर्ट में पाया गया कि भारत के कोयला संयंत्रों का औसत उपयोग (जिसे प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) के रूप में जाना जाता है) 2024-25 में 69 प्रतिशत से घटकर 2031-32 में 55 प्रतिशत हो जाएगा। इसका मतलब यह है कि कई संयंत्र कम क्षमता पर चलेंगे या लंबे समय तक निष्क्रिय रहेंगे क्योंकि दिन के समय सौर एवं पवन ऊर्जा का उपयोग बढ़ रहा है।*

# सोना 2,600 रुपये बढ़कर 1,24,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी भी चमकी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- फेड की घोषणा से पहले सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी बढ़ी
- चांदी की कीमतों में 6700 रुपए का आया उछाल

फेडरल रिजर्व के नीतिगत नतीजों से पहले सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी के नए दौर के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 2,600 रुपये बढ़कर 1,24,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। इससे दो सत्रों से चली आ रही गिरावट थम गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,600 रुपये बढ़कर 1,23,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,21,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1,21,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने की कीमतों में उछाल आया और फेडरल रिजर्व की मौद्रिक बैठक के नतीजे आने से पहले यह 4,000 डॉलर प्रति औंस के मनोवैज्ञानिक स्तर पर पहुंच गया। चांदी की कीमतों में भी तेज उछाल आया और इसकी कीमतें 6,700 रुपये बढ़कर 1,51,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। मंगलवार को चांदी की कीमत 1,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सौदेबाजी में खरीदारी और सुरक्षित निवेश वाले संसाधनों की फिर से मांग बढ़ी है।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 27 अक्तूबर से

**नई दिल्ली।** पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय, दिल्ली द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 27 अक्तूबर 2025 से 02 नवम्बर 2025 तक किया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है- सतर्कता हमारी साझा ज़िम्मेदारी सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर उप अंचल प्रमुख श्रीमती आर. पुष्पलता, महाप्रबंधक द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता प्रतिज्ञा दिलाई गई तथा निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के मूल्यों को अपने कार्य व्यवहार में अपनाने का संकल्प दिलाया गया। इस सप्ताह के दौरान अंचल कार्यालय एवं इसके अधीन शाखाओं में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें प्रमुख हैं- सतर्कता प्रतिज्ञा समारोह, रक्त दान शिविर, पुलिस शहीदों को श्रद्धांजली समारोह, वॉकथोन, ईमानदारी एवं नैतिक मूल्यों पर परिचर्चा सत्र। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बैंक कर्मचारियों एवं आम नागरिकों में ईमानदारी, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है, ताकि भ्रष्टाचार मुक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। साथ ही हमें यह समझने की आवश्यकता है कि सतर्कता हम सबकी साझा ज़िम्मेदारी है।

# मजबूत वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार में तेजी

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- सेंसेक्स 369 और निफ्टी 178 अंक चढ़ा
- विदेशी निवेशकों ने बाजार में की खरीदारी

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और विदेशी कोषों के ताजा प्रवाह के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 369 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 26,000 अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 368.97 अंक चढ़कर 84,997.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 477.67 अंक बढ़कर 85,105.83 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 117.70 अंक यानी 0.45 प्रतिशत बढ़कर 26,053.90 अंक पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''एशियाई बाजारों से सकारात्मक संकेतों और वैश्विक व्यापार गतिशीलता पर स्पष्टता आने से घरेलू बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में संभावित प्रगति को लेकर आशावाद ने भी धारणा को मजबूत किया। नायर ने कहा कि निवेशकों को फेडरल रिजर्व के आगामी निर्णय का इंतजार है और 0.25 प्रतिशत दर कटौती की संभावना जताई जा रही है। इसके साथ फेडरल रिजर्व की टिप्पणियों से भी भावी दृष्टिकोण का पता चलेगा। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.68 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप में 0.56 प्रतिशत की बढ़त रही।

*यूरोप के अधिकांश बाजार बढ़त के साथ बंद :एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुए।*

# होंडा ने इलेक्ट्रिक एसयूवी 'होंडा 0 ए' का किया अनावरण

**साल 2027 में भारतीय बाजार में होगी उपलब्ध**

एजेंसी ▸▸ टोक्यो

जापान की मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड ने अपनी अगली पीढ़ी की इलेक्ट्रिक कार 'होंडा 0 ए' (अल्फा) का बुधवार को अनावरण किया। भारत में इसकी बिक्री 2027 में शुरू होने की उम्मीद है। 'जापान मोबिलिटी शो' 2025 में यहां इस मॉडल का अनावरण किया गया। 'होंडा 0 ए' को एक एसयूवी के रूप में विकसित किया गया है जो शहरी एवं प्राकृतिक दोनों माहौल से तालमेल बैठा पाए। 'होंडा 0 ए' 2027 में वैश्विक स्तर पर मुख्य रूप से जापान और भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। यह भारत में कंपनी का पहला बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन मॉडल होगा।



### अगली पीढ़ी की ईवी श्रृंखला होगी

कंपनी ने कहा कि इस वर्ष जनवरी में 'होंडा 0 सैलून' और 'होंडा 0 एसयूवी' की शुरुआत के बाद 'होंडा 0 ए' को 'होंडा 0' श्रृंखला की दुनिया के लिए एक प्रवेश द्वार मॉडल के रूप में जोड़ा जाएगा। मिबे ने बताया कि 'होंडा 0' श्रृंखला अगली पीढ़ी की ईवी की श्रृंखला है। इसे होंडा एक वाहन विनिर्माता के रूप में शुरुआती बिंदु से मूल विचारों के आधार पर नई ईवी के तौर पर पेश कर रही है।

## उत्तर रेलवे द्वारा सतर्कता बैठक और वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**नई दिल्ली।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तीसरे दिन, आज उत्तर रेलवे मुख्यालय में सतर्कता विभाग द्वारा एक सतर्कता बैठक का आयोजन किया गया। सभी सतर्कता निरीक्षक और सतर्कता अधिकारी, सतर्कता - हमारी साझा जिम्मेदारी, विषय पर विचार-विमर्श करने के लिए कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान, सतर्कता निरीक्षकों ने केस स्टडी प्रस्तुत किए और अपने कार्यक्षेत्र से जुड़े अनुभवों को साझा किया । उन्होंने सतर्कता जांच के दौरान आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर भी चर्चा की। इसके अलावा, उत्तर रेलवे सतर्कता विभाग द्वारा आज (29.10.2025) को 15:00 बजे एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस प्रतियोगिता में राजपत्रित अधिकारियों और अराजपत्रित कर्मचारियों दोनों ने सक्रिय रूप से भाग लिया ।

**सूचना**

मैं, माया देवी पत्नी स्वर्गीय लखमी चंद, निवासी आर- 298, गली नम्बर 18-ए, स्वतंत्र नगर नरेला, दिल्ली 110040, बयान करती हूं कि मेरी सगी पुत्री नमिता मेरे कहने-सुनने से बाहर है और मेरे पति की संपत्ति जो अब मेरी है, को किसी व्यक्ति के साथ मिलकर हड़पना चाहती है। इसलिये मैं, अपनी पुत्री नमिता को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **कैमरा, पुत्रः जोर्ज, निवासीः प्लॉट संख्या 7, 8, खासरा संख्या 18/17/2 तीसरी मंजिल, विकास विहार, निलोठी एक्सटेंशन, निहाल विहार, दिल्ली** दूसरा पताः **के–585, चंदर विहार, नांगलोई, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.1120/2024 U/S 14/14C Act** के तहत एक मामला **थाना निहाल विहार, बाहरी दिल्ली जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **कैमरा** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **कैमरा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.1120/2024 U/S 14/14C Act, थाना निहाल विहार, बाहरी दिल्ली जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **कैमरा** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **01.12.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
कमरा नं.–292, पश्चिमी जिला,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/14540/OD/2025
(अदालती मामला)

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, फतेहाबाद**

**आरोपी की तलाश**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आरोपी विकास चन्द्रा हैल्दर पुत्र बैद्यनाथ हैल्दर निवासी अनिशमाली गगनापूर नाडीया जिला राणाघाट, पश्चिम बंगाल के खिलाफ अभियोग 260 दिनांक 20.10.2024 धारा 420,406,467,471,120बी भारतीय दंड संहिता थाना सदर फतेहाबाद में दर्ज रजिस्टर है। आरोपी विकास चन्द्रा हैल्दर उपरोक्त गिरफ्तारी को लेकर पुलिस से भाग रहा है जो पुलिस को देखकर रुहपोश हो जाता है। इस सम्बन्ध में माननीय अदालत JMIC रतिया फतेहाबाद की अदालत से गिरफ्तारी हेतु विज्ञापन जारी हुआ है। अतः सभी से अनुरोध है कि आरोपी विकास चन्द्रा हैल्दर उपरोक्त का कही पर सूचना मिलती है तो इसकी सूचना जिला फतेहाबाद में आर्थिक अपराध शाखा को सूचित कर सकते हैं आपकी सूचना गोपनीय रखी जाएगी।

संपर्क करें:
आर्थिक अपराध शाखा, फतेहाबाद
मोबाइल नं.:
पुलिस कंट्रोल रूम फतेहाबाद
88140-11741, 01667-230010
अनुसंधान कर्ता 99960,90325
या नजदीकी पुलिस स्टेशन में जानकारी दें।

पीआरडीएच-1084/11/4068/2026/39861/88/7 दि. 29.10.25

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## रिजर्व बैंक का स्वर्ण भंडार सितंबर में बढ़कर 880 टन




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक का स्वर्ण भंडार सितंबर, 2025 तक पिछले 12 महीनों में 25.45 टन बढ़कर 880 टन हो गया है। केंद्रीय बैंक का स्वर्ण भंडार सितंबर, 2024 के अंत में 854.73 टन था और यह बढ़कर चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के अंत में 880.18 टन हो गया। इसमें 25.45 टन की वृद्धि हुई। आरबीआई ने अप्रैल-सितंबर, 2025 के विदेशी मुद्रा भंडार प्रबंधन पर अपनी अर्धवार्षिक रिपोर्ट में कहा, 'सितंबर, 2025 के अंत तक रिजर्व बैंक के पास 880.18 टन सोना था, जिसमें से 575.82 टन घरेलू स्तर पर था।' मंगलवार को जारी इस रिपोर्ट के मुताबिक, 290.37 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास सुरक्षित रखा गया है, जबकि 13.99 टन सोना जमा के रूप में रखा गया है। मूल्य (अमेरिकी डॉलर) के संदर्भ में कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा मार्च, 2025 के अंत तक 11.70 प्रतिशत था और यह बढ़कर सितंबर, 2025 के अंत तक लगभग 13.92 प्रतिशत हो गया है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यलय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते है।


| निविदा संख्या | 20-RCNK-OPN-VB-UH-2025 |
|---|---|
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | |
| "आरसीएनके/एसएनपी में शेड्यूल मेंटेनेंस के दौरान वंदे भारत रेक में सीटों की अपहोल्स्ट्री की सप्लाई और रिप्लेसमेंट (काम के दायरे के अनुसार)" | |
| अनुमानित लागत | रुपये 9739106.40/– जीएसटी @ 18 % सहित |
| बयाना राशि | रुपये 194800.00/– |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से छह महीने |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 13.11.2025 को 15:00 बजे तक खुलने का समय 15:15 बजे। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।

पत्र सं. 20-RCNK-OPN-VB-UH-2025 दिनांक : 28.10.2025 3363/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 6032




**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -6031 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | | | | मु | का | ब | ला |
| मी | | | त | म | त | मा | ना | | | ज |
| श | ब | | न | या | | न | दी | | जी | वा |
| न | र | क | | न | म | क | | ख | रा | ब |
| | दा | म | न | | जा | | न | फा | | |
| | न | | ख | त | | म | न | | म | |
| | | सा | रा | | आ | | द | म | न | |
| अ | ना | र | | र | स | म | | त | ह | री |
| मा | ता | | ल | क | | सौ | त | | र | त |
| न | | | च | म | क | दा | र | | | स |
| त | क | दी | र | | | | ल | ल | का | र |



# आज से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला, 3 महीने बाद पंत करेंगे वापसी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत ए और दक्षिण अफ्रीका ए के बीच गुरुवार से शुरू हो रहे चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट मैच में ऋषभ पंत की चोट के कारण तीन महीने के ब्रेक के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी मुख्य आकर्षण होगी।

पंत को 23 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पैर में चोट लग गई थी और यह विकेटकीपर बल्लेबाज तब से रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजर रहा है। पंत इस बीच वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। लेकिन बीसीसीआई के सीओई मैदान पर होने वाले दो अनौपचारिक टेस्ट मैच से उन्हें विश्व चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले मैच अभ्यास का महत्वपूर्ण मौका मिलेगा।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में कप्तानी करेंगे पंत

दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ होने वाले इन मैच में वह भारत ए की कप्तानी भी करेंगे। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी सीनियर टीम में ध्रुव जुरेल की जगह ले सकता है, जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे।पंत वास्तविक मैच की स्थिति में मैदान पर कुछ अच्छा समय बिताने के लिए उत्सुक होंगे, बशर्ते इस हिस्से में लगातार बारिश खेल में खलल न डाले।

### पंत की कप्तानी में टेस्ट मैच सुबह 9.30 बजे से होगा शुरू



### टीमें इस प्रकार

**भारत-ए** : ऋषभ पंत (कप्तान, विकेटकीपर), आयुष म्हात्रे, एन जगदीसन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उप कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार, हर्ष दुबे, तनुष कोटियन, मानव सुथार, खलील अहमद, गुरनूर बराड़, अंशुल कंबोज, यश ठाकुर, आयुष बडोनी, सारांश जैन।

**दक्षिण अफ्रीका-ए** : मार्केस एकरमैन, तेम्बा बावुमा (केवल दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए), ओकुहले सेले, जुबैर हमजा, जॉर्डन हरमन, रुबिन हरमन, रिवाल्डो मूनसामी, त्शेपो मोरेकी, मिहलाली मपोंगवाना, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रायेन, काइल सिमंड्स, त्सेपो नदवांडवा, जेसन स्मिथ, तियान वान वुरेन, कोडी यूसुफ।



### सुदर्शन के पास निखार लाने का मौका

साई सुदर्शन ने अपना अंतिम मैच इस महीने की शुरुआत में दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेला था और ये दो मैच उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले अपने खेल में निखार लाने का मौका प्रदान करेंगे। तमिलनाडु के इस बल्लेबाज ने फिलहाल तीसरे नंबर पर अपनी जगह पक्की कर ली है लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं। वह यहां बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे।जहां दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो वह जुबैर हमजा के प्रदर्शन पर नजर रखेगा, जिन्हें लगभग दो साल के अंतराल के बाद टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है।

## खबर संक्षेप



### लौरा ने बनाया रिकॉर्ड पूरे किए 5 हजार रन

**गुवाहाटी।** महिला वनडे वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में साउथ अफ्रीका की टीम ने पहले बल्लेबाजी की। इस मुकाबले में साउथ अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक ठोका। उन्होंने वनडे क्रिकेट में नया रिकॉर्ड अपने नाम किया है। लौरा वोल्वार्ट ने इस पारी के दौरान अपने वनडे करियर में 5000 रन पूरे किए। ऐसा करने वाली वह साउथ अफ्रीका की पहली और दुनिया की छठी खिलाड़ी बनी हैं। वनडे क्रिकेट में 5000 रन बनाने वाली वह दुनिया की सबसे युवा महिला क्रिकेटर बनी हैं। उन्होंने 26 साल और 186 दिन में यह उपलब्धि हासिल की। वह पारी के आधार पर 5000 रन बनाने वाली दुनिया की दूसरी सबसे तेज महिला बल्लेबाज बन गई हैं।

### द. अफ्रीका ने पाकिस्तान को 55 रन से हराया



**रावलपिंडी।** स्टार बल्लेबाज बाबर आजम की टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी यादगार नहीं रही और वह खाता भी नहीं खोल पाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान को 55 रन से हरा दिया। पाकिस्तान की टीम कोर्बिन बॉश के दोहरे झटकों से नहीं उबर पाई और उसकी टीम 195 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 139 रन पर आउट हो गई। इससे पहले कप्तान डोनोवन फरेरा के टॉस हारने और पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट पर 194 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स ने 40 गेंदों पर 60 और जॉर्ज लिंडे ने 22 गेंदों पर 36 रन बनाए।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे रेड्डी



**कैनबरा।** ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी गर्दन में ऐंठन के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने यह जानकारी दी। रेड्डी क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच से बाहर हो गए थे। वह अब एक नई परेशानी से जूझ रहे हैं। बीसीसीआई ने कहा, 'नीतीश कुमार रेड्डी पहले तीन टी20 मैचों से बाहर हो गए हैं। एडिलेड में दूसरे वनडे के दौरान बाएं क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे इस ऑलराउंडर ने गर्दन में ऐंठन की शिकायत की है।

## सूर्यकुमार बने टी20 अंतराष्ट्रीय मैच में 150 छक्के लगाने वाले पांचवें बल्लेबाज

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टी20 चढ़ा बारिश की भेंट, सूर्यकुमार ने छुआ एक और मुकाम

एजेंसी ▶▶| कैनबरा

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव कुछ शानदार शॉट के साथ लय में वापसी करते दिखे, लेकिन खराब मौसम और बारिश के कारण बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच रद्द करना पड़ा। बारिश के कारण 9.4 ओवर के खेल के बाद जब दूसरी बार खेल रोका गया तब सूर्यकुमार 24 गेंद में 39 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने शानदार लय में चल रहे उपकप्तान शुभमन गिल (20 गेंदों पर नाबाद 37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 गेंद में 62 रन की साझेदारी के साथ बड़े स्कोर की नींव तैयार कर दी थी। भारत ने खेल रोको जाने से पहले एक विकेट पर 97 रन बना लिए थे। वहीं इस पारी में भारतीय कप्तान ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

सूर्यकुमार अब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 या उससे अधिक छक्के लगाने वाले पांचवें बैटर बन गए हैं।



### सूर्यकुमार ने टी20 इंटरनेशनल में पूरे किए 150 सिक्स

सूर्यकुमार यादव अब दुनिया के उन चुनिंदा बल्लेबाजों की लिस्ट में शुमार हो गए हैं, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल में 150 छक्के लगा दिए हैं। टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के अभी भी रोहित शर्मा के ही नाम हैं, जिन्होंने 205 सिक्स लगाए हैं। खास बात ये है कि रोहित शर्मा ही दुनिया के अकेले ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने इस फॉर्मेट में 200 सिक्स का आंकड़ा पार किया है। इसके बाद यूएई के मोहम्मद वसीम का नंबर आता है,जिन्होंने अब तक 187 सिक्स लगाए हैं। न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल ने 173 और इंग्लैंड के जॉस बटलर ने 172 छक्के टी20 इंटरनेशनल में लगाए हैं। अब उसके बाद सूर्यकुमार यादव का नाम आ गया है, जिन्होंने 150 सिक्स पूरे करने में कामयाबी हासिल की है।

### वसीम के बाद सबसे तेज इस मुकाम तक पहुंचे सूर्या

वैसे तो अब तक कुल मिलाकर दुनियाभर के 5 बल्लेबाज टी20 इंटरनेशनल में 150 से अधिक छक्के पूरे कर चुके हैं, लेकिन सबसे तेज इस मुकाम तक पहुंचने के मामले में भारत के सूर्यकुमार यादव दूसरे नंबर पर हैं। यूएई के मोहम्मद वसीम ने 66 पारियों में ही 150 छक्के लगा दिए थे। सूर्यकुमार यादव आज अपनी 86वीं पारी खेलते हुए इस मुकाम तक पहुंचे हैं। बाकी बल्लेबाजों की बात करें तो मार्टिन गप्टिल 101, रोहित शर्मा 111 और जॉस बटलर ने 120 पारियों में 150 टी20 इंटरनेशनल छक्के पूरे किए हैं।

### गिल ने दिखाया आक्रमण और धैर्य का शानदार मिश्रण

गिल ने दूसरे छोर से आक्रमण और धैर्य का शानदार मिश्रण दिखाया। उन्होंने वामहस्त स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन के खिलाफ काऊ कॉर्नर (डीप मिडविकेट और लांग लेग के बीच में) पर दर्शनीय छक्का जड़ा। गिल ने इस छक्के के अलावा चार दिलकश चौके भी जड़े। इससे पहले 4.4 ओवर के बाद भी बारिश के कारण खेल को रोकना पड़ा था। बारिश के पहले व्यवधान के बाद जब खेल दोबारा शुरू हुआ तो मैच को 18 ओवर प्रति टीम कर दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया था, जिसके बाद अभिषेक शर्मा (14 गेंद में 19 रन) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। एलिस ने हालांकि उन्हें खतरनाक होने से पहले ही चलता कर टीम को पहली सफलता दिलाई।

## महिला वनडे विश्व कप

# भारत को ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का करना पड़ेगा सामना



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय टीम को महिला वनडे विश्व कप के गुरुवार को होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा और उसे उम्मीद रहेगी कि कप्तान हरमनप्रीत कौर आठ साल पहले खेली गई जादुई पारी जैसा करिश्मा दिखाने में सफल रहेगी।

हरमनप्रीत की 2017 में इंग्लैंड के डर्बी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 115 गेंदों में नाबाद 171 रन की पारी एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने महिला क्रिकेट को सुर्खियों में ला दिया था। सात बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर जीत से न केवल भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा बल्कि आईसीसी खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को भी पंख लग जाएंगे। भारतीय टीम के प्रदर्शन में अभी तक निरंतरता का अभाव रहा है और उसके पास ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को पराजित करने का यह सुनहरा मौका है लेकिन इसके लिए उसके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### हरलीन दे सकती है मंधाना को सहारा

हरलीन ने सात मैचों में 75.11 की औसत से बिना किसी अर्धशतक के 169 रन बनाए हैं, जो आकर्षक नहीं लगते हैं लेकिन क्रीज पर टिके रहने की उनकी क्षमता भारत को शीर्ष पर मजबूती प्रदान कर सकती है और मंधाना को एक परिचित सहारा भी दे सकती है, जो रावल दूसरे छोर से प्रदान करती हैं। बेमौसम बारिश के पूर्वानुमान के बावजूद पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल बनी हुई है और बड़े स्कोर का दबाव लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को परेशानी में डाल सकता है। इसके अलावा यह भी बड़ा सवाल है कि क्या भारत को बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को टीम में बनाए रखना चाहिए या नहीं क्योंकि वह एक कुशल क्षेत्र रक्षक हैं और पिछले मैच में उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी की थी।

**भारतीय टीम** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, श्रीचरणी, राधा यादव।

## कनाडा ओपन

# 17 वर्षीय अनाहत की बड़ी जीत दूसरी वरीय गिलिस को हराया



एजेंसी ▶▶| टोरंटो

17 वर्षीय उभरती खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बेल्जियम की गत चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त टिन्नी गिलिस को हराकर कनाडा महिला ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गैर वरीयता प्राप्त अनाहत ने 36 मिनट तक चले क्वार्टर फ़ाइनल मैच में दुनिया की सातवें नंबर की अपनी प्रतिद्वंद्वी को 3-0 (12-10, 11-9, 11-9) से हराया।

यह भारतीय खिलाड़ी वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर है। यह अनाहत की अपने करियर की सबसे बड़ी और शीर्ष 10 खिलाड़ियों के खिलाफ पहली जीत है।

### टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में अनाहत

वह इस टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में हैं, जो कि पीएसए टूर सिल्वर लेवल की प्रतियोगिता है। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी मेलिसा अल्वेस को हराया था। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला इंग्लैंड की विश्व की 10वें नंबर की खिलाड़ी और चौथी वरीयता प्राप्त जीना कैनेडी से होगा। अनाहत ने जीत हासिल करने के बाद कहा, 'मैं वास्तव में उत्साहित हूं और वह (टिन्नी गिलिस) शीर्ष 10 खिलाड़ियों में से एक है और यह पहली बार है जबकि मैं शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराने में सफल रही।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी तक इस टूर्नामेंट में जिस तरह का प्रदर्शन किया है उससे मैं बहुत खुश हूं।

## 17 साल का सूखा किया खत्म

# न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के बैजबॉल का बजाया बैंड

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

शीर्ष क्रम की एक और नाकामी के कारण इंग्लैंड की टीम 175 रन पर आउट हो गई और न्यूजीलैंड ने दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच पांच विकेट से जीतकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। इंग्लैंड की पारी केवल 36 ओवर तक चली और न्यूजीलैंड ने 33.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। उसकी तरफ से डेरिल मिशेल ने नाबाद 56, रचिन रविंद्र ने 54 और मिच सैंटनर ने नाबाद 34 रन बनाए।



### आर्चर ने 23 रन देकर लिए 3 विकेट

इंग्लैंड के लिए एक सकारात्मक बात तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी रही, जिन्होंने 10 ओवरों में 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ब्रूक ने दूसरे मैच में भी अच्छी शुरुआत की लेकिन वह 34 रन ही बना पाए, जिससे इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 105 रन हो गया था। इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बाकी बल्लेबाजों में जेमी स्मिथ ने 13, बेन डकेट ने एक, जो रुट ने 25, जैकब बेथेल ने 18 और जोस बटलर ने नौ रन बनाए।

# हाइलो ओपन : प्री क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य, श्रीकांत हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶| सारब्रकेन

बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने फ्रांस के पांचवें वरीय क्रिस्टो पोपोव को हराकर उलटफेर करते हुए 475000 डॉलर इनामी हाइलो ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ी पोपोव को पहले दौर में सीधे गेम में 21-16 22-20 से हराया।

लक्ष्य अगले दौर में हमवतन एस. शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन से भिड़ेंगे, जिन्होंने मलेशिया के जुन हाओ लियोंग को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 21-14, 18-21, 21-16 से हराया।



### श्रीयांशी ने किया उलटफेर तीसरी वरीय को हराया

किदांबी श्रीकांत हालांकि पुरुष एकल के पहले दौर में हमवतन किरण जॉर्ज के खिलाफ 19-21, 11-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। जॉर्ज अगले दौर में फ्रांस के आठवें वरीय टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ उतरेंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के हैरी हुआंग को 21-17, 19-21, 21-19 से हराया। महिला एकल में भी भारत को कुछ अच्छे नतीजे मिले जब गैरवरीय श्रीयांशी वलीशेट्टी ने उलटफेर करते हुए डेनमार्क की तीसरी वरीय लाइन होमार्क जार्सफेल्ट को सिर्फ 33 मिनट में 21-19, 21-12 से हराकर उलटफेर किया।


## कार्लोस को गैरवरीयता प्राप्त नॉरी ने 4-6, 6-3, 6-4 से हराया

# पेरिस मास्टर्स में हारे अल्कारेज, टूटा 17 मैचों का विजय अभियान

एजेंसी ▶▶| पेरिस

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने पहला सेट जीतने के बाद लगातार गलतियां की, जिसके कारण उन्हें पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा।

अल्काराज को गैरवरीय कैमरुन नॉरी ने 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। छह बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने दूसरा सेट हारने के बाद कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ भी चर्चा की। इस हार के साथ ही अल्काराज का मास्टर्स प्रतियोगिताओं में 17 मैचों से चला आ रहा विजय अभियान भी टूट गया। यही नहीं उन्हें अपनी नंबर एक रैंकिंग से भी हाथ धोना पड़ सकता है क्योंकि अगर दूसरे स्थान पर काबिज यानिक सिनर यह टूर्नामेंट जीत जाते हैं तो एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएंगे। अल्काराज ने मैच के बाद कहा, 'मैं अपने खेल से वास्तव में निराश हूं। आज मुझे अच्छा नहीं लग रहा था और मैंने बहुत सारी गलतियां की।'



### अल्काराज ने इस सत्र में जीते आठ खिताब

*अल्काराज ने इस सत्र में आठ खिताब जीते हैं, जिसमें फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के अलावा तीन मास्टर्स टूर्नामेंट भी शामिल हैं। नॉरी का अगला मुकाबला बुधवार को वैलेन्टिन वाचेरोट और आर्थर रिंडरक्नेच के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। वाचेरोट ने पहले दौर में 14वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका को 6-1, 6-3 से हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने फ्लेवियो कोबोली को 7-6 (4), 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। अब उनका सामना आंद्रे रुबलेव से होगा। नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर अलियासिमे और 11वें नंबर के दानिल मेदवेदेव ने भी जीत हासिल की।*





## खबर संक्षेप

### 51 नक्सलियों का सरेंडर, 9 महिला भी शामिल



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में बड़ी सफलता मिली है। 51 माओवादी कैडरों ने बीजापुर में सरेंडर किया है। मुख्यधारा में शामिल होने वाले इन कैडरों में 9 महिला और 42 पुरुष सदस्य शामिल हैं। सरेंडर करने वालों में 20 ऐसे नक्सली शामिल हैं, जिन पर इनाम था। इनमें 8 लाख के इनामी 5 नक्सली, 5 लाख का इनामी एक नक्सली, 2 लाख के इनामी 7 नक्सली, वहीं एक लाख के इनामी सात नक्सली शामिल हैं। एसपी डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति माओवादियों को आकर्षित कर रही है।

### भारत में स्टारलिंक के लॉन्च की तैयारी



**मुंबई।** मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक भारत में अपनी सर्विस लॉन्च करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसी क्रम में कंपनी 30 और 31 अक्टूबर को मुंबई में सिक्योरिटी और टेक्निकल डेमो रन आयोजित करेगी। सूत्रों के मुताबिक, यह डेमो देश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने किया जाएगा ताकि यह साबित किया जा सके कि स्टारलिंक ने सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए तय सभी सुरक्षा और तकनीकी मानकों का पालन किया है। यह डेमो उस अस्थायी स्पेक्ट्रम पर आधारित होगा, जो कंपनी को परीक्षण के लिए आवंटित किया गया है।

गहरे होंगे भारत-जापान के संबंध!

# पीएम मोदी ने जापान की नई पीएम से की बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की पीएम जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ खास बातचीत की। उन्हें पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी और आर्थिक सुरक्षा, रक्षा सहयोग और प्रतिभा गतिशीलता पर केंद्रित भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को आगे बढ़ाने के हमारे साझा दृष्टिकोण पर चर्चा की। इस बात पर सहमत हुए कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भारत-जापान के मजबूत संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।



जापान बीते कुछ महीनों से गहरे राजनीतिक संकट से गुजर रहा था, जुलाई 2025 में हुए संसदीय चुनावों में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) को करारी हार का सामना करना पड़ा। पार्टी की इस हार के बाद देश में राजनीतिक खींचतान और नेतृत्व संकट शुरू हो गया था। पूर्व प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा, जो मुश्किल से एक साल सत्ता में रहे।

### ड्रमर से लेकर शीर्ष नेता तक

*साने ताकाइची का जीवन सफर प्रेरणादायक है. 64 वर्षीय ताकाइची ने अपने करियर की शुरुआत हेवी-मेटल ड्रमर और मोटरसाइकिल प्रेमी के रूप में की थी, लेकिन जल्द ही वे राजनीति की ओर मुड़ीं और 1993 में अपने गृह नगर नारा से पहली बार सांसद बनीं। उन्होंने आर्थिक सुरक्षा, आंतरिक मामलों और लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का नेतृत्व किया। वे जापान की पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी सहयोगी रही हैं और उनकी रूढ़िवादी नीतियों की समर्थक मानी जाती हैं। ताकाइची अपने आदर्श के रूप में ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर का उल्लेख करती हैं, जो उनके मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट विचारों की झलक है।*

### ताकाइची को मिली थी सफलता

उन्होंने 15 अक्टूबर को इस्तीफा दे दिया. इसी के साथ एलडीपी में नेतृत्व बदलने की प्रक्रिया शुरू हुई। इस सत्ता शून्यता को खत्म करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने साने ताकाइची का नाम आगे बढ़ाया, जो लंबे समय से एलडीपी के दक्षिणपंथी गुट से जुड़ी हुई थीं। ताकाइची ने जापान इनोवेशन पार्टी के साथ गठबंधन करके नया समीकरण तैयार किया है। इस गठबंधन ने संसद में बहुमत के करीब सीटें हासिल कीं और ताकाइची को प्रधानमंत्री पद पर पहुंचाया।

मरीनटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव में बोले पीएम मोदी

# देश का मरीनटाइम सेक्टर ग्रोथ का नया इंजन विकसित देशों से बेहतर हैं भारत के बंदरगाह



संबोधित करते पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मुंबई में इंडिया मरीनटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के इस कालखंड में भारत का समुद्री क्षेत्र बड़ी तेजी और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि देश के बंदरगाह अब विकासशील देशों में सबसे कुशल बंदरगाहों में गिने जाते हैं।

- परिचालन जलमार्ग 3 से 42 हो गए

पीएम मोदी ने कहा कि साल 2025 भारत के मरीनटाइम सेक्टर के लिए बहुत अहम साल रहा है। इंडिया मरीनटाइम वीक 2025 कार्यक्रम में उपलब्धियों को गिनाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही विझिंजम बंदरगाह पहला गहरे पानी का अंतर्राष्ट्रीय केंद्र है, जिसका परिचालन शुरू हो गया है।

*अंतर्देशीय जलमार्ग कार्गो में 700 प्रतिशत की वृद्धि*

*समुद्री दृष्टि ने 100 और नए संग्रहालय बनाए हैं*

*भारत का औसत कंटेनर समय 3 दिन कम हुआ*




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस

### समुद्री क्षेत्र में सुधार, नए आधुनिक कानून लागू

*पीएम मोदी ने कहा कि इस वर्ष समुद्री क्षेत्र में भी सुधार हुए हैं, हमने औपनिवेशिक कानूनों को हटाकर नए आधुनिक कानून लागू किए हैं। ये कानून समुद्री बोर्ड को सशक्त बनाते हैं और बंदरगाहों पर डिजिटलीकरण को बढ़ावा देते हैं। हमने विधेयक को वैश्विक स्तर पर सुसंगत बनाया है और व्यापार में आसानी को बढ़ावा दिया है, जिससे निवेशकों को लाभ हो रहा है। तटीय नौवहन अधिनियम व्यापार को आसान बनाने के लिए बनाया गया है और आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा को समर्थन प्रदान करती है।*

### भारतीय मरीनटाइम में निवेश करने का यही सही समय है

पीएम मोदी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 70000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे रसद क्षमता, दीर्घकालिक वित्तपोषण, हरित और भूरा क्षेत्र, उन्नत समुद्री विकास होगा और लाखों नौकरियां पैदा होंगी। 76000 करोड़ रुपये का वधावन बंदरगाह, आप सभी इस यात्रा में हमारे भागीदार हैं और हम आपके नवाचार और निवेश का स्वागत करते हैं। पीपीपी बढ़ रहा है, मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड को भी इस कार्यक्रम के माध्यम से सब्सिडी दी जा रही है।

### हरित हाइड्रोजन सुविधा शुरु

वर्ष 2024-25 में भारत के प्रमुख बंदरगाहों में अधिकतम कार्गो हैंडलिंग की जा रही है, जो एक नया रिकॉर्ड बनाएगी। पहली बार किसी भारतीय बंदरगाह कांडला बंदरगाह में मेगावाट पैमाने पर हरित हाइड्रोजन सुविधा शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि जेएनपीटी जो कि भारत-मुंबई कंटेनर टर्मिनल है, उसकी हैंडलिंग क्षमता दोगुनी हो गई है और यह भारत का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह बन गया है।

### भारत के समुद्री क्षेत्र पर दुनिया को विश्वास

*मरीनटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव में पीएम मोदी ने आगे कहा, "साल 2016 में मुंबई में ही इस आयोजन की शुरूआत हुई थी और ये हम सभी के लिए खुशी की बात है कि आज ये समिट एक ग्लोबल इवेंट बन चुका है। आज यहां इस कार्यक्रम में दुनिया के 85 से अधिक देशों की भागीदारी अपने आप में एक बहुत बड़ा संदेश दे रही है। अभी यहां शिपिंग सेक्टर से जुड़ी कई योजनाओं का शुभारंभ हुआ है और शिपिंग सेक्टर्स में हुए लाखों-करोड़ों के एमओयू भी जारी हुए हैं। ये दिखाता है कि भारत के मैरीटाइम सेक्टर पर दुनिया का कितना विश्वास है। उन्होंने कहा कि मरीनटाइम इंडिया विजन के तहत 150 से ज्यादा पहल शुरू की गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप समुद्री क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के प्रमुख बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हो गई है और टर्नअराउंड समय में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि क्रूज पर्यटन ने काफी तेजी पकड़ी है और अंतर्देशीय जलमार्गों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे माल ढुलाई में 700 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि हुई है।*

## स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर एकता परेड की रिहर्सल



जवानों ने दिखाए करतब

**अहमदाबाद।** भारत की एकता और अखंडता के सूत्रधार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात के एकतानगर में भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। बुधवार को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर एकता परेड की रिहर्सल किया गया। रिहर्सल के दौरान कलाकारों ने अलग-अलग प्रस्तुतियां दीं। अलग-अलग राज्यों की झांकियां भी निकाली गईं। जवानों ने मोटरसाइकिल स्टंट शो किया। इसमें खासियत यह रही कि एक बाइक पर 6 जवान थे, जो अलग-अलग धर्मों की वेशभूषा में दिखे। वहीं ऊपर सरदार पटेल की वेशभूषा के साथ एक जवान खड़ा था। सरदार पटेल की 150वीं जयंती 31 अक्टूबर को एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हिस्सा लेंगे।

1 घंटे में 1508 किमी भर सकता है उड़ान

## अमेरिका ने बनाया ध्वनि की गति से तेज उड़ने वाला सुपरसोनिक विमान



एक्स-59 का चित्र

एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया

अमेरिका ने ध्वनि की गति से भी तेज उड़ने वाले एक्स-59 सुपरसोनिक विमान की पहली सफल उड़ान भरके पूरी दुनिया को चौंका दिया है। इसे अब भविष्य की उड़ान कहा जा रहा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और लॉकहीड मार्टिन सोमवार को बड़ा ऐतिहासिक क्षण रचते हुए प्रायोगिक सुपरसोनिक विमान एक्स-59 को पहली सफल उड़ान के गवाह बने। खास बात यह है कि उड़ान भरते समय यह ज्यादा आवाज नहीं करता।

वैज्ञानिकों ने दावा किया कि यह 'शांत' विमान ध्वनि की गति से तेज उड़ान भर सकता है।यह सिंगल-सीटर विमान मच 1.4 (लगभग 937 मील प्रति घंटा) यानि 1508 किलोमीटर प्रतिघंटा की अधिकतम गति तक पहुंच सकता है।

## खालिस्तानी संगठन ने दिलजीत दोसांझ को दे डाली बड़ी धमकी!

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के संगठन, सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने पंजाबी गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ को धमकी दी है। इसके अलावा 1 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया में गायक के होने वाले म्यूजिक कॉन्सर्ट को रद्द करने के लिए कहा है। समूह का आरोप है कि सिंगर के कृत्य से 1984 के नरसंहार पीड़ितों का अपमान हुआ है। संगठन ने दिलजीत दोसांझ के आगामी कॉन्सर्ट को बायकॉट करने की मांग की है।




## युद्धविराम के बावजूद गाजा में मृतकों की संख्या हुई 81

**नई दिल्ली।** गाजा में जारी युद्धविराम के बावजूद इजरायल ने रातभर हवाई में हमला किए। चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, गाजा में रात भर हुए इजराइली हमलों में मरने वालों की संख्या 81 हो गई है। गाजा की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने हमास पर अपने सैनिकों पर हमला करने और अमेरिका द्वारा मध्यस्थता किए गए युद्धविराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। दरअसल, गाजा में हुए हवाई हमले में पहले 30 से ज्यादा लोगों के मौत की खबर आई। उसके बाद कई बच्चों समेत कम से कम 60 लोगों के मारे जाने की खबर थी। अभी भी वहां शांति कोसों दूर है।

## ड्रग माफिया के खिलाफ ब्राजील में बड़ा एक्शन

पुलिस ने ड्रग माफिया के ठिकानों पर हेलिकॉप्टर से किया हमला

# माफिया ने ड्रोन से की बमबारी, 4 पुलिस अफसरों समेत 64 की मौत

एजेंसी ▶▶ रियो डि जेनेरियो

ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में पुलिस ने ड्रग संगठन 'रेड कमांड' के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया है। राजधानी रियो डि जनेरियो में मंगलवार सुबह 2500 पुलिसकर्मियों ने हेलिकॉप्टर से अपराधियों के इलाकों पर छापा मारा। जैसे ही पुलिस की टीमें आगे बढ़ीं, रेड कमांड गैंग के सदस्यों ने फायरिंग शुरू कर दी। अधिकारियों के मुताबिक, गैंग ने सड़कों पर जलते हुए बैरिकेड्स लगाए और ड्रोन से बम गिराए।

◆ *200 किलो से ज्यादा ड्रग्स, कई राइफलें और दूसरे हथियार बरामद, पुलिस ने 80 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया*



गलियों में बिछी लाशें



बड़ी संख्या में हुई गिरफ्तारियां

### समिट से पहले कार्रवाई

यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब अगले कुछ दिनों में रियो में संयुक्त राष्ट्र के जलवायु कार्यक्रमों से जुड़े कई अंतरराष्ट्रीय आयोजन होने वाले हैं। रियो अगले हफ्ते सी40 मेयर समिट और प्रिंस विलियम के अर्थशॉट प्राइज की मेजबानी करेगा। इसमें कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियां शामिल होने वाली हैं। यह आयोजन नवंबर में अमेजन शहर बेलें में होने वाली यूएन की कॉप 30 क्लाइमेट समिट की तैयारियों का हिस्सा है।

### जेल में बनाया रेड कमांड

कमांडो वर्मेल्हो (सीवी) ब्राजील का सबसे पुराना और सबसे ताकतवर अपराधी संगठन है। यह ड्रग और हथियार तस्करी को अंजाम देता है। अंग्रेजी में इसे रेड कमांड कहा जाता है। इसकी स्थापना 1970 के दशक में हुई थी। ब्राजील में सरकार ने वामपंथी विचारधारा वाले नेताओं को जेल भेज दिया था। जेल में इन कैदियों ने आम अपराधियों के साथ मिलकर पुलिस के अत्याचार से खुद बचाने के लिए गठबंधन किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109